आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“आज
* गुरु अर्जुनदेव पुण्यतिथि”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 153 | उज्जैन, गुरुवार 18 जून, 2026 | ज्येष्ठ शुक्ल 4 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com




## देश विदेश

### मेलोनी बोलीं- 1 महीने से सिगरेट नहीं पी, नींद भगाने के लिए कॉफी पीती हूं

**एवियन।** फ्रांस में चल रहे जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान नेताओं की अनौपचारिक बातचीत माइक्रोफोन में रिकॉर्ड हो गई। इन नेताओं को सिगरेट, फुटबॉल, तोहफों जैसी बातों पर हल्के-फुल्के मजाक करते हुए सुना गया। इन सबमें से इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी की सिगरेट छोड़ देने वाली बातचीत की खूब चर्चा हो रही है। दरअसल, बैठक शुरू होने से पहले मेलोनी ने नेताओं से बातचीत में कहा कि आज उन्होंने 3 कप कॉफी पी है। यह सुनकर यूरोपीय यूनियन की चीफ उर्सला वॉन डेर लेयेन ने चौंकते हुए पूछा- क्या आज सुबह, उठने के लिए इस पर जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्त्ज ने मजाक में कहा- और सिगरेट कितनी पी?

### ईरान-यूएस डील पर सस्पेंस ट्रम्प बोले- अभी फाइनल नहीं

**तेल अवीव।** अमेरिका और ईरान के बीच डील पर अभी भी सस्पेंस बना हुआ है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के साथ हुआ समझौता अभी फाइनल नहीं है। जी7 में मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतेह अल-सीसी से मुलाकात के दौरान उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच फिलहाल सिर्फ मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग हुआ है और अभी कई बातें तय होना बाकी हैं। ट्रम्प ने चेतावनी दी कि अगर ईरान समझौते की शर्तों का पालन नहीं करता, तो अमेरिका फिर सैन्य कार्रवाई कर सकता है। उन्होंने कहा, अगर उन्होंने ठीक से व्यवहार नहीं किया, तो हम फिर बम बरसाएंगे। ट्रम्प ने यह भी दावा किया कि ईरान के साथ समझौते से बाजारों में भरोसा बढ़ा है और इसका असर दिखाई दे रहा है।

### सिंगर सोनू निगम की गर्दन की नसें दबीं



**मुंबई।** सिंगर सोनू निगम की गर्दन की नसें दब गई हैं। ये जानकारी सिंगर ने खुद सोशल मीडिया के जरिए दीं और दिखाया कि कैसे वो पट्टियां लगाकर परफॉर्मेंस की तैयारी कर रहे हैं। ये घटना 13 जून की हो। सोनू निगम ने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने कहा, देखिए मेरी नसें दब गई हैं। मैं तो एक हफ्ते से भुगत रहा हूं। एमआरआई, सीटी स्कैन सब हुआ। दवाइयां, फिजियोथैरेपी बहुत थकान का काम है। फिलहाल पेनकिलर्स ले रहा हूं, जिससे गला भी थोड़ा भारी हो गया है। आगे सिंगर ने कहा, 13 जून में एक महीने 10-12 दिन बाद परफॉर्म कर रहा हूं। मेरा कॉन्फिडेंस वैसे भी थोड़ा कम है। नसों को आराम देने के लिए जो दवा ले रहा हूं, उनसे मेरे गले पर असर पड़ा। कोई बात नहीं, भगवान स्टेज पर मुझे शक्ति दे।

### भारत का डिफेंस प्रोडक्शन 1.78 लाख करोड़ हुआ, एक साल में 15.6% बढ़ा

**नई दिल्ली।** भारत का सालाना डिफेंस प्रोडक्शन 2025-2026 में 1.78 लाख करोड़ के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि यह 2024-2025 के 1.54 लाख करोड़ के मुकाबले 15.6% बढ़ा है। वहीं, साल 2020-2021 (84,643 करोड़) के मुकाबले इसमें 110% का भारी उछाल आया है। वित्तीय वर्ष 2013-2014 में देश का स्वदेशी रक्षा उत्पादन 43,746 करोड़ था, जो अब करीब चार गुना बढ़ चुका है। पीएम मोदी ने भी एक्स पर लिखा कि पिछले 12 सालों में आत्मनिर्भरता, तकनीक, इनोवेशन और स्वदेशी मैन्युफैक्चरिंग के दम पर भारत के रक्षा क्षेत्र में एक बड़ा बदलाव आया है। इसके साथ ही रक्षा मंत्रालय ने रक्षा सौदों के साथ भारत के प्रमुख हथियारों की सफलता के बारे में भी बताया।

### अन्नामलाई 14 सितंबर को अपनी पार्टी घोषित करेंगे

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु भाजपा के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व आईपीएस अधिकारी के. अन्नामलाई 14 सितंबर को अपनी नई पार्टी के नाम, नीति और संगठन की घोषणा करेंगे। वे नवंबर-दिसंबर में पूरे राज्य का दौरा करेंगे। अन्नमलाई वी द लीडर आंदोलन के जरिए युवाओं को जोड़ रहे हैं। अपने गृहनगर अरावकुरिची में प्रशिक्षण शिविर शुरू किया है। पार्टी के जिला समन्वयकों में 50 साल से छोटे लोग ही होंगे। अभिनेता से नेता बने सीएम सी. जोसेफ विजय की पार्टी टीवीके ने दलित और अल्पसंख्यक वोटों पर मजबूत पकड़ बनाई है। इसलिए अन्नामलाई गैर-दलित वोट बैंक, विशेषकर ओबीसी, एमबीसी (मोस्ट बैकवर्ड क्लास) और सामान्य वर्ग पर फोकस करेंगे।

महिदपुर कॉलेज प्रांगण में आयोजित आमसभा व सामाकोटा बांध का लोकार्पण करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा

# झारड़ा तहसील के 11 हजार से अधिक किसानों को लाभ मिलेगा

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ महिदपुर**

महिदपुर कॉलेज प्रांगण में आयोजित आमसभा व लोकार्पण समारोह को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि महिदपुर सीमा पर जवान और खेतों में किसान के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 12 वर्षों में जो कार्य हुए हैं, उनसे देश आगे बढ़ रहा है और विश्व में अपनी नई पहचान बना रहा है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में वर्ष 2003 तक प्रदेश में साढ़े सात लाख हेक्टेयर भूमि सिंचित थी, जो बढ़कर 65 लाख हेक्टेयर हो गई है। हमारा लक्ष्य प्रदेश में सिंचाई का रकबा 100 लाख हेक्टेयर तक पहुंचाना है, जिसके लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं। महिदपुर विधानसभा क्षेत्र से बहने वाली छोटी कालीसिंध नदी एवं क्षिप्रा नदी पर बांध बनाए जा रहे हैं। आज 188 करोड़ 42 लाख रुपये की लागत से कालीसिंध नदी पर निर्मित सामाकोटा बांध का लोकार्पण किया गया। इससे 7,236 हेक्टेयर भूमि में पाइपलाइन के माध्यम से



सिंचाई का पानी उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे झारड़ा तहसील के 18 ग्रामों के 11 हजार से अधिक किसानों को लाभ मिलेगा। इसके साथ ही 19 निर्माण कार्यों का भी लोकार्पण किया गया, जिनमें झारड़ा का कॉलेज भवन, सेमल्या एवं महिदपुर रोड के कन्या शाला भवन, स्वास्थ्य केंद्र तथा विद्युत केंद्र शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने अपने उद्बोधन के प्रारंभ में महिदपुर से आत्मीय संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि मोतीपाक एवं मावा बाटी का स्वाद यहां आकर ही लिया जा सकता है। घौंसला का हाट और महिदपुर का हाट प्रसिद्ध है। यहां का इतिहास हजारों वर्ष पुराना है। कृष्ण-सुदामा की शिक्षा स्थली नारायण एवं डोंगला स्थित कर्क रेखा केंद्र का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि आने वाले समय में विश्व का स्टैंडर्ड टाइम यही केंद्र तय करेगा।

उज्जैन सांसद अनिल फिरोजिया ने कहा कि जिले के सर्वाधिक बांध महिदपुर विधानसभा क्षेत्र में हैं। उन्होंने उज्जैन-कोटा नई रेल लाइन की सौगात का उल्लेख करते हुए कहा कि शीघ्र ही उज्जैन क्षेत्र को और नई रेल सेवाएं भी प्राप्त होंगी।

- इतिहास की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सन 1794 का सिंहस्थ उज्जैन में न लगकर माता अहिल्याबाई के वंशज राजपरिवारों द्वारा महिदपुर में संपन्न कराया गया था। सनातन संस्कृति का महिदपुर प्रमुख केंद्र रहा है तथा 1857 का संग्राम भी इसी भूमि पर लड़ा गया था। उन्होंने महिदपुर के टूक व्यवसाय का भी उल्लेख किया।
- मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जिस प्रकार सभी क्षेत्रों में विकास हो रहा है, उससे अब कांग्रेस का शासन पुनः आना दिवास्वप्न मात्र है।
- सभा को संबोधित करते हुए मध्यप्रदेश शासन के जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट ने कहा कि प्रधानमंत्री के संकल्पों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अपने कार्यों के माध्यम से पूर्ण कर रहे हैं। आगामी सिंहस्थ में क्षिप्रा के जल से ही तीर्थयात्रियों को स्नान कराने का संकल्प भी पूर्ण किया जाएगा।

सभा के प्रारंभ में पूर्व विधायक बहादुरसिंह चौहान ने मुख्यमंत्री एवं अन्य अतिथियों का स्वागत किया तथा महिदपुर नगर को सामाकोटा डेम से पेयजल उपलब्ध कराने हेतु फिल्टर प्लांट स्थापित करने, खेड़ाखजुरिया-महिदपुर, महिदपुर रोड स्थित सांदीपनि विद्यालय के नवीन भवन निर्माण, जवासिया-डोंगला-नारायण मार्ग के चौड़ीकरण तथा धूलेश्वर महादेव सवारी के लिए प्रतिवर्ष 25 लाख रुपये की राशि स्वीकृत करने की मांग रखी।

आभार प्रदर्शन ग्रामीण भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश धाकड़ ने किया। सभा में हजारों की संख्या में ग्रामीणजन, महिलाएं, भाजपा कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित थे। साथ ही विधायक खाचरोद-नागदा डॉ. तेज बहादुर सिंह चौहान, पूर्व विधायक मालवीय, जनपद अध्यक्ष, नगर परिषद अध्यक्ष, जिला पंचायत उपाध्यक्ष, सदस्यगण, मंडल अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## उद्धव की पार्टी टूटी, राउत ने प्रेस-कॉन्फ्रेंस में गाली दी

### 9 में से 6 सांसद बागी, 4 साल पहले शिंदे 39 विधायकों के साथ अलग हुए थे

**एजेंसी ▶▶ मुंबई**

महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की शिवसेना के 9 में से 6 सांसदों ने बगावत कर दी है। सूत्रों के मुताबिक, छह सांसदों ने बुधवार सुबह 9.30 बजे लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को शिंदे गुट में विलय के लिए चिट्ठी भेजी। हालांकि, अभी स्पीकर या बागी गुट की तरफ इसकी पुष्टि नहीं की गई है।

बागी सांसदों में नागेश पाटिल आष्टीकर और संजय दीना पाटिल शामिल हैं। संजय ने बुधवार सुबह ही पार्टी छोड़ने की खबरों को खारिज किया था। इस बीच दिल्ली में राज्यसभा सांसद संजय राउत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बागी सांसदों को गाली दी।



राउत ने अभद्रभाषा बोलते हुए कहा ये बेईमान लोग हैं। बेईमानी उनके खून में हैं। राउत ने बाद में सफाई देते हुए कहा- मराठी में ऐसे शब्द आम बोलचाल का हिस्सा हैं। शिवसेना में चार साल में यह दूसरी बड़ी टूट है। जून 2022 में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में 39 विधायकों ने बगावत कर शिवसेना का अलग गुट बनाया था।

#### शिवसेना से पहले आप-टीएमसी के 27 सांसद बागी हुए

पिछले 3 महीने के दौरान विपक्षी गुट के 27 सांसदों ने अपनी पार्टी से बगावत करते हुए भाजपा या एनडीए को समर्थन दिया है। इनमें 7 आप के राज्यसभा सांसद और 20 टीएमसी के लोकसभा सांसद हैं। शिवसेना में टूट की अटकलों के बीच सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी चीफ और यूपी के मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने दावा किया कि समाजवादी पार्टी में बड़ी टूट होने वाली है और पार्टी के कई नेता बीजेपी में शामिल होने के लिए तैयार हैं।

## मानसून कमजोर, देश के 40 प्रतिशत हिस्से में बारिश की कमी

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

जून के तीसरे सप्ताह में भी मानसून देश के बड़े हिस्से को कवर नहीं कर पाया है। 17 जून की सुबह ली गई सैटेलाइट तस्वीरों में महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान और कर्नाटक के ऊपर मानसूनी बादल नहीं हैं। इन राज्यों में आसमान साफ दिख रहा है।

मौसम विभाग के मुताबिक, देश के 723 जिलों में से सिर्फ 103 में ही सामान्य बारिश हुई है। यानी, देश के 40% हिस्से में सामान्य से कम बारिश हुई है। इसकी मुख्य वजह बंगाल की खाड़ी में मजबूत लो-प्रेशर एरिया का न बनना है। 4 जून को केरल में दस्तक देने के बाद मानसून 13 दिन में 19 राज्यों तक पहुंच चुका है। पिछले 7 दिन से यह तेलंगाना के भद्राचलम में अटका हुआ है। इसी वजह से छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में बारिश में देरी हो गई है। मानसूनी बारिश भले ही न हुई हो, लेकिन प्री-मॉनसून एक्टिविटीज और लोकल सिस्टम्स की वजह से देश के अधिकांश राज्यों में पारा 40 डिग्री या इससे नीचे बना हुआ है। मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, गुजरात, बिहार, महाराष्ट्र, तेलंगाना और ओडिशा में हीटवेव से राहत मिली है।

## मानसून सत्र में आएगा यूसीसी का विधेयक

### सीएम बोले: दिवाली तक पूरी तरह से लागू करने की तैयारी

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल**

मध्य प्रदेश की डॉ. मोहन यादव सरकार आगामी मानसून सत्र में समान नागरिक संहिता प्रस्ताव लाने की पूरी तैयारी में है। खुद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस बात की पुष्टि करते हुए बड़ा बयान दिया है। सीएम ने कहा कि इसी मानसून सत्र में यूसीसी का प्रस्ताव विधानसभा में लाया जा रहा है और महाकाल चाहेंगे तो इसी सत्र में यह प्रस्ताव पारित भी हो जाएगा। उत्तराखंड और गुजरात के बाद अब मध्य प्रदेश भी इस कानून को लागू करने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। बता दें कि मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू हो रहा है।

विधानसभा में यूसीसी प्रस्ताव लाने को लेकर भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने भी सरकार के इस कदम का समर्थन किया है। उन्होंने अपने बयान में कहा कि यह पूरे हिंदुस्तान की डिमांड है और यह कानून देश की सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है। इसके साथ ही विधायक रामेश्वर शर्मा ने जोर देकर कहा कि इस कानून के लागू होने से जनसंख्या पर भी नियंत्रण लगेगा। उन्होंने आगे कहा कि देश के कई राज्यों ने इसे लागू करने की पहल की है और अब मध्य प्रदेश में भी इसकी पूरी तैयारी कर ली गई है।

यूपी में शादी की खुशियां मातम में बदलीं

## ट्रैक्टर ने ई-रिक्शा को रौंदा, 6 महिलाओं की दर्दनाक मौत

**एजेंसी ▶▶ बदायूं**

यूपी के बदायूं जिले में एक बेहद दर्दनाक और दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया है। यहां एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर ने सवारियों से भरे ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण दुर्घटना में 6 महिलाओं की जान चली गई है, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। घटना के बाद इलाके में कोहराम मच गया और शादी की खुशियों वाले घर में चीख-पुकार मच गई।



यह दर्दनाक हादसा उझानी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बरेली-मथुरा हाईवे पर हुआ। जानकारी के अनुसार, ई-रिक्शा में सवार सभी महिलाएं एक शादी समारोह के लिए भात मांगने की रस्म के लिए जा रही थीं। इसी दौरान हाईवे पर एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर मौत बनकर आया और उनके ई-रिक्शा को बेरहमी से टक्कर मार दी। हादसे की भयानकता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कई महिलाओं ने मौके पर ही तड़प-तड़प कर दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और राहत व बचाव कार्य शुरू कर दिया। पुलिस ने सभी घायलों को बिना समय गंवाए इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज पहुंचाया और मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी।

टेलीग्राम बैन पर भड़के कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे

# युवाओं का भविष्य ब्लॉक करने वाले शिक्षा मंत्री का इस्तीफा लें पीएम

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने नीट एग्जामिनेशन प्रोसेस मामले में मैसेजिंग ऐप टेलीग्राम को ब्लॉक करने की आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार समस्या का मूल समाधान करने की जगह हताशापूर्ण फैसले ले रही है। जैसे, प्रश्न पत्र के वाहन की सुरक्षा में भारतीय वायुसेना को तैनात करना, डिजिटल प्लेटफॉर्म को ब्लॉक करना और इस पेपर लीक के मामले में मुख्य आरोपी को सुरक्षा प्रदान करना। दुर्भाग्य की बात है कि सिर्फ छोटे मोहरों को भी इस मामले में दबोचा जा रहा है।



#### कांग्रेस सांसद ने एक्स पर किया पोस्ट

राज्यसभा सांसद मल्लिकार्जुन खरगे ने अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पोस्ट पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से इस्तीफा मांगना चाहिए, जिनकी वजह से करोड़ों युवाओं की भविष्य अधर में है। खरगे के मुताबिक, पिछले एक साल में पेपर लीक की 90 घटनाएं प्रकाश में आई हैं। इस वजह से 9 करोड़ युवाओं का भविष्य अंधेरे में हैं, जो मौजूदा समय में सरकारी नौकरियों और अन्य उच्चस्तरीय परीक्षाओं की तैयारियों में जुटे हुए हैं।

#### अपनी हंसती खेलती जिंदगी की चढ़ा दी बलि

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने इन घटनाओं की वजह मानवीय क्षति को भी रेखांकित किया है। उनके मुताबिक, इन घटनाओं की वजह से दर्जनों ने अपनी हंसती खेलती जिंदगी की बलि चढ़ा दी। साथ ही, उन पैरेंट्स को लेकर भी दुख जाहिर किया, जिन्होंने अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए भारी कर्ज लिया था, ताकि वो आगे चलकर नीट, एसएससी, यूजीसी-नीट और सीयूईटी जैसी परीक्षाओं की तैयारी कर सकें। अफसोस की बात है कि वो सिर्फ अपने बच्चों के ख्वाबों को चकनाचूर होते हुए देख रहे हैं।

#### शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग

मल्लिकार्जुन खरगे ने धर्मेंद्र प्रधान को इन घटनाओं का जिम्मेदार ठहराते हुए इस्तीफे की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार शिक्षा के क्षेत्र में भ्रष्टाचार को मिटाने में विफल साबित हुई है। इसी वजह से आज इस तरह की स्थिति पैदा हो चुकी है।

#### आज की तारीख में युवाओं की एक ही मांग

मल्लिकार्जुन खरगे के मुताबिक, आज की तारीख में देश के युवा सिर्फ एक ही मांग कर रहे हैं कि केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा लिया जाए। उन्होंने इस बात जोर देते हुए कहा कि शासन से संबंधित महत्वपूर्ण परीक्षा में विफल साबित हुई है।

#### सीबीएसई रिजल्ट का किया जिक्र

मल्लिकार्जुन खरगे ने हाल ही में सीबीएसई रिजल्ट विवाद का भी जिक्र किया। उन्होंने दावा किया कि स्थिति ऐसी हो चुकी है कि 17-18 साल के बच्चे भी अब विरोध प्रदर्शन करने के लिए मजबूर हो रहे हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने इसे धांधली से भरा हुआ सिस्टम बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि अब स्थिति ऐसी हो चुकी है कि संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) जैसी परीक्षा भी शक के घेरे में आ चुकी है।

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का बुधवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

ठेका एजेंसियों की लापरवाही के कारण अब तक सिंहस्थ निर्माणों में पूर्व में हो चुके हैं हादसे

# मेला अधिकारी ने निर्माण कार्यों में सुरक्षा के लिए फिर चेताया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ निर्माण कार्यों में सुरक्षा को लेकर एक बार फिर से मेला अधिकारी एवं संभागायुक्त ने निर्माण एजेंसियों को चेताया है। उन्होंने निर्माण कार्यों के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन करने की हिदायत दी है। सिंहस्थ 2028 के लिए निर्माण कार्यों के तहत ठेका एजेंसियों की लापरवाही के कारण अब तक करीब 5 मामलों में मजदुर काल कवलित हुए हैं।

सिंहस्थ 2028 के निर्माण कार्यों को तेज गति से पूर्ण करने के लिए सभी एजेंसियां लगी हुई है। निर्माण की ठेका एजेंसियों से इसके तहत गति से कार्य लिया जा रहा है। कुछ निर्माण कार्यों में तो रात्रिकालीन कार्य भी लिया जा रहा है। इसके बावजूद कुछ ठेका एजेंसियां धीमी गति से कार्य कर रही है। कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का भी ध्यान नहीं रखा जा रहा है।

### पांच से अधिक मामलों में ठेका कंपनियों पर लापरवाही के प्रकरण दर्ज



**सुरक्षा मानकों का पालन किया जाए-** संभाग आयुक्त सह सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह मेला कार्यालय में सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा संचालित निमार्णाधीन एवं विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक की थी। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य समय सीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने सभी विभागों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित तरीके से कार्य संपादित करने के निर्देश दिए। वर्तमान वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। साथ ही निर्माण स्थलों पर आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाएं तथा श्रमिकों एवं आमजन की सुरक्षा के लिए सभी निर्माण सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन किया जाए।

### ये हादसे हो चुके हैं

उज्जैन में सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के तहत चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी और लापरवाही के कारण कई गंभीर हादसे हुए हैं। इन घटनाओं में मजदूरों की मौत से लेकर आम नागरिकों के घायल होने के मामले सामने आए हैं। इसके साथ ही, लापरवाही बरतने वाली निर्माण एजेंसियों और ठेकेदारों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त दंडात्मक कार्रवाई भी शुरू की है। शांति पैलेस चौराहे पर ब्रिज निर्माण के दौरान जनवरी 2026 में शांति पैलेस चौराहे के पास बन रहे ओवरब्रिज (पुल) पर काम करते समय सुरक्षा उपकरणों की कमी के कारण एक मजदूर भारी सरियों के नीचे दब गया। लगभग 50 फीट ऊपर सरियों के बीच फंसे इस मजदूर की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम न होने के कारण मौत हो गई। मार्च 2026 में सिंहस्थ से जुड़े आगर रोड चौड़ीकरण के दौरान लापरवाही के चलते एक श्रमिक (मजदूर) को गंभीर करंट लग गया, जिससे अस्पताल में उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के परिजनों और विभिन्न संगठनों ने लापरवाही के खिलाफ आगर रोड पर चक्काजाम कर ठेकेदार पर एफआईआर की मांग की थी।शांति पैलेस के पीछे घाट निर्माण के दौरान एक श्रमिक की मट्टी के अंदर दब कर मौत हो चुकी है। इसी प्रकार बडनगर रोड पर ब्रिज के काम में लगे श्रमिक को कटर मशीन से करंट लगने पर मौत का मामला हो चुका है। इन मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच करते हुए ठेका एजेंसियों पर लापरवाही के तहत मजदूरों की मौत के मामले दर्ज किए हैं।

- **कड़े निर्देश पालन कमजोर-** प्रशासन ने सभी ठेकेदारों और निर्माण कंपनियों को स्पष्ट चेतावनी दी है कि वे कार्यस्थल पर बैरिकेडिंग, रिफ्लेक्टर, और मलबे की समय पर सफाई सुनिश्चित करें, अन्यथा उनके टेंडर निरस्त कर ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद भी देखने में आ रहा है कि ठेकेदार बराबर लापरवाही बरत रहे हैं।
- **लापरवाही पर चलेगा प्रशासनिक डंडा-** बार-बार हो रहे हादसों को रोकने के लिए उज्जैन कलेक्टर और नगर निगम आयुक्त ने पुलिस विभाग के साथ मिलकर निर्माण कार्यों के लिए नए कड़े दिशा-निर्देश जारी किए हैं:

**संज्ञेय अपराध की श्रेणी-** यदि किसी भी सिंहस्थ निर्माण स्थल पर उचित बैरिकेडिंग, रिफ्लेक्टर लाइट, या सुरक्षा घेरा नहीं पाया जाता है, तो उसे आम जनता की जान जोखिम में डालने का संज्ञेय अपराध माना जाएगा। दुर्घटना न होने पर भी ठेकेदार पर केस दर्ज हो सकता है।

**निगम की शिकायत पर तुरंत एफआईआर-** नगर निगम के जोनल अधिकारी प्रतिदिन अपनी रिपोर्ट सौंपेंगे। यदि कोई ठेकेदार तय समय में सड़क से मलबा नहीं हटाता या खोदे गए गड्ढे को खुला छोड़ता है, तो निगम सीधे थाने में नामजद एफआईआर दर्ज कराएगा।

**ब्लैकलिस्टिंग की प्रक्रिया-** जिन ठेकेदारों या कंपनियों के खिलाफ कार्यस्थल पर लापरवाही के कारण एक भी एफआईआर दर्ज होगी, उन्हें सिंहस्थ 2028 की सभी आगामी निविदाओं से तत्काल प्रभाव से ब्लैकलिस्ट (प्रतिबंधित) कर दिया जाएगा।

## एक वो हैं और एक हम हैं

धर्मनगरी देश के 12 में से प्रथम स्थान पर मान्यता रखती है। चौतरफा न्याय के लिए जानी जाती है। हाल ही में धर्ममास में धर्म के लिए जमकर श्रद्धालु यहां जूटे। अमावस्या पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु एवं धर्मालु धर्मनगरी में आए। मंदिर में दर्शन करने वालों की संख्या 2.5 लाख को पार कर गई। दान पेटियों में जमकर दान आया। शहर में छोटे मोटे व्यवसाय में भी रंगत आ गई। धर्म के साथ जमकर धन की वर्षा भी हुई लेकिन इन सब के बीच विकृतियों की स्थिति कैसी-कैसी रही है वह भी जान लीजिए। नगर सेवा में लगे आवागमन के साधन में जमकर श्रद्धालुओं से लूट हुई। खान पान में मुठ्ठी भर पोहा दिया और 20 रूपए तक वसूले गए। कट चाय के 10 रूपए वसूले गए। होटलों में किराया डेढ़ा हो गया। मंदिर में दर्शन करने आने वाले बाहरी श्रद्धालुओं से मनमानी वसूली के हाल कायम हो गए। आरती के नाम पर बाहरी श्रद्धालुओं के साथ आए दिन लूटपाट, धोखाधड़ी की जा रही है। अन्यानेक प्रकरण वर्दी के पास लंबित हैं। चालान लंबित हैं। एक तरफ ये विकृति है तो दूसरी तरफ साल भर में एक बार दर्शन देने वाले बर्फानी बाबा के रास्ते में वहां के लोग देश भर के श्रद्धालुओं धर्मालुओं का पलक पावड़े बिछाकर इंतजार कर रहे हैं। अभी से उन्होंने कई सारी घोषणाएं धर्मालुओं श्रद्धालुओं दर्शनार्थियों के लिए कर दी है। 3 जुलाई से शुरू होने वाली तीर्थयात्रा के लिए वहां की रेस्टोरेंट एसोसिएशन और टूर ऑपरेटरों ने पूरी यात्रा के दौरान 50% छूट की घोषणा की है। भारी डिस्काउंट के साथ यात्रियों को इस बार बाबा परिवार के साथ पूरे आकार में नजर आ रहे हैं। जहां से 370 हटाई गई है उस पूरे क्षेत्र में होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन और होटलियर्स क्लब जैसे प्रमुख व्यापारिक संगठनों ने मिलकर यह पहल की है। दरअसल, इस यात्रा को दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण तीर्थयात्राओं में से एक माना जाता है। वहां के लोग खासकर पर्यटन क्षेत्र से जुड़े लोग इस तीर्थयात्रा का बेसब्री से इंतजार करते हैं, क्योंकि इससे उन्हें रोजगार मिलता है। यही हाल हमारे यहां है कि बाबा के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालु, तीर्थयात्री, धर्मालुजनों के कारण आज शहर आर्थिक रूप से दौडने की स्थिति में आ गया है जो कि कुछ साल पूर्व तक चलने में भी असमर्थ हुआ जा रहा था। वहां भी यही कुछ रहा है। वे तीर्थयात्रियों की संख्या बढ़ाने के लिए इस साल 50% छूट की कर रहे हैं और हमारे यहां प्रति दिन आ रहे लाखों श्रद्धालुओं, धमार्लुओं, तीर्थयात्रियों को हम क्या दे रहे हैं, मंदिर से श्रद्धालुओं का मुंह मीठा करने के लिए दी जाने वाली चिरोंजी की प्रसादी भी हम बंद कर चुके हैं। वहां स्थानीय लोगों से सरकार आग्रह कर रही है कि वे आने वाले धर्मालुओं, तीर्थाटनी के साथ ब्रांड एंबेसडर जैसा व्यवहार करें, उनका अच्छे से स्वागत-सत्कार करें और यह सुनिश्चित करें कि वे उनके बारे में अच्छी बातें और गर्मजोशी भरे स्वागत की यादें साथ लेकर वापस हों। एक हम हैं कि श्रद्धालुओं को मतलबी व्यवहार दे रहे हैं। फूल प्रसाद से लेकर कुंम-कुंम मेहंदी तक मनमाने दाम पर टिका रहे हैं। आरती की अनुमति के नाम पर कतिपय लोग देश भर से आने वाले श्रद्धालुओं को चूना लगा रहे हैं। स्टेशन और बस स्टैंड से ही श्रद्धालुओं को घेर कर उन्हें जहां ठहरा रहे हैं वहां से कमीशन कमा रहे हैं। खुसूर-फुसूर है कि यही हाल रहे तो एक वो थे और एक हम हैं कि स्थिति बनने में देर नहीं लगेगी,चाहे उसके लिए आप शहर का कितना भी विकास कर लिजिए नैतिकता के अभाव में सब बेमानी साबित होने में देर नहीं लगेगी।





# इस साल जितने जामुन तीन दशकों में कभी नहीं देखे

## गर्मी में जामुनों का ढेर, प्रकृति की तरफ से आने वाले सूखे की चेतावनी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

जामुनों की जैसे बाढ़ आ गई है। जिन पेड़ों पर पिछले साल गिने-चुने फल आए थे, वे पेड़ भी इस बार जामुनों से लदे हैं। जिन पेड़ों पर फल आए थे, वहाँ तो जामुनों का ढेर लग गया है।

ये आखिर हो क्या रहा है हमारी दादी बस यही कहती थीं कि जिस गर्मी में जामुनों का ऐसा ढेर लगता है, उस साल सूखा पड़ता है। दादी का ये पारंपरिक ज्ञान वनस्पति विज्ञान के हिसाब से बिल्कुल सही और सटीक है। विज्ञान में इस दिलचस्प और उतनी ही चौंकाने वाली प्रक्रिया को मास्टिंग या स्ट्रेस फ्रूटिंग कहा जाता है। पेड़ों द्वारा खुद को झोंककर ज्यादा से ज्यादा फल देने की इस आखिरी कोशिश को कभी-कभी सुसाइड फ्रूटिंग या बंपर क्रॉप भी कहते हैं।

ये आखिर है क्या और इसके पीछे का विज्ञान क्या कहता है, इसे आसान भाषा में समझते हैं:

**सर्वाइवल इंस्टिंक्ट- अस्तित्व की लड़ाई :** जैसा प्रोफेसर मैडम ने बताया, ये प्रकृति का अपने जीन आगे बढ़ाने का नियम है। जब पेड़ को जमीन के नीचे पानी की कमी महसूस होने लगती है या मौसम में बड़े बदलावों के संकेत मिलते हैं, तो पेड़ डिफेंस मोड में चला जाता है। पेड़ को आभास हो जाता है कि शायद वो आगे जी न पाए। ऐसे समय में खुद को बचाने के



बजाय, अपनी प्रजाति को धरती पर बनाए रखने के लिए पेड़ अपनी पूरी ऊर्जा बीज यानी फल बनाने में लगा देता है।

**नई पत्तियों-डालियों पर रोक :** ऐसे साल में पेड़ नई पत्तियाँ फूटना या डालियाँ बढ़ाना पूरी तरह रोक देता है। क्योंकि नई पत्तियों को जिंदा रखने के लिए ज्यादा पानी और पोषण चाहिए। पेड़ वो ऊर्जा बचाकर सिर्फ और सिर्फ जामुन का उत्पादन बढ़ाने पर लगाता है। इसी वजह से पिछले साल जिन पेड़ों पर थोड़े-बहुत फल थे, वे भी इस साल फलों से भर गए हैं।

### दादी की भविष्यवाणी और विज्ञान- सूखे से संबंध

दादी का अवलोकन बिल्कुल सटीक है, क्योंकि पेड़-पौधे मौसम में बदलाव को इंसानों से कहीं पहले और ज्यादा संवेदनशीलता से पहचानते हैं। जामुन की जड़ तप जड़ होती है, जो जमीन की काफी गहराई तक जाती है। जब भूजल का स्तर बहुत ज्यादा नीचे चला जाता है, तभी इन जड़ों को तनाव महसूस होता है। यही पानी का तनाव आने वाले सूखे या कड़ी गर्मी का संकेत होता है इसलिए, जिस साल गर्मी में जामुनों का ऐसा अभूतपूर्व ढेर लगता है, वो प्रकृति की तरफ से आने वाले सूखे समय की चेतावनी होती है।

### संक्षेप में कहें तो...

जामुन का पेड़ आत्महत्या नहीं कर रहा, बल्कि अपना बलिदान देकर अपनी अगली पीढ़ी यानी बीजों को जन्म देने की कोशिश कर रहा है। प्रकृति का ये चक्र वाकई हैरान करने वाला है। दादी का पीढ़ियों पुराना अवलोकन और विज्ञान के सिद्धांत यहाँ बिल्कुल मिल जाते हैं। इस साल जामुन का स्वाद जरूर लें, लेकिन प्रकृति के इस सूखे के संकेत को गंभीरता से लें और पानी व संसाधनों का इस्तेमाल सोच-समझकर करें, यही इससे समझ आता है!

## फ्रीगंज टावर चौक से पुल की तरफ जाने वाले मार्ग पर रोज लग रहा जाम



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

फ्रीगंज टावर चौक से ग्रांड होटल, फ्रीगंज पुल होते हुए चामुंडा माता मंदिर की ओर जाने वाले मार्ग पर इन दिनों प्रतिदिन यातायात जाम की स्थिति बन रही है। ब्रिज निर्माण कार्य के चलते पुल से जीरो पॉइंट की ओर जाने वाला एक तरफ का मार्ग बंद कर दिया गया है, जिसके कारण दोनों दिशाओं के वाहन एक ही मार्ग से गुजर रहे हैं। इससे इस क्षेत्र में यातायात का दबाव काफी बढ़ गया है।

- **रोज वाहन हो रहे आमने-सामने, बढ़ रहा विवाद-** एक ही सड़क पर दोनों तरफ से वाहनों के आवागमन के कारण अक्सर वाहन चालक आमने-सामने फंस जाते हैं। कई बार वाहन आपस में टकरा भी जाते हैं, जिससे विवाद की स्थिति निर्मित हो जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मार्ग पर फैली अव्यवस्था को सुधारने के लिए कोई प्रभावी व्यवस्था नहीं की जा रही है।
- **सड़क चौड़ीकरण के कारण बढ़ा दबाव-** शहर में चल रहे सड़क चौड़ीकरण कार्यों के चलते कई मार्गों पर आवागमन बंद है। ऐसे में जिन प्रमुख मार्गों पर यातायात चालू है, वहां वाहनों का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। फ्रीगंज टावर चौक से पुल मार्ग भी ऐसे ही प्रमुख मार्गों में शामिल है, जहां पूरे दिन वाहनों की लंबी कतारें देखी जा सकती हैं।
- **महापौर बंगला मार्ग पर भी बिगड़ी व्यवस्था-** चामुंडा माता क्षेत्र से फ्रीगंज की ओर आने वाले वाहन सीधे टावर चौक की तरफ निकल रहे हैं। वहीं महापौर बंगला मार्ग पर भी यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। वाहन चालक जल्द निकलने की कोशिश में कहीं से भी वाहन घुसा देते हैं, जिससे जाम की स्थिति और गंभीर हो जाती है। प्रभावित मार्गों पर यातायात कर्मियों की तैनाती बढ़ाई जाए तथा वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था कर यातायात को सुचारु बनाया जाए।

फिर बजेंगी शहनाइयां शुरू होंगे मांगलिक कार्य

# आज गुरु पुष्य नक्षत्र में खरीदारी का विशेष संयोग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सोमवती अमावस्या के साथ ज्येष्ठ अधिकमास का समापन हो गया है। इसके साथ ही बुधवार से विवाह, सगाई, गृह प्रवेश और अन्य शुभ मांगलिक कार्यों पर लगी रोक भी समाप्त हो गई। लंबे अंतराल के बाद एक बार फिर शुभ आयोजनों की रौनक लौटेगी और शहर में शहनाइयों की गूंज सुनाई देने लगेगी।

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार 18 जून, गुरुवार को गुरु पुष्य नक्षत्र का दुर्लभ संयोग बन रहा है, जिसे खरीदारी के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। इस दिन सोना-चांदी, आभूषण, वाहन, भूमि-भवन और इलेक्ट्रॉनिक सामान की खरीद विशेष फलदायी मानी गई है। व्यापारिक प्रतिष्ठानों में भी इस दिन ग्राहकों की अच्छी भीड़ रहने की संभावना है। विशेषज्ञों का कहना है कि गुरु पुष्य नक्षत्र को नक्षत्रों का राजा माना



जाता है। मान्यता है कि इस योग में खरीदी गई वस्तुएं स्थायी सुख-समृद्धि प्रदान करती हैं। यही कारण है कि लोग इस दिन निवेश और बड़ी खरीदारी को प्राथमिकता देते हैं। इस बार गुरु पुष्य नक्षत्र के साथ सर्वार्थसिद्धि योग का भी शुभ संयोग बन रहा है। ज्योतिष मान्यताओं के अनुसार इस योग में किए गए शुभ कार्य सफलता और मंगल परिणाम देने वाले माने जाते हैं। अधिकमास की समाप्ति और इन शुभ योगों के कारण आगामी दिनों में विवाह समारोहों, धार्मिक आयोजनों और खरीदारी गतिविधियों में तेजी देखने को मिलेगी।

### आयुर्वेद चिकित्सालय में स्वर्णप्राशन कार्यक्रम आज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शासकीय धन्वन्तरि आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. जे.पी. चैरसिया ने बताया कि चिकित्सालय के शिशु एवं बालरोग विभाग के अंतर्गत 18 जून गुरूवार को जन्म से लेकर 10 वर्ष तक के बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया जाएगा।

बाल रोग चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. गीता जाटव ने बताया कि शिशु के बुद्धि व बलवर्धन तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिये एवं बार-बार होने वाले संक्रामक रोगों से बचाव के लिए अपने बच्चों का स्वर्णप्राशन अवश्य करावे आयुर्वेद के ग्रन्थों में बच्चो के स्वास्थ्य संवर्धन के लिये स्वर्णप्राशन का अत्यधिक महत्व बताया गया है। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी डॉ. प्रकाश जोशी ने दी।

## उपवन में शौचालय की गंदगी के प्रति नगर निगम के जिम्मेदारों का उपेक्षित रवैया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

स्वच्छता के स्लोगन जितने सुंदर लिखकर नगर निगम के द्वारा स्वच्छता का संदेश प्रचारित किया जाता है नगर निगम के जिम्मेदार उसमें से कुछ प्रतिशत लोग अपनी जिम्मेवारी निभा ले तो आमजन गंदगी देखकर व्यवस्था की आलोचना करने के बजाय सराहना करते नजर आये।

शहर के प्रसिद्ध इस्कॉन मंदिर के पीछे स्थित राजीव गाँधी उपवन में यहाँ आने वाले कुछ जागरूक नागरिक समय-समय पर इन जिम्मेदारो को समस्याओ से बारबार अवगत नही कराये तो शायद इस उपवन की दुर्दशा होने में कोई ज्यादा समय नहीं लगे। एस उपवन में इस्कॉन मंदिर में देश के विभिन्न हिस्सों से दर्शन करने आए लोग भी पहुंचते हैं लेकिन यहां शौचालय की दुर्दशा देखकर वह भी बुरी याद लेकर जाते हैं।



### शौचालय की दुर्दशा

- पिछले लंबे समय से यहाँ के शोचालय में बने पुरुष मूत्रालय में कोई नागरिक पहुंचता है तो बाहर आकर आपबीती सुनाने की हिम्मत नही करता है क्योंकि निकास पाईप ज्वाईंट से निकलकर अलग हो रहे है इस संबंध में जागरूक नागरिकों ने संबधितो को कई बार अवगत कराया लेकिन समस्या यथावत है।
- यहाँ उल्लेखनीय है कि यही लगाये गये व्यायाम उपकरणो के खराब होने की दशा में यहाँ आने वाले नागरिक अर्थ सहयोग कर सुधरवा देते है इस उपवन में आस-पास व्की कालोनीयो ऋषि नगर, महाकाल वाणिज्य, महाश्वेता नगर महानंदानगर, महाशकितनगर आदि के नागरिक यहां की बेहतरीन हरियाली देखने और हल्के व्यायाम करने के लिये बड़ी संख्या में आते है।

## न्यूज कॉलम

### नि :शुल्क आयुर्वेद और होम्योपैथी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया

**उज्जैन।** श्रीमान जिला आयुष अधिकारी महो. उज्जैन के निर्देशन में शासकीय आयुष विंग आयुर्वेदिक/होम्योपैथी आनंद भवन वेद नगर उज्जैन द्वारा निःशुल्क आयुर्वेद/होम्योपैथी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें ग्रीष्म /वर्षा ऋतु में होने वाले रोगों से बचाव व घरेलू उपायों व दैनिक जीवन चर्या में योग-आसन व स्वस्थ आहार विहार के बारे में जानकारी दी गई शिविर में पधारे सभी सम्माननीय जनों को 21/06/2026 को आने वाले अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस पर सपरिवार व मित्रों सहित अधिक से अधिक योग कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए प्रेरित किया गया शिविर स्थल स्थानीय महाश्वेता नगर श्री राम जानकी मंदिर प्राँगण उज्जैन शिविर में डॉ. अमर राठौड़ होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी आयुष विंग होम्योपैथी विंग उज्जैन व डॉ. निमिषा शर्मा आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी आयुष विंग आयुर्वेद उज्जैन तथा मुकेश परमार यूनानी दवासाज उज्जैन ने सेवाएं प्रदान की। शिविर मंगलवार को आयोजित किया गया।



मप्र वक्फ बोर्ड ने किया एक पौधा अपने बुजुर्गों के नाम अभियान का शुभारंभ

# प्रदेशभर में 5 लाख पौधे रोपित करने का लक्ष्य

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के समक्ष रविन्द्र भवन, भोपाल में आयोजित छात्रवृत्ति वितरण समारोह के दौरान की गई घोषणा अनुसार मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड द्वारा प्रदेशव्यापी वृक्षारोपण अभियान एक पौधा अपने बुजुर्गों के नाम का शुभारंभ 17 जून 2026 से किया गया।

अभियान का शुभारंभ मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड के माननीय अध्यक्ष डॉ. सनवर पटेल के मुख्य आतिथ्य में भोपाल से किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण में वृद्धि तथा समाज में अपने पूर्वजों एवं बुजुर्गों के प्रति सम्मान की भावना को प्रोत्साहित करना है।





मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड द्वारा प्रदेश की वक्फ संपत्तियों, मस्जिदों, कब्रिस्तानों, मदरसों एवं अन्य संस्थानों में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत प्रदेशभर में 5 लाख पौधे रोपित किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बोर्ड ने सभी वक्फ प्रबंध समितियों, मुतवल्लियों एवं समाज के जिम्मेदार नागरिकों से अपने बुजुर्गों की स्मृति में कम से कम एक पौधा लगाने तथा उसके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया है।

मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड ने सभी जनप्रतिनिधियों, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों, पर्यावरण प्रेमियों, वक्फ प्रबंध समितियों तथा आम नागरिकों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर इस जनहितैषी एवं पर्यावरण संरक्षण अभियान को सफल बनाने की अपील की है।

**PRASHANTI INSTITUTE OF MANAGEMENT, UJJAIN**

***VACANCY***

(Under College Code 28 of SamratVikramadityaVishwavidyalaya, Ujjain)

***Join our prestigious team and shape the leaders of tomorrow***

| Teaching Position | Eligibility |
|---|---|
| Director, Professor, Associate Professor, Assistant Professor | As per UGC/ AICTE/ Govt. of M.P. norms. **Salary-** As per norms |
| **Non-Teaching Position** | **Eligibility** |
| Librarian, Office Admin, Office Assistant, Computer Lab I/C | As per norms |

Send your complete CV along with self-attested copies of all qualification,experience and photograph etc. to **TheRegistrar, Prashanti Institute of Management,** Village- Gangedi, Near MahaveerTapobhumi, Indore Road, Ujjain or Email to **hr@prashantiinstitute.com, registrar@prashantiinstitute.com** within 07 days of publication of this advertisement.**Contact- 9826024755, 8319960943**

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार
सब पे नज़र, सबकी ख़बर
# दैनिक अवन्तिका



## न्यूज ब्रीफ

### नीट परीक्षा की सुरक्षा एवं संचालन को लेकर तैयारियों की समीक्षा

**भोपाल।** प्रदेश में 21 जून 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा के सुरक्षित, पारदर्शी एवं निष्पक्ष संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाणा ने सभी पुलिस अधीक्षकों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। बैठक में परीक्षा से संबंधित संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था, अंतर-विभागीय समन्वय, साइबर निगरानी, प्रश्नपत्रों की सुरक्षा तथा परीक्षा केंद्रों की व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने कहा कि परीक्षा की विश्वसनीयता बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा प्रश्नपत्रों के प्राप्त होने से लेकर उनके सुरक्षित भंडारण, परीक्षा केंद्रों तक परिवहन, परीक्षा संपन्न होने के बाद उत्तर पुस्तिकाओं एवं सामग्री की सुरक्षित वापसी तक संपूर्ण प्रक्रिया को पूर्णतः सुरक्षित एवं त्रुटिरहित बनाए रखा जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या सुरक्षा में चूक की कोई गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि परीक्षा की संवेदनशीलता को देखते हुए सभी जिलों में पुलिस, जिला प्रशासन, राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (ठळअ), शिक्षा विभाग, बैंकिंग संस्थाओं तथा अन्य संबंधित एजेंसियों के बीच प्रभावी समन्वय सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी पुलिस अधीक्षक 20 जून तक परीक्षा केंद्रों, प्रश्नपत्र भंडारण स्थलों एवं संबंधित बैंकों का स्वयं निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का परीक्षण करें।

### आत्मनिर्भरता नारा नहीं बल्कि एक मिशन है- संभागायुक्त


**इंदौर।** संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े की अध्यक्षता में मंगलवार को मध्यप्रदेश इंडस्ट्रीयल डेव्हलपमेंट कॉर्पोरेशन एवं डिपार्टमेंट ऑफ डिफेंस प्रोडक्शन के संयुक्त प्रयासों से डिफेंस मन्युफेक्चरिंग आत्मनिर्भरता विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में एम.पी.आई.डी.सी. के कार्यकारी संचालक श्री हिमांशु प्रजापति, एयर मॉर्शल श्री विभास पाण्डे, मेजर जनरल एस.के. श्रीवास्तव, कर्नल श्री राकेश सिसोदिया एवं इण्डो जर्मन टूल रूम के मैनेजर श्री अनिल, डॉ. डी.वी. रोटेला उपस्थित थे। जनरल डिपार्टमेंट ऑफ डिफेंस प्रोडक्शन के डेप्यूटी डायरेक्टर अनिल राय वर्चुअली जुड़े। कार्यशाला में एम.एस.एम.ई., स्टार्टअप, शिक्षा संस्थान, रिसर्च इंस्टीटयूट, औद्योगिक संगठन आदि के 100 से अधिक प्रतिनिधि उपस्थित थे। इस कार्यशाला में रक्षा मंत्रालय के कार्यक्रम में स्टेज-3 लेवल का कन्सलटेशन प्रोग्राम है, जिसमें मध्यप्रदेश को को-लीड स्टेट चुना गया है।

### माथे पर त्रिपुंड और महाकाल का नाम लिखा था, पुणे से हिंदू युवती के साथ आया था

# महाकाल मंदिर आए मुस्लिम युवक को आधार कार्ड देखकर पीटा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन स्थित महाकालेश्वर मंदिर में भस्मारती की कतार में लगे एक मुस्लिम युवक के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद पुलिस ने युवक को सुरक्षित निकाला। घटना 16 और 17 जून की दरमियानी रात 2 बजे हरसिद्धि चौराहे की है।



पुलिस के अनुसार, पिंपरी (पुणे) का रहने वाला 26 वर्षीय सरफराज शेख एक हिंदू युवती के साथ उज्जैन दर्शन के लिए आया था। रात करीब 2 बजे दोनों महाकाल मंदिर की चलित भस्मारती में शामिल होने के लिए कतार में लगे थे। युवक के माथे पर 'महाकाल' का नाम लिखा हुआ था। उसने चंदन का त्रिपुंड भी लगा रखा था।

#### आधार कार्ड देखने के बाद भड़का विवाद

कतार में खड़े होने के दौरान बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को युवक पर संदेह हुआ। उन्होंने उसका आधार कार्ड चेक किया तो उसके मुस्लिम होने की बात सामने आई। पहचान उजागर होते ही वहां मौजूद कुछ लोग भड़क गए। हंगामा शुरू हो गया। देखते ही देखते युवक के साथ मारपीट शुरू हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, युवक लगातार खुद को छोड़ने की गुहार लगाता रहा, लेकिन किसी ने उसकी बात नहीं सुनी। इस हंगामे के कारण कतार में लगे अन्य श्रद्धालुओं के बीच भी अफरा-तफरी मच गई।

#### सोशल मीडिया पर डाला वीडियो

मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया और उसे सोशल मीडियो पर डाल दिया। महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने कहा- युवक को सुरक्षित लाकर उससे पूरी घटना की पूछताछ की गई है। फिलहाल, किसी भी पक्ष की ओर से पुलिस में कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। एहतियात के तौर पर युवक और युवती, दोनों के परिजनों को उज्जैन बुलाया गया है। लिखित शिकायत मिलने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### चार युवकों ने रोकी कार, नहीं रुकी तो बरसाए पत्थर

# उज्जैन में महामंडलेश्वर ज्ञानदास की कार पर पथराव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में श्री पंच निमोर्ही अणि अखाड़े के महामंडलेश्वर ज्ञानदास महाराज की कार पर मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात अज्ञात युवकों ने हमला कर दिया। घटना में महामंडलेश्वर बाल-बाल बच गए, हालांकि उनकी कार के कांच टूट गए। मामले की शिकायत महाकाल थाने में दर्ज कराई गई है। ऐसे में अब पुलिस जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार सदावल रोड स्थित आश्रम में रहने वाले महामंडलेश्वर ज्ञानदास महाराज मंगलवार देर रात करीब 12:30 बजे अपनी स्कॉर्पियो (एमपी-13 जेडडी-8717) से देवास से लौटकर सदावल आश्रम जा रहे थे। हनुमानगढ़ी क्षेत्र के पास कुछ अज्ञात युवकों ने उनकी कार को रोकने की कोशिश की।






महामंडलेश्वर के अनुसार जब वाहन नहीं रोका गया तो युवकों ने कार पर पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। अचानक हुए पथराव से स्कॉर्पियो के आगे के कांच टूट गए। महामंडलेश्वर ने कहा, दुखी मन से कहना पड़ रहा है कि यदि लगातार इस तरह की घटनाएं होती रहीं तो मुझे किसी दूसरे तीर्थ में जाकर बसना पड़ेगा या फिर भू-समाधि लेनी पड़ेगी।

मुझे लगातार परेशान किया जा रहा है। महामंडलेश्वर ज्ञानदास ने बताया कि हमला करने वाले चार लोग थे। पहले उन्होंने कार रुकवाने का प्रयास किया और बाद में पथराव कर दिया। हालांकि अंधेरा होने के कारण हमलावरों की पहचान नहीं हो सकी। घटना के बाद वे सीधे महाकाल थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई।

### पानी विवाद में भाजपा नेताओं के बीच विवाद, दोनों पक्षों ने लगाए एक-दूसरे पर आरोप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

शहर के एक क्षेत्र में पानी भरने को लेकर शुरू हुआ विवाद अब भाजपा संगठन तक पहुंच गया है। भाजपा के मंडल महामंत्री केशव मीणा और क्षेत्रीय पार्षद मलखान कटारिया ने एक-दूसरे पर अभद्रता और मारपीट के आरोप लगाए हैं। मामले को लेकर भाजपा संगठन में भी चर्चा तेज हो गई है। जानकारी के अनुसार दोनों पक्षों के बीच मेडिस्टा हॉस्पिटल के सामने रिंग रोड क्षेत्र में पानी भरने को लेकर विवाद हुआ था घटना के बाद भाजपा मंडल महामंत्री केशव मीणा ने नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा को संबोधित एक पत्र जारी कर पार्षद मलखान कटारिया के खिलाफ संगठनात्मक कार्रवाई की मांग की है। अपने पत्र में केशव मीणा ने आरोप लगाया है कि क्षेत्रीय पार्षद मलखान कटारिया ने उनके, उनके पिता तथा परिवारजनों के साथ अभद्र व्यवहार और गाली-गलौज की। उन्होंने दावा किया कि विरोध करने पर पार्षद अपने समर्थकों के साथ पहुंचे और मारपीट की घटना हुई। मीणा का कहना है कि उनके पास घटना से संबंधित चिकित्सीय दस्तावेज एवं अन्य साक्ष्य मौजूद हैं। पत्र में उन्होंने संगठन से निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की मांग करते हुए कहा है कि भाजपा की पहचान अनुशासन, संस्कार और कार्यकर्ता सम्मान से है तथा किसी भी जनप्रतिनिधि का आचरण संगठन की मयार्दाओं के अनुरूप होना चाहिए।




स्वस्थ आयु के लिए योग

12वाँ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

21 जून को प्रात: 5 बजे से कोलकाता, पश्चिम बंगाल में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में सहभागिता हेतु आप सादर आमंत्रित हैं।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के साथ कोलकाता से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 मनाएं।
अपने नजदीकी आयोजन स्थल से मुख्य कार्यक्रम में लाइव जुड़ें या अपने घर से वर्चुअली भाग लें,
और स्वास्थ्य,कल्याण व खुशहाली के इस राष्ट्रव्यापी अभियान का हिस्सा बनें।

हर पीढ़ी के स्वास्थ्य और कल्याण का उत्सव

moayush | ministryofayush | ministryofayushofficial

CBC 17201/13/0008/2627

## न्यूज कालम





## लायंस क्लब में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का सफल आयोजन

**सनावद।** लायंस स्कूल गौतमपुरा में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट जीएमटी कॉर्डिनेटर ला. अनिता भागचंद जैन और फैकल्टी डिस्ट्रिक्ट जीएमटी कॉर्डिनेटर महिला एवं परिवार ला.डॉ. सरोज थी।कार्यक्रम में बच्चों के विकास हेतु विभिन्न प्रभावी तरीकों पर चर्चा की गई। कहानी के माध्यम से शिक्षण, खेल-खेल में सीखना, विद्यार्थियों को प्रेरित करना तथा उनकी प्रतिभाओं को विकसित करने के अनेक नवाचारों की जानकारी दी गई। जैन ने लायंस क्लब संगठन की सेवा गतिविधियों की जानकारी देते हुए सभी को लायंस परिवार से जुड़कर समाजसेवा में सहभागी बनने का आह्वान किया और शिक्षकों को लायंस इंटरनेशनल से जोड़ा। उन्होंने इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि लायनिज्म का उद्देश्य समाज की निःस्वार्थ सेवा है। उन्होंने शिक्षकों को प्रेरित किया कि वे इस सेवा भावना से जुड़कर लायंस इंटरनेशनल की सदस्यता वृद्धि में योगदान दें। उन्होंने कहा कि लायंस इंटरनेशनल का मूल मंत्र – केवल एक नारा नहीं, बल्कि सेवा और मानवता का जीवंत दर्शन है।शिक्षक समाज के निमार्ता होते हैं, और जब वे लायनिज्म से जुड़ते हैं, तो शिक्षा और सेवा का संगम समाज को नई दिशा देता है।

## नगर पालिका बड़वानी द्वारा लगाया गया जनकल्याण शिविर

**बड़वानी ।** शासन के निदेर्शानुसार दिनांक 12 जून 2026 से 18 जून 2026 की अवधि में प्रत्येक नगरीय निकाय मुख्यालय पर जनकल्याण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज दिनांक 15 जून (सोमवार) को नगर पालिका परिषद बड़वानी में आयोजित जनकल्याण शिविर में केन्द्र एवं राज्य शासन की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं के अंतर्गत नागरिकों को लाभान्वित किया गया। शिविर में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत 3 हितग्राहियों को ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त संबल योजना का 1 आवेदन प्राप्त किया गया, 2 जन्म प्रमाण-पत्र वितरित किए गए तथा 1 हितग्राही को पेंशन स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। साथ ही वार्ड क्रमांक 3 के पार्षद श्री मोहन बामनिया द्वारा हितग्राहियों को जलकर नो-ड्यूज प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। शिविर में उपस्थित नागरिकों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहायता उपलब्ध कराई गई।

## पीएम श्री शा. उ .मा.वि. अजयपुर में प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम आयोजित




**सुवासरा।** समीप ग्राम अजयपुर में अजयपुर के अंतर्गत पीएम श्री शा. उ .मा.वि. अजयपुर में प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें ग्राम पंचायत अजयपुर की सरपंच श्रीमती ललिता पति कैलाश पाटीदार , पालक , अभिभावक पूरालाल पाटीदार, गोपाल माली ,बाबूलाल माली, सत्यनारायण शर्मा संस्था के प्राचार्य श्री हरिसिंह राठोर विद्यालय के समस्त स्टाफ विद्यार्थियों की उपस्थिति में मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया एवं स्कूल चले हम अभियान 2026-27, के अंतर्गत नव प्रवेशी कक्षा 6टी व 9वी के विद्यार्थियों को तिलक लगाकर पुष्प माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में अतिथि द्वारा निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया एवं उपस्थित विद्यार्थियों को मध्यान्ह भोजन के अंतर्गत विशेष भोजन कराया गया। कार्यक्रम में उद्बोधन श्री विजय कुमार पाठक द्वारा विद्यालय की सुविधाओं के बारे में सभी विद्यार्थियों को बताया गया कि सर्व सुविधा युक्त विद्यालय हमारा है इसमें सभी प्रकार की सुविधाएं हैं तथा सुसज्जित भवन फर्नीचर आदि व्यवस्था के बारे में विभिन्न जानकारी दी गई अंत में कार्यक्रम का आभार संस्था के प्रभारी श्री हरिसिंह राठोर द्वारा व्यक्त किया गया ।

## बलवंत भाटी के नगर आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**सनावद।** मप्र भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मंत्री बलवंत



भाटी के सनावद नगर आगमन पर भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत गया। यह जानकारी भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मानसिंह राठौर ने दी। भाटी ने महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया।भाटी ने भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से विस्तार पूर्वक चर्चा की। भाटी ने पूर्व विधायक कैलाश पंडित और हितेंद्रसिंह सोलंकी से सौजन्य भेंट की। इस दौरान भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष गणेश पटेल,खुमानसिंह जाट, मनोज जैन,दीप्ति बंसल,अमिता मंत्री,संजय राठौर,दिनेश गोलकर, राजेश अंजने,दिलीप सकरोदिया,मोहित यादव,केतन गेहलोत, अजय राठौर,संजय वर्मा,शुभम शर्मा,दुर्गेश परिहार, राकेश मालवीय आदि उपस्थित थे। तत्पश्चात भाटी ने बेड़िया में विधायक सचिन बिरला से सौजन्य भेंट की।

# वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती श्रद्धा और गौरव के साथ मनाई

## क्षत्रिय राजपूत समाज संगठन महेश्वर तहसील ने किया भव्य आयोजन, मांगलिक भवन निर्माण हेतु दानदाताओं की घोषणा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर

हिंदू स्वाभिमान, राष्ट्रभक्ति और अदम्य साहस के प्रतीक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती मंडलेश्वर के समीप स्थित मां अहिल्या रिसोर्ट में श्रद्धा, उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन क्षत्रिय राजपूत समाज संगठन महेश्वर तहसील द्वारा किया गया, जिसमें महेश्वर तहसील के विभिन्न गांवों और नगरों से बड़ी संख्या में राजपूत समाज के सरदार, समाज जन एवं युवा उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक रूप से गायत्री मंत्र के जाप एवं श्री हनुमान चालीसा के पाठ के साथ हुआ। इसके पश्चात महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया।

कार्यक्रम का संचालन पवन दरबार ने किया।क्षत्रिय राजपूत समाज संगठन महेश्वर तहसील के अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान ने उपस्थित सभी अतिथियों का पुष्पमालाओं से आत्मीय स्वागत किया। इसके बाद मंचासीन अतिथियों एवं वरिष्ठजनों द्वारा कार्यक्रम में पधारे समस्त राजपूत सरदारों का पुष्पवर्षा कर अभिनंदन किया गया। समारोह में संपूर्ण महेश्वर तहसील से समाज के प्रतिनिधियों की सहभागिता ने समाज की एकजुटता और संगठनात्मक शक्ति का परिचय दिया।अपने संबोधन में तहसील अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान ने समाज की मजबूती और संगठन विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं।



उन्होंने महेश्वर तहसील में क्षत्रिय राजपूत समाज संगठन की विभिन्न इकाइयों के गठन की घोषणा करते हुए समाज के सक्रिय लोगों को अलग-अलग जिम्म ेदारियां सौंपीं।

साथ ही ग्राम पिपलिया में प्रस्तावित तहसील स्तरीय "श्री महाराणा प्रताप मांगलिक भवन" के निर्माण के लिए समाज के दानदाताओं के नामों की घोषणा भी की गई। दानदाताओं ने लाखों रुपए का दान मांगलिक भवन के लिए दिया दानदाताओं कि घोषणा का उपस्थित समाजजनों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वागत किया। साथ ही उपस्थित राजपूत सरदारों द्वारा महाराणा प्रताप अमर रहे जय महाराणा प्रताप जी के नारों से माहौल गुंजायमान हो गया कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए महाराणा प्रताप के त्याग, शौर्य, स्वाभिमान और मातृभूमि के प्रति समर्पण को नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। वक्ताओं ने कहा कि महाराणा प्रताप केवल एक योद्धा नहीं, बल्कि राष्ट्र गौरव, आत्म सम्मान और संघर्षशील जीवन के प्रतीक हैं। उनके आदर्शों को अपनाकर समाज को संगठित और संस्कारित बनाया जा सकता है।

इस अवसर पर बाबू सिंह पटेल, भूपेंद्र सिंह चौहान, सबल सिंह पटेल, अर्जुन सिंह ठाकुर, भारत सिंह पटेल, भूरे सिंह पटेल, रणजीत सिंह मंडलोई, राकेश सिंह मंडलोई, भुवनेश सिंह सेंगर, अर्जुन सिंह पटेल, सुरेश सिंह मंडलोई, अजय सिंह, योगेंद्र सिंह मंडलोई, जितेंद्र सिंह पटेल, दीपक ठाकुर, किशोर सिंह ठाकुर, गौरव सिंह ठाकुर, युग सिंह तोमर, चंदन सिंह तोमर, महेंद्र सिंह सोलंकी, भगवान सिंह पटेल, भंवर सिंह पटेल, सुनील सिंह सोलंकी सहित सैकड़ों की संख्या में क्षत्रिय राजपूत समाज संगठन के सरदार एवं समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की जानकारी क्षत्रिय राजपूत समाज संगठन महेश्वर तहसील मीडिया प्रभारी दीपक सिंह तोमर ने दी।समारोह का समापन समाज की एकता, संगठन और महाराणा प्रताप के आदर्शों पर चलने के संकल्प के साथ हुआ। उपस्थित समाजजनों ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के जयघोष के साथ राष्ट्र एवं समाजहित में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

### मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर

# मंडलेश्वर में चला प्रबुद्धजन संपर्क अभियान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर

भारतीय जनता पार्टी मंडल मंडलेश्वर द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर महेश्वर विधानसभा क्षेत्र में प्रबुद्धजन संपर्क अभियान का आयोजन किया गया।

अभियान के तहत महेश्वर विधानसभा के विधायक राजकुमार मेव ने नगर के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर समाज के प्रतिष्ठित एवं प्रबुद्ध नागरिकों से मुलाकात कर केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी साझा की। इस अभियान का नेतृत्व क्षेत्र के लोकप्रिय एवं सनातन संस्कृति के प्रति समर्पित विधायक राजकुमार मेव ने किया। विशेष बात यह रही कि विधायक राजकुमार मेव पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ ऊर्जा के संदेश के साथ इलेक्ट्रिक बाइक से नगर में भ्रमण करते हुए प्रबुद्धजनों के बीच पहुंचे।



अभियान का शुभारंभ नगर के प्राचीन एवं आस्था के केंद्र जूना श्रीराम मंदिर से भगवान श्री सीताराम जी के दर्शन एवं पूजन-अर्चन के साथ किया गया। इसके पश्चात कथा वाचक परम पंडित श्री पंकज मेहता (गुरुजी) का साल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया।इसके बाद विधायक राजकुमार मेव एवं भाजपा पदाधिकारियों ने भाजपा के वरिष्ठ नेता सतीशचंद्र मोयदे के निवास पर पहुंचकर उनका सम्मान किया और उनसे संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की। अभियान के दौरान नगर के विभिन्न बूथों पर पहुंचकर शिक्षाविदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं अन्य प्रबुद्धजनों का सम्मान करते हुए उनसे संवाद स्थापित किया गया। भाजपा नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता और गरीब कल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं, जिन्हें जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है।

इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री हरे सिंह चावड़ा, मंडलेश्वर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र पाटीदार, मंडल महामंत्री एवं एल्डरमैन अनिरुद्ध हलवे, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज शर्मा, सोशल मीडिया विधानसभा प्रभारी रोहित केवट, युवा नेता विक्की पाटीदार,वीरेंद्र पाटीदार, सुरेश व्यास,दीपक तोमर, दीपक ठाकुर सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।प्रबुद्धजन संपर्क अभियान के माध्यम से भाजपा ने समाज के बुद्धिजीवी वर्ग के साथ संवाद स्थापित कर संगठन और सरकार के बीच विश्वास एवं सहभागिता को और मजबूत करने का प्रयास किया।

## आंधी-तूफान का कहर, दीवार गिरने से महिला की मौत, बेटी घायल



**बुरहानपुर।** मोहम्मदपुरा क्षेत्र में मंगलवार दोपहर आए तेज आंधी-तूफान ने भारी तबाही मचाई है। इलाके में चल रहे एक मकान के निर्माण कार्य के दौरान अचानक तेज हवाओं के कारण एक दीवार पास के टीनशेड पर जा गिरी। इस दर्दनाक हादसे में मलबे के नीचे दबने से 43 वर्षीय महिला अलीशान की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी 22 वर्षीय बेटी नफीसा तड़वी गंभीर रूप से घायल हो गईं।

**प्रशासन और पुलिस की त्वरित कार्रवाई**

घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासनिक अमला तुरंत हरकत में आया। बुरहानपुर के एसडीएम अजमेरसिंह गौड़, तहसीलदार प्रवीण ओहरिया और लालबाग थाना टीआई अमित सिंह जादौन तुरंत दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। अस्पताल में भर्तीः घायल बेटी नफीसा को तुरंत इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया, जहाँ अधिकारियों ने पहुँचकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। मामले की जांच शुरूः पुलिस ने इस संबंध में मर्ग कायम कर लिया है और हादसे के कारणों की विस्तृत जांच शुरू कर दी है। एसडीएम अजमेर सिंह गौड़ ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों ही मकानों में निर्माण कार्य चल रहा था, तभी आंधी के कारण यह हादसा हुआ।

# इंदौर-इच्छापुर हाईवे पर भीषण सड़क हादसा, दो युवकों की दर्दनाक मौत

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

इंदौर-इच्छापुर हाईवे पर बुधवार दोपहर एक बेहद दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है, जहाँ एक तेज रफ्तार आयसर वाहन और बाइक के बीच हुई आमने-सामने की भीषण टक्कर में दो युवकों की जान चली गई। वहीं, इस हादसे में एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह दर्दनाक दुर्घटना इच्छापुर में स्थित भोटा फाटा पुलिया के पास हुई।

**आमने-सामने की टक्कर में उड़े परखच्चे**

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, दुर्घटना दोपहर करीब डेढ़ बजे की है। एक बाइक पर तीन युवक सवार होकर जा रहे थे, तभी भोटा फाटा पुलिया के पास सामने से आ रहे आयसर वाहन और बाइक में जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि एक युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि दूसरे की मौत अस्पताल ले जाने के दौरान हुई।




**मृतक खंडवा के रहने वाले थे**

हादसे का शिकार हुए युवक खंडवा जिले के निवासी बताए जा रहे हैं। मृतकों की पहचान नीलेश (उम्र 28 वर्ष) और यशवंत (उम्र 27 वर्ष) के रूप में हुई है, जो खंडवा के गोडवाड़ी के रहने वाले थे। इस हादसे में रोहित (पिता मांगीलाल) नामक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है।

**पुलिस ने शुरू की जांच**

घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और घायलों व मृतकों को जिला अस्पताल पहुंचाया। घायल रोहित का फिलहाल जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। मामले में शाहपुर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है।

# बदमाशों के हौसले बुलंद, तीन दिनों में दूसरी बार काटी किसानों की केला फसल

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम अड़गांव में इन दिनों किसान और उनकी फसलें असामाजिक तत्वों के निशाने पर हैं। अड़गांव में महज तीन दिनों के भीतर फसल बबार्दी की यह दूसरी बड़ी घटना सामने आई है, जिससे क्षेत्र के किसानों में भारी आक्रोश और चिंता का माहौल है।

ताजा मामले में अज्ञात बदमाशों ने एक ही परिवार के तीन किसानों को अपना निशाना बनाया। बदमाशों ने खेतों में अवैध रूप से घुसकर केले के छोटे लुंगरों (घौदों) को दराती से बेरहमी से काट कर फेंक दिया।

**पीड़ित किसान और नुकसान का विवरणः**

प्रभावित किसानः ग्राम पंचायत अड़गांव के उप सरपंच काशीनाथ निंबाजी चौधरी,



किसान संजय बिजलाल चौधरी और विजय प्रकाश चौधरी के खेतों में यह वारदात हुई है। आर्थिक क्षतिः इस पूरी बबार्दी के कारण तीनों किसानों को लगभग डेढ़ लाख रुपये का भारी नुकसान हुआ है।

**तीन दिन पहले भी हुई थी ऐसी ही वारदात**

हैरानी की बात यह है कि इसी गाँव में ठीक तीन दिन पहले भी इसी तरह की वारदात को अंजाम दिया गया था। तब बदमाशों ने किसान छोटू साहेबराव चौधरी के खेत में घुसकर केले के लुंगरों को काट दिया था, जिससे उन्हें करीब 60 हजार रुपये की आर्थिक क्षति हुई थी।

लगातार हो रही इन घटनाओं से ऐसा प्रतीत होता है कि बदमाश जानबूझकर किसानों को आर्थिक रूप से चोट पहुँचाने का प्रयास कर रहे हैं। घटना की सूचना मिलने पर बुधवार को शाहपुर थाना पुलिस मामले की जांच और आरोपियों की तलाश में जुट गई है।



## ग्रामीणों ने पंचायत में शराब बंदी का प्रस्ताव किया पारित, कलेक्टर की शराब बिक्री पर रोक की मांग

**खरगोन।** जिले के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र धुलकोट में शराब बिक्री के खिलाफ महिलाओं ने मोर्चा खोल दिया है। क्षेत्र में कच्ची, देशी और विदेशी शराब की धड़ल्ले से बिक्री के चलते पारिवारिक कलह बढने का आरोप लगाते हुए गांव में शराब बंदी की मांग की है। परिवारों में कलह, आर्थिक संकट, स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां और अपराधिक गतिविधियों में वृद्धि जैसी बुराइयों से परेशान होकर बड़ी संख्या में ग्रामीण बुधवार को एकजुटता दिखाते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। कलेक्टर कार्यालय में सौंपे ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने बताया कि धुलकोट ग्राम पंचायत में इस संबंध में एक ठहराव-प्रस्ताव भी पारित किया गया है। इस प्रस्ताव में सर्वसम्मति से धुलकोट को शराब मुक्त क्षेत्र बनाने का निर्णय किया गया है। यह निर्णय स्थानीय समुदाय की प्रबल इच्छा शक्ति को दशार्ता है। ग्रामीणों का स्पष्ट कहना है कि शराब के कारण विशेषकर महिलाएं और बच्चे सर्वाधिक प्रभावित हो रहे हैं। उनकी दिनचर्या और भविष्य पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इस गंभीर विषय पर तत्काल ध्यान दिया जाए और अवैध शराब के कारोबार में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

# बीएचईएल भोपाल के एजीएम पी.जे.एम. डिक्सन ने संभाला नेपा लिमिटेड के निदेशक वित्त का अतिरिक्त प्रभार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नेपानगर

केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले उपक्रम नेपा लिमिटेड में भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड़, भोपाल के एजीएम वित्त पी.जे.एम. डिक्सन ने निदेशक वित्त का अतिरिक्त प्रभार संभाल लिया है। इस उपलक्ष्य में नेपा लिमिटेड के प्रशासनिक कार्यालय में एक भव्य स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

अनुभव और नेतृत्व पर भरोसाः नेपा लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक नरेश सिंह ने नवागत निदेशक डिक्सन का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। उन्होंने विश्वास जताया कि डिक्सन की पेशेवर दक्षता, व्यापक वित्तीय अनुभव और नेतृत्व क्षमता से संस्थान की प्रशासनिक व वित्तीय कार्यप्रणाली और मजबूत होगी।

निवृत्तमान निदेशक की शुभकामनाएंः निवृत्तमान निदेशक



वित्त प्रदीप कुमार नाइक ने भी डिक्सन का अभिनंदन किया और कहा कि संस्थान की प्रगति के लिए उनका दूरदर्शी नेतृत्व और समन्वय बेहद महत्वपूर्ण साबित होगा। डिक्सन का संकल्पः कार्यभार ग्रहण करने के बाद पी.जे.एम. डिक्सन ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नेपा लिमिटेड देश की एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक इकाई है। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से टीम भावना के साथ मिलकर कंपनी के वित्तीय सुदृढ़ीकरण और भविष्य की चुनौतियों का सामना करने का आह्वान किया।

जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे द्वारा दी गई जानकारी के अनुसारःपद और कार्यकालः पी.जे.एम. डिक्सन वर्तमान में बीएचईएल भोपाल में एजीएम (वित्त) के पद पर कार्यरत हैं और नेपा लिमिटेड में यह अतिरिक्त प्रभार आगामी एक वर्ष के लिए संभालेंगे। योग्यताः वे लागत एवं प्रबंधन लेखाकार और कंपनी सचिव की उच्च शैक्षणिक व व्यावसायिक पृष्ठभूमि रखते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी इस स्वागत समारोह में संस्थान के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे, जिनमें मुख्य रूप से शामिल थे।

## महाराणा प्रताप की तरह पराक्रमी व बलशाली बनें बच्चे

**उज्जैन।** आरोग्य भारती मालवा प्रांत उज्जैन महानगर एवं ग्रामीण इकाई द्वारा महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर नागेश्वर धाम में विश्व योग दिवस मनाया गया। इस दौरान बालक-बालिकाओं को महाराणा प्रताप की तरह पराक्रमी, शौर्यवान और बलशाली बनने का संदेश देते हुए स्वास्थ्य शिक्षा दी गई।विश्व योग सप्ताह के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में योग शिक्षक विनोद मुंड ने बच्चों को विभिन्न योगासन सिखाए और शरीर को मजबूत व निरोगी रखने के गुर बताए। आरोग्य भारती ग्रामीण के जिलाध्यक्ष एसपी अहिरवार ने बाल सभा के माध्यम से बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया।

## न्यूज -कॉलम

### जहरीला पदार्थ खाने से 18 साल की युवती की मौत

**उज्जैन।** चिंतामन गणेश थाना क्षेत्र में रहने वाली 18 साल की वंशिका पिता कमल चौहान ने मंगलवार-बुधवार रात 12:30 जहरीला पदार्थ खा लिया था। कुछ देर बाद परिजनों ने हालत बिगड़ी देखी तो 1:30 बजे रात को चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरी परीक्षण में जहरीला पदार्थ खाना सामने आया और उपचार के लिए भर्ती किया गया। करीब 5 घंटे चलो उपचार के बाद तड़के वंशिका की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम किया और पोस्टमार्टम कराया। थाना प्रभारी हेमराज यादव ने बताया कि फिलहाल जहरीला पदार्थ खाने का कारण सामने नहीं आया है ना ही कोई सुसाइड नोट मिला है। परिजनों के बयान दर्ज कर जांच शुरू की जाएगी।

### चाकूबाजी में घायल की मौत, हत्या में बदला मामला

**उज्जैन।** 14 जून की रात रेलवे स्टेशन पर हुई चाकूबाजी में मूल रूप से शाजापुर का रहने वाला दीपक पिता इंदरसिंह हाल मुकाम मंछामन कॉलोनी गंभीर रूप से घायल हो गया था। आरपीएफ ने उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया था। मामले की जांच जीआरपी को सौंप गई थी। हालत गंभीर होने पर दीपक को इंदौर रेफर किया गया था। मंगलवार-बुधवार रात दीपक की मौत हो गई। जीआरपी थाना प्रभारी अमित कुमार भावसार ने बताया कि घटनाक्रम के बाद एक आरोपी कबीर उर्फ दीपक को दूसरे दिन ही हिरासत में ले लिया गया था। दूसरा आरोपी राजेश फरार था। घायल की मौत होने पर मामले में हत्या की धारा का इजाफा किया गया है। दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। चाकूबाजी के बाद घायल ने बताया था कि पुरानी रंजिश को लेकर उसे पर हमला किया गया था। मृतक दीपक पिछले 5 सालों से उज्जैन में रहकर मजदूरी का काम करता था। इंदौर में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है।

### इलाज के पैसे मांगे तो पुत्र ने पिता से की मारपीट

**उज्जैन।** पत्नी की तबीयत खराब होने पर पति ने पुत्र से इलाज के लिए रुपए मांगे तो पुत्र ने विवाद करते हुए पिता के साथ मारपीट शुरू कर दी। इतना ही नहीं ईट से वार कर सिर फोड़ दिया। मामला ग्राम बिछड़ोद का होना सामने आया है। घायल दिनेश पिता चंद्र लाल माली को उपचार के लिए परिजनों ने चरक अस्पताल में भर्ती कराया है। घायल दिनेश ने बताया कि उसके साथ मारपीट छोटे पुत्र लखन ने की है। पत्नी रंभा वृद्धावस्था की बीमारियों से परेशान है जिसका उपचार चल रहा है। बड़ा पुत्र के लिए रुपए दे रहा है लेकिन छोटा पुत्र मदद नहीं कर रहा था उसे मां के इलाज के लिए रुपए देने के लिए कहा गया था। फिलहाल पुलिस में घायल के बयान दर्ज किए हैं पुत्र के खिलाफ पिता से मारपीट का प्रकरण दर्ज किया जाएगा।

### चार बदमाशों ने चुराई थी मोटर, 2 हिरासत में




**उज्जैन।** पीटीएस मक्सी रोड सूखे तालाब में लगी सबमर्सिबल मोटर और 300 फिट केबल 15 मई को अज्ञात बदमाशों द्वारा चोरी कर ली गई थी। पंवासा थाना पुलिस को प्रमोद पिता परसराम रजक निवासी एच-2 पीटीएस ने शिकायत दर्ज कराई थी। एक माह बाद पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी में शामिल दो बदमाश श्री सिंथेटिक फैक्ट्री के आसपास घूम रहे है। थाना प्रभारी गमरसिंह मंडलोई ने एएसआई संतोष राव, प्रधान आरक्षक अब्दुल रहीम, आरक्षक बृजेंद्र भारती, अमरनाथ, पंकज पाटीदार को धरपकड के लिए रवाना किया। दो लोगों ने पुलिस को देख बचकर निकलने का प्रयास किया, जिन पर संदेह होते ही पुलिस ने उन्हें पकड़ा और पूछताछ की तो उनके नाम दीपक पिता रामपाल 28 वर्ष, निवासी पंचकुआ मक्सी रोड और जब्बार पिता अल्ताफ 56 वर्ष, निवासी शंकरपुर होना सामने आये। थाने लेकर सख्ती से पूछताछ करने पर दोनों ने पीटीएस तालाब से मोटर और केबल चोरी करना कबूल कर लिया। दोनों ने बताया कि वारदात में उनके साथ दो साथी जावेद एवं गुलफाम भी शामिल थे। पुलिस ने दोनों साथियों की तलाश की लेकिन फरार होना सामने आए। हिरासत में आए दोनों आरोपियों की निशानदेही पुलिस में चोरी की मोटर और केबल बरामद कर ली। दोनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। फरार दोनों साथियों की तलाश जारी है जिनके गिरफ्त में आने पर चोरी की अन्य वारदातों का भी सुराग मिल सकता है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 127-0 | 778-2 |
| मेन बाजार | 467-7 | 160-7 |
| कल्याण नाइट | 148-3 | 237-2 |
| मिलन डे | 566-7 | 688-2 |
| मिलन नाइट | 350-8 | 234-9 |
| मधुर डे | 168-5 | 345-2 |
| मधुर नाइट | 337-3 | 469-9 |
| शुभांक | 3 7 | 9 |

# आत्महत्या- कुछ घंटे में 3 युवकों ने लगाई फांसी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**



आर्थिक परेशानी, तनाव भरी जिंदगी और पारिवारिक विवाद में युवाओं द्वारा असमय मौत को गले लगाया जा रहा। मंगलवार रात से बुधवार दोपहर तक कुछ घंटे में तीन युवकों द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। पुलिस द्वारा मामले जांच में दिए गए हैं।

पहली घटना एलाउंस सिटी में

मंदसौर का रहने वाला पाटीदार परिवार काफी समय से एलाउंस सिटी में निवास कर रहा है। परिवार का बड़ा पुत्र सत्यनारायण पिता मुकेश पाटीदार 27 वर्ष महिंद्रा शोरूम पर मैकेनिक था। मंगलवार रात 10 बजे तक घर नहीं लौटा तो पिता और भाई उसकी तलाश में निकले। सत्यनारायण अक्सर अपने दोस्त के घर रुक जाता था। भाई प्रदीप सबसे पहले दोस्त के घर पहुंचा जहां दरवाजा अटका हुआ था। उसने जैसे ही दरवाजे को धक्का दिया कमरे में सत्यनारायण रस्सी के फंदे पर लटका दिखाई दिया। खबर मिलते ही चिमनगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची। सत्यनारायण का दोस्त घर पर नहीं था। उस मोबाइल पर संपर्क किया गया इस दौरान सामने आया कि वह अपने घर की चाबी सत्यनारायण को देखकर गया था। घटना को लेकर परिवार ने कुछ भी स्पष्ट नहीं कर पाया।

**दूसरा मामला अंबर कॉलोनी में**

बुधवार सुबह अंबर कॉलोनी में रहने वाला आकाश पिता मांगीलाल कटारिया 35 वर्ष घर में साड़ी के फंदे पर लटका मिला। पुत्र पिता के देर तक नहीं जैन पर उठाने के लिए कमरे में पहुंचा था। घटना को लेकर मृतक आकाश के भाई लोकेश ने बताया कि आकाश की पत्नी 2 साल से इंदौर में रह रही है। आकाश की बुधवार को ही कोर्ट पेशी दी थी। उसे पर काफी कर्ज हो चुका था। वह काफी तनाव में रहता था संभवत किसी के चलते उसने आत्मघाती कदम उठाया है। नील गंगा थाना पुलिस में मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

**तीसरी घटना तिरुपतिधाम की**

चिमनगंज थाना क्षेत्र की तिरुपति धाम कॉलोनी में रहने वाले 17 वर्षीय जय पिता लक्ष्मीनारायण सूर्यवंशी ने बुधवार दोपहर घर की ऊपरी मंजिल पर फांसी लगाई। बड़ा भाई कमरे में पहुंचा तो उसमें जय को रस्सी के फंदे पर लटका देखा। पुलिस मौके पर पहुंची और जय का शव पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल लाया गया। एसआई लक्ष्मण उइके ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि जय पेट दर्द की बीमारी के चलते डिप्रेशन में था। लेकिन पिता अपने पुत्र के फांसी लगाने की घटना से काफी आहत थे।

# मिनाक्षी नटराजन मामले में आंदोलन नहीं किया तो उज्जैन सहित 22 जिला अध्यक्षों को नोटिस

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

कांग्रेस के विद्यार्थी संगठन भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के उज्जैन सहित 22 जिला अध्यक्षों को मिनाक्षी नटराजन नामांकन निरस्त के मामले में पूतला दहन नहीं करने पर संगठन ने नोटिस थमाएं हैं। नोटिस देकर जिला अध्यक्षों से जवाब मांगे गए हैं। इस पूर मसले से संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित कांग्रेस के दिग्गज नेताओं को भी अवगत करवाया गया है।

बुधवार को प्रदेश भाराछासं अध्यक्ष के आदेश पर कार्यालय सचिव घनश्याम हारोड ने ये सूचना पत्र जारी करते हुए संबंधित 22 जिला अध्यक्षों की सूची उसके साथ संलग्न की है।

**ये कहा जारी नोटिस में-**

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी जी के निर्देशानुसार एनएसयूआई को 16, जून 2026 को राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस के अधिकृत उम्मीदवार सुश्री मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द करने को लेकर जिला स्तर पर पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित करना था। जिसकी सूचना आपको प्रदेश कार्यालय से एवं ग्रुप मेसेंज, सोशल मीडिया के माध्यम से भी उक्त कार्यक्रम की पूर्ण जानकारी होने के बावजूद आपके द्वारा उक्त कार्यक्रम आयोजित नहीं किया गया, जिससे आपकी संगठन के प्रति घोर लापरवाही एवं उदासीनता प्रतीत होती है। इस पर प्रदेशाध्यक्ष जी ने घोर आपत्ति दर्ज की है। अतएवं आप इस संबंध में आप अपना स्पष्टीकरण पत्र प्राप्ति के तीन दिवस के भीतर प्रदेश कार्यालय को अनिवार्य रूप प्रेषित करे।

**इन जिला अध्यक्षों को नोटिस-** मुरैना, दतिया, सागर, टीकमगढ़, निवाड़ी, दमोह,सीधी, कटनी, नरसिंहपुर, डिण्डौरी, मण्डला, सिवनी, बैतूल,देवास, उज्जैन, शाजापुर,इंदौर, नीमच, खरगोन, बड़वानी, अलीराजपुर।

# जमीन को लेकर बंजारा परिवार में हुआ विवाद

**उज्जैन।** उन्हेल थाना क्षेत्र के ग्राम रामाबालोदा में बंजारा परिवार के दो पक्षों में जमीन को लेकर विवाद हो गया। दोनों ओर से हुई मारपीट में चार लोग घायल हुए हैं। बताया जा रहा है कि महेंद्र पिता भग्गा मोडावत और अवतार पिता भुवान बंजारा के बीच जमीन को लेकर कई समय से विवाद चल रहा है। दोनों की जमीन पास-पास है। उसके कुछ हिस्से को दोनों अपना होना बता रहे हैं। किसी बात को लेकर बीती शाम उनके बीच मारपीट हो गई। पुलिस ने दोनों की ओर से शिकायत दर्ज कर जांच शुरू की है।

### रिपोर्ट दर्ज कराकर लौट रही महिला पर किया हमला

**उज्जैन।** ग्राम खाकरा खेड़ा में रहने वाली कालीबाई पति हजारीलाल बंजारा 50 साल रिपोर्ट दर्ज करने के लिए घटिया थाने गई थी जहां से वापस लौट रही थी इस दौरान रास्ते में पड़ोसी प्रकाश भगवान चंदाबाई ने हमला कर दिया। घायल कालीबाई को उपचार के लिए चरक अस्पताल लाया गया जहां सामने आया कि बच्चों को लेकर विवाद हुआ था। कालीबाई और चंदाबाई दोनों रिपोर्ट दर्ज करने पहुंची थी। पुलिस में क्रॉस प्रकरण दर्ज किया था। उसे दौरान कालीबाई ने पुलिस के सामने ही आशंका जताई थी कि आरोपी पक्ष फिर से मारपीट कर सकता है लेकिन पुलिस ने समझा इसके बाद उन्हें रवाना कर दिया था कालीबाई की आशंका रास्ते में सही साबित हो गई। पुलिस ने मामला फिर से जांच में लिया है।

# बाइक सवार मजदूर को लोडिंग वाहन ने कुचला

### अस्पताल लाते समय हुई मौत, वाहन की तलाश

**उज्जैन।** बाइक पर सवार मजदूर को बुधवार दोपहर लोडिंग वाहन ने कुचल दिया। गंभीर रूप से घायल मजदूर को अस्पताल लाया जाता उससे पहले रास्ते में मौत हो गई। पुलिस ने टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश शुरू की है।

पंवासा थाना पुलिस ने बताया कि पुलिस ट्रेनिंग के सामने बाइक सवार युवक को अज्ञात लोडिंग वाहन में टक्कर मार दी थी गंभीर रूप से घायल बाइक सवार को अस्पताल पहुंचाया जाता उससे पहले मौत हो गई। उसके पास मिले दस्तावेजों से पहचान इकबाल पिता जलील खान 35 वर्ष निवासी पिंगलेश्वर के रूप में हुई। दुर्घटना की सूचना परिजनों को दी गई जो अस्पताल पहुंच गए थे। मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया इस दौरान परिजनों ने बताया कि मजदूरी करता था और दोपहर का भोजन लेकर साइट पर जा रहा था। पुलिस के अनुसार दुर्घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि टक्कर मारने के बाद चालक वाहन लेकर भाग निकला है। जिसका पता लगाने के लिए आसपास क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे देखे जा रहे हैं।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है भुमि स्वामी कृषक (1) संजय पिता लक्ष्मीनारायण जी आयु 41 वर्ष जाति माली निवासी ग्राम बोरदामांडा तहसील तराना जिला उज्जैन के अपने हिस्से कि स्वामित्व आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम बोरदामांडा तहसील तराना जिला उज्जैन में भुमि सर्वे नम्बर 324/5 रकबा 1.16 हेक्टेयर में से पैकी रकबा 0.25 हेक्टेयर भूमि कुल सर्वे नम्बर 01 कुल रकबा 0.25 हेक्टेयर भुमि स्थित है, इस भूमि को मय मौजूदा हक्क अधिकार, सुखाधिकार सहित विक्रय करने का करार भूमि स्वामी ने मेरे पक्षकार से करके एवं विक्रय मूल्य पेटे बयाना राशि मेरे पक्षकार से प्राप्त कर बिक्री अनुबंध पत्र मेरे पक्षकार के हित में संपादित कर दिया है, निकट भविष्य में उपरोक्त वर्णित भूमि का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार अपने हित में संपादित करवाने जा रहे है, उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के हक्क, आधिपत्य, हिस्से, भरण पोषण के अधिकार या स्वत्व के संबंध में किसी प्रकार का दावा झगड़ा हो अथवा किसी प्रकार का ऋण भार, बोझ किसी व्यक्ति विशेष, वित्तीय संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक अथवा शासन का उक्त वर्णित कृषि भूमि पर बकाया हो तो इस जाहीर सुचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस की अवधि में मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर मय प्रमाण के अपनी आपत्ति दर्ज करावें, दी गई म्याद के उपरांत मेरे पक्षकार उपरोक्त भूमि का विक्रय पत्र अपने हित मे संपादित करवायेगे, म्याद उपरांत किसी की कोई आपत्ति या दावा झगड़ा मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नही होगा। यह सूचित हो। दिनांक-17-06-2026

**रवि प्रजापति अभिभाषक तराना**
**कार्यालय समय सुबह 10 बजे से**
**शाम 4: 30 बजे तक**
**मो.नं. 8827905460**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी विक्रम पटेल पिता श्री घिसा जी आयु 58 वर्ष व्यवसाय-कृषि निवासी ग्राम हमिरखेड़ी तहसील व जिला उज्जैन से उनके एकमेव स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर-544/2 रकबा 0.870 हेक्टयर ग्राम फतेहाबाद तहसील व जिला उज्जैन के पटवारी हल्का नम्बर-14 में स्थित होकर फ्रीहोल्ड राईट्स की भूमि है, जिसे मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक बयाना राशि अदा कर दी है और अनुबंध पत्र का निष्पादन करवा लिया है तथा शेष राशि अदा कर केवल विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाया जाना शेष है। उक्त कृषि भूमि में कोई व्यक्ति अथवा संस्था अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त कृषि भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण, भार, प्रभार या साहूकारी ऋण, भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधी व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। दिनांक-17.06.2026

**राजेन्द्र जैन पोरवाड़ एडवोकेट**
**कार्या. बी-9, भरतपुरी काम्पलेक्स, आरटीओ के पीछे, उज्जैन**
**मो. 99930 79516-94250 94349**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा श्रीमती विजयकांता बेस पति श्री उदयसिंह जी बेस, निवासी-पवांसा, मक्सी रोड़, उज्जैन (म.प्र.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि सर्वे नंबर 425/2 रकबा 0.21 हे. एवं सर्वे नंबर 425/3 रकबा 0.631 हे. कुल किता 02 कुल रकबा 0.841 हे. स्थित ग्राम नीमनवासा पटवारी हल्का नंबर 41 तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है, को क्रय करने का विक्रय अनुबंध पत्र सम्पादित कर विक्रेतापक्ष ने मेरे पक्षकार से अनुबंध पत्र अनुसार राशि प्राप्त कर ली गई है तथा मेरे पक्षकार को भूमि को विक्रय कर दी गई है तथा शेष विक्रय मूल्य राशि अदा कर विक्रय पत्र का निष्पादन करवाया जाना शेष है। यदि उसके उपरान्त भी किसी व्यक्ति, संस्था अथवा बिल्डर या कम्पनी द्वारा उक्त सर्वे नंबरान की कृषि भूमि के संबंध में कोई लेन-देन अथवा सौदा या अनुबंध अथवा विक्रय पत्र किया जाता हैं तो वह मेरे पक्षकार के अनुबंध के समक्ष शून्य एवं अवैधानिक होगा तथा उसका समस्त उत्तरदायित्व स्वयं का होगा।

दिनांक 17-06-2026

**विवेक सिंह हाईकोर्ट एडवोकेट,**
**कार्यालय-170, मालीपूरा उज्जैन**
**मो. 9827292229**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भुखण्ड क्रमांक 28-ए, इंद्रपुरी कॉलोनी, वार्ड नंबर 42, उज्जैन को उषाराशी पत्नि सुरेन्द्रनाथजी जुनेजा के द्वारा दिनांक 06/02/1982 को अशोककुमारजी पिता श्री सत्यनारायणजी जोशी से क्रय किया था, जिसका रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दस्तावेज क्रमांक 3256 तारीखी 06/02/1982 है, उक्त विक्रय पत्र कहीं गुम गया है और मिल नहीं रहा है तथा मिलने की संभावना भी नहीं है, उक्त दस्तावेज किसी के पास हो या इस दस्तावेज को सामयिक बंधक कर कोई ऋण किसी भी व्यक्ति अथवा व्यवसायिक बैंक, वित्तीय संस्था या अन्य किसी से प्राप्त किया गया हो या इस मकान पर कोई ऋण भार हो या अन्य किसी का कोई हित हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिन की अवधि के अंदर मुझे लिखित में सप्रमाण आपत्ति प्रस्तुत करे। अन्यथा इस अवधि के बाद उक्त मकान को वर्तमान स्वामी रेखा अग्नीहोत्री (शर्मा) पत्नि श्री यशवंतजी अग्नीहोत्री के द्वारा उक्त भवन को एल. आई. सी. हाउसींग फाईनेंस लिमिटेड़ के पास बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त कर लिया जावेगा व बाद में किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। कृपया सूचित हो।

दिनांक- 17/06/2026, स्थान- उज्जैन

**( मदनलाल दुग्गड़ ) अभिभाषक**
**1. युवराज लाइब्रेरी स्ट्रीट, छत्री चौक, उज्जैन**
**फोन 2554829, मो. 94253-80339**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि ममताबाई बैवा भागीरथ जी जाति माली निवासी ग्राम पानबिहार से उनके निजी आधिपत्य एवं स्वामित्व की कृषि भूमि जिसका सर्वे नम्बर 432/2 रकबा 0.27 हैक्टर, सर्वे नम्बर 436/1 रकबा 1.1000 हैक्टर, सर्वे नम्बर 441/3/3 रकबा 0.2500 हैक्टर, सर्वे नम्बर 444/1 रकबा 0.5000 हैक्टर, सर्वे नम्बर 750 रकबा 0.2800 हैक्टर भूमि कुल किता 05 कुल रकबा 2.4000 हैक्टेयर भूमि स्थित ग्राम पानबिहार प.ह.न. 14 तहसील घटिटया जिला उज्जैन म0प्र0 में स्थित है। उक्त भुमि का विक्रय टोकन / सौदा चिठठी/अनुबंध पत्र संपादित करवाकर बयाना राशि भी मैरे पक्षकार से प्राप्त कर ली है। यह कि उक्त भुमि विक्रय में यदि उक्त अनुबंधित कृषि भुमि को विक्रय या अंतरित किये जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त भूमि/संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति संस्था, बैंक, निकाय शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ या हित अधिकार आधिपत्य बिक्री या वारिसान आदि का कोई हक हित या भार हो इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयिन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त सम्पत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितो पर बंधनकारी नही होगी। सुचित हो। इति दिनांक-17-06-2026

**ज्योतिष शर्मा ( दस्तावेज लेखक/सर्विस प्रोवाईडर )**
**कार्यालय पता उन्हैल चौराहा भैरवगढ़ उज्जैन म.प्र.**
**मो. 96300-65216**

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लो.स्वा.यां. संधारण खण्ड नगर पालिक निगम उज्जैन

**प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना**

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी संधारण खण्ड नगर पालिक निगम उज्जैन द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु ऑन-लाईन निविदाओं का आमंत्रण लोक निर्माण विभाग में "सी" श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से नियमानुसार नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी एस.ओ.आर. दिनांक 02.08.2021 से प्रतिशत आधार, आईटम रेट आधार एवं लमसम आधार पर किया जाता है।

| नि.क्र. | प्रपत्र का प्रकार | कार्य का विवरण | कार्य की अनु. लागत | प्रतिभूति राशि | ऑन लाईन निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि | निविदा क्रय की अंतिम तिथि | दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2026_UAD_514766_1 | 2.10 | वार्ड क्र. 27 में विभिन्न 3 स्थानों पर सिंगल फेज मोटर पंप सेट स्थापना एवं जी.आई. पाईप लाईन बिछाने का कार्य। | 588939/- | 11800/- | 2000/- | 01 माह | 03.07.2026 | 03.07.2026 |
| 2026_UAD_514800_1 | 2.10 | वार्ड क्र. 30 में विभिन्न 3 स्थानों पर सिंगल फेज मोटर पंप सेट स्थापना एवं जी.आई. पाईप लाईन बिछाने का कार्य। | 491271/- | 9830/- | 2000/- | 01 माह | 03.07.2026 | 03.07.2026 |
| 2026_UAD_515106_1 | 2.10 | शहरी क्षेत्र में स्थित हैण्डपंपों हेतु प्लेटफार्म व नवीन पेडेस्टल निर्माण कार्य। | 2529830/- | 50600/- | 5000/- | 12 माह | 13.07.2026 | 13.07.2026 |

निविदा संबंधित अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा सूचना की जानकारी वेब साईट https://mptenders.gov.in पर ऑन लाईन दर्शाई गई है।

**कार्यपालन यंत्री**
**लो.स्वा.यां. संधारण खण्ड न.पा.नि. उज्जैन**

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम उज्जैन**

# अहंकार का अस्तित्व



अहं की प्रतीति संभवतः शरीर के साथ जुड़ी हुई है। शुद्ध आत्मा के साथ कुछ भी जुड़ा हुआ नहीं होना चाहिए। आत्मा असंयुक्त शुद्ध सत्य है, जिसके प्रकाश में अहंकार और शरीर प्रतीत होते हैं। सब विचारों के रुक जाने पर शुद्ध चेतना शेष रहती है। नींद से जागने पर तुरंत, अर्थात जगत का भान होने से पहले वह शुद्ध अहं होता है। नींद के आधीन हुए बिना और दूसरे विचारों में उलझे बिना उसे दृढ़ता से पकड़कर रखा जाए, तो जगत के दिखने से कोई हानि नहीं होगी। द्रष्टा दृश्य पदार्थों से प्रभावित नहीं होता। अहंकार क्या है? इसका अन्वेषण कीजिए। शरीर अचेतन है, वह मैं नहीं कह सकता। आत्मा शुद्ध अद्वितीय सत्ता है, चेतना है। वह मैं नहीं कह सकती। कोई भी गहरी नींद में मैं नहीं कहता, तो अहंकार है क्या? वह जड़ शरीर और आत्मा के बीच की कोई चीज है। उसका कोई निश्चित स्थान नहीं है। यदि गंभीरतापूर्वक उसकी तलाश की जाए, तो वह प्रेत की तरह अदृश्य हो जाता है। चांदनी रात्रि में अपने निकट किसी छाया के हिलने-डुलने से मनुष्य कल्पना करता है कि कोई भूत या प्रेत है। यदि वह निर्भय होकर ठीक से देखे, तो उसे पता चलता है कि वास्तव में कोई भूत नहीं है और जिसे वह प्रेत समझता था, वह तो पेड़ या खंभा है। यदि वह ठीक से न देखे, तो प्रेत उसे भयभीत करेगा। केवल ठीक से देखना, तलाश करना जरूरी है, तब प्रेत अदृश्य हो जाता है। वहां प्रेत था ही नहीं। अहंकार भी इसी प्रकार का आभास है। वह शरीर और शुद्ध चैतन्य के बीच की अप्रत्यक्ष कड़ी है, वास्तविक सत्य नहीं है। मनुष्य जब तक उसे ठीक से देखता-परखता नहीं, तब तक वह उसे परेशान करता रहता है, लेकिन जब वह उसकी ठीक से तलाश करता है, तो उसे यह पता चलता है कि उसका अस्तित्व नहीं है। इस तथ्य को समझाने के लिए एक कहानी है। हिंदुओं में प्रायः पांच-छह दिन तक समूह भोजन समारोह चलते रहते हैं। ऐसे एक प्रसंग में कन्या पक्ष वालों ने गलती से एक अपरिचित व्यक्ति को सबसे श्रेष्ठ मान लिया और उसका विशेष आदर-सत्कार करने लगे। कन्या पक्ष वालों को उसके साथ विशेष आदर से पेश आते देख वर पक्ष वालों ने उसे उनका कोई महत्वपूर्ण आदमी मान लिया और वे भी उसके साथ विशेष आदर प्रदर्शित करने लगे। उस आदमी का समय आनंद से गुजरने लगा। एक बार वर पक्ष वालों ने किसी विशेष हेतु से उसके बारे में कन्या पक्ष से पूछताछ शुरू की। तुरंत वह आने वाली मुसीबत को ताड़ गया और चुपचाप भाग निकला। अहंकार के बारे में भी ऐसा है। यदि उसका परिचय पाने की प्रवृत्ति की जाए, तो वह फौरन लुप्त हो जाता है। यदि नहीं, तो वह परेशान करता रहता है।

सम्पादकीय

## चाक-चौबंद तैयारी

देश भर के मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए रविवार को पुनर्परीक्षा होने जा रही है। पत्र लीक हो जाने के कारण 3 मई की नीट (यूजी) परीक्षा रद्द करनी पड़ी थी और समूचे तंत्र को चौतरफा आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। ऐसे में, पुनर्परीक्षा के मद्देनजर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ह्यटेलीग्रामह्न पर 22 जून तक अस्थायी रोक लगाने के केंद्र सरकार के फैसले की तार्किकता समझी जा सकती है। यह कदम बताता है कि कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराने के लिए सरकार बेहद गंभीर है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के अनुरोध पर उसने 30 जून तक टेलीग्राम के किसी संदेश को संपादित करने पर भी रोक लगा दी है। इस सोशल मीडिया मंच के बैकडेट एडिटिंग फीचर के दुरुपयोग की कई शिकायतें सामने आई थीं और इसी के कारण इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को यह सख्ती बरतनी पड़ी है। इसके पहले केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने वायु सेना से भी नीट परीक्षा के लिए मदद मांगी थी। साफ है, सरकार अपने तईं कोई कमी नहीं छोड़ना चाहती और परीक्षार्थियों को भी यह भरोसा देना चाहती है कि वे बेखौफ होकर परीक्षा दें और अपने भविष्य को लेकर कतई मायूस न हों।

बीते डेढ़ महीने में इस परीक्षा के 23 लाख अभ्यर्थियों और उनके अभिभावकों को जिस मानसिक यंत्रणा से गुजरना पड़ा है, उसकी भरपायी तो खैर नहीं हो सकती, मगर एक निष्पक्ष परीक्षा ही उनके साथ इंसाफ करेगी। नीट (यूजी) 2026 को दागदार बनाने वालों के खिलाफ जिस तत्परता से कार्रवाई की गई और जांच का जिम्मा सीबीआई को सौंपा गया है, उससे यह इत्मीनान हुआ है कि सरकार जल्द से जल्द वास्तविक दोषियों को सजा दिलाना चाहती है। इस तत्परता से उन लोगों को भी पैगाम मिल गया होगा, जो अपने भ्रष्ट आचरण से लाखों मासूम विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ करने के मनसूबे बांधते रहते हैं। हाल के वर्षों में एक के बाद दूसरी परीक्षा के प्रश्न-पत्र लीक होने की घटनाएं सामने आई हैं, उसके बाद यह लाजिमी हो गया है कि हर परीक्षा के लिए चाक-चौबंद तैयारी की जाए। कदाचार मुक्त परीक्षा न सिर्फ हमारे छात्रों का बुनियादी हक है, बल्कि हमारे पूरे तंत्र को भ्रष्टाचार मुक्त रखने के लिए भी जरूरी है। आखिर भ्रष्ट तरीके से मेडिकल कॉलेज में पहुंचे बच्चे भविष्य में किस किस्म के डॉक्टर बनते? क्या वे वाकई उतने संजीदा भी हो पाते, जिसकी अपेक्षा यह प्रतिष्ठत पेशा करता है?

आत्मसम्मान की रक्षा का राष्ट्रीय प्रतीक

# राजसिंहासन से अधिक महत्वपूर्ण मेवाड़ का गौरव





अमित राव पवार
(दैनिक अवन्तिका)

18 जून भारतीय इतिहास की वह अमर तिथि है,जो केवल एक युद्ध का स्मरण नहीं कराती बल्कि त्याग,स्वाभिमान,साहस और मातृभूमि के प्रति अटूट समर्पण की गाथा सुनाती है। यह वह दिन है जब मेवाड़ की धरती पर एक ऐसा संघर्ष हुआ, जिसने इतिहास के पन्नों में वीरता की अमिट छाप छोड़ दी। वर्ष 1576 में ₹हल्दी घाटी₹ के रूप में लड़ा गया यह युद्ध केवल तलवारों की टकराहट नहीं था, बल्कि स्वतंत्रता और अधीनता, स्वाभिमान और सत्ता के बीच का निर्णायक संघर्ष था।'राजस्थान की अरावली पर्वतमालाओं के बीच स्थित हल्दीघाटी' आज भी उस ऐतिहासिक दिन की मौन साक्षी है। इसकी पीली मिट्टी मानो आज भी उन वीरों के रक्त से रंजित गौरवपूर्ण स्मृतियों को अपने भीतर संजोए हुए है, जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर आने वाली पीढ़ियों को स्वतंत्रता और आत्मसम्मान का मूल्य समझाया।

एक ओर उस समय के सबसे शक्तिशाली शासकों में गिने जाने वाले मुगल सम्राट अकबर का विशाल साम्राज्य था,तो दूसरी ओर मेवाड़ के स्वाभिमानी शासक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी। अकबर की शक्ति अपार थी,उसके पास विशाल सेना,संसाधन और साम्राज्य था। किंतु महाराणा प्रताप के पास वह था जो किसी भी साम्राज्य से अधिक शक्तिशाली होता है अपनी मातृभूमि के प्रति अटूट प्रेम और स्वतंत्रता की रक्षा का दृढ संकल्प। जब अधिकांश राजपूत रियासतें मुगल सत्ता के अधीन हो चुकी थीं,तब महाराणा प्रताप ने अपने स्वाभिमान को किसी भी कीमत पर न झुकाने का निर्णय लिया। उन्होंने वैभव,सुविधा और राजनीतिक लाभ के सभी प्रस्ताव ठुकरा दिए। उनके लिए राजसिंहासन से अधिक महत्वपूर्ण था मेवाड़ का गौरव और उसकी स्वतंत्रता। यही कारण है कि उनका संघर्ष केवल एक राजा का संघर्ष नहीं, बल्कि आत्मसम्मान की रक्षा का राष्ट्रीय प्रतीक बन गया। हल्दीघाटी के युद्ध में संख्या बल निश्चित रूप से महाराणा प्रताप जी के पक्ष में नहीं था। उनके सामने कहीं अधिक विशाल और संगठित सेना थी,लेकिन इतिहास केवल सेना की संख्या नहीं देखता,वह उन हृदयों की शक्ति भी देखता है जो किसी महान उद्देश्य के लिए धड़कते हैं। मेवाड़ के रणबांकुरों ने युद्धभूमि में जिस साहस और शौर्य का परिचय दिया,वह आज भी प्रेरणा का स्रोत है। इस युद्ध की चर्चा चेतक के बिना अधूरी है। महाराणा प्रताप का प्रिय अश्व चेतक भारतीय इतिहास में निष्ठा और समर्पण का जीवंत प्रतीक बन चुका है। कहा जाता है कि युद्ध के दौरान गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद चेतक ने अपने स्वामी को सुरक्षित स्थान तक पहुँचाया अपने अंतिम क्षणों तक वह अपने कर्तव्य पर अडिग रहा। चेतक का बलिदान केवल एक घोड़े की मृत्यु नहीं था,बल्कि अपने स्वामी के प्रति समर्पण की ऐसी मिसाल था,जो सदियों बाद भी लोगों की आँखें नम कर देती है। हल्दीघाटी का युद्ध भले ही तत्कालीन सैन्य दृष्टि से निर्णायक विजय में परिवर्तित नहीं हुआ,लेकिन इसका नैतिक और ऐतिहासिक महत्व किसी भी विजय से कहीं अधिक बड़ा है। मुगल सेना युद्धभूमि पर नियंत्रण स्थापित कर सकी, किंतु वह महाराणा प्रताप के आत्मबल को पराजित नहीं कर सकी। वह उन्हें बंदी नहीं बना सकी,न ही उनके स्वाभिमान को झुका सकी। यही इस युद्ध की सबसे बड़ी उपलब्धि थी। युद्ध के बाद भी महाराणा प्रताप ने हार स्वीकार नहीं की। उन्होंने जंगलों,पहाड़ों और दुर्गम घाटियों में रहकर संघर्ष जारी रखा। घोर अभावों का सामना किया,परिवार सहित कठिन जीवन व्यतीत किया,लेकिन अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया। इतिहास में ऐसे उदाहरण बहुत कम मिलते हैं,जहाँ एक शासक ने राजमहलों की सुख-सुविधाओं को त्यागकर स्वतंत्रता की रक्षा के लिए वर्षों तक कठिन जीवन जिया हो।

आज जब हम हल्दीघाटी को स्मरण करते हैं,तो हमें यह समझना चाहिए कि इसकी सबसे बड़ी विरासत केवल युद्ध नहीं,बल्कि वह विचार है जिसके लिए यह युद्ध लड़ा गया था।यह हमें सिखाता है कि स्वतंत्रता का मूल्य केवल वही समझ सकता है जो उसके लिए संघर्ष करता है।यह हमें बताता है कि परिस्थितियाँ चाहे कितनी भी प्रतिकूल क्यों न हों,यदि संकल्प दृढ़ हो तो संघर्ष कभी व्यर्थ नहीं जाता। वर्तमान समय में,जब भौतिक सफलता को ही अक्सर उपलब्धि का मानक मान लिया जाता है,तब महाराणा प्रताप का जीवन हमें चरित्र,स्वाभिमान और कर्तव्य की वास्तविक परिभाषा सिखाता है। वे बताते हैं कि मनुष्य की महानता उसकी संपत्ति या शक्ति में नहीं,बल्कि उसके सिद्धांतों के प्रति उसकी निष्ठा में होती है। हल्दीघाटी का युद्ध इसलिए अमर नहीं है कि वहाँ कितनी तलवारें चलीं या कितने सैनिक वीरगति को प्राप्त हुए। वह इसलिए अमर है क्योंकि वहाँ एक ऐसे योद्धा ने इतिहास रचा,जिसने संसार को यह संदेश दिया कि पराजय परिस्थितियों से नहीं,आत्मसमर्पण से होती है। जब तक आत्मसम्मान जीवित है,तब तक संघर्ष भी जीवित है और विजय की संभावना भी आज हल्दीघाटी की 450 वी पुण्य स्मृति पर राष्ट्र उन सभी वीरों को श्रद्धापूर्वक नमन करता है,जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया। विशेष रूप से वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप का जीवन हमें सदैव प्रेरित करता रहेगा कि सत्ता की शक्ति से कहीं अधिक शक्तिशाली होता है स्वाभिमान का संकल्प।

हल्दीघाटी की पीली मिट्टी आज भी मानो यही कहती है–सिर कट सकता है,लेकिन स्वाभिमान कभी नहीं झुक सकता।

## दफनाने और जलाने के बीच

मोहल्ले की उस नुक्कड़ वाली दुकान पर आज भी वही फीकी चाय मिल रही थी, जिसे पीकर हम अक्सर अमर प्रेम की कसमें खाया करते थे। फर्क बस इतना था कि आज चाय की प्याली मेरे हाथ में नहीं थी और मैं खुद उस मिट्टी के नीचे था जिसे लोग सुकून की नींद कहते हैं। वैसे, मरना भी एक तरह का स्टार्टअप ही है, बस इसमें रेवेन्यू के नाम पर सिर्फ सिसकियां मिलती हैं।

शाम का धुंधलका गहरा रहा था। तभी मुझे अपनी कब्र की छाती पर भारी कदमों की आहट सुनाई दी। मिट्टी की परतों के पार से आती वह महक जानी-पहचानी थी। वही मोगरे वाला इत्र, जो कभी मेरी कमीजों पर अपनी वसीयत लिख दिया करता था। मेरा दिल, जो अब सिर्फ एक खामोश गोश्त का लोथड़ा था, एक पल के लिए धड़कने का नाटक करने लगा। वह आई थी। लेकिन अकेली नहीं। उसके साथ 'वो' था। वही 'वो', जिसकी सैलरी मेरी कविताओं के छंदों से ज्यादा लंबी थी और जिसकी गाड़ियों के हॉर्न मेरी आवाज से ज्यादा बुलंद थे। उसे देखकर लगा जैसे नियति ने मेरी मौत पर एक करारा तमाचा जड़ा हो। वह मेरे सिरहाने आकर खड़ी हुई। उसकी आंखों में काजल वैसा ही गहरा था, जैसा उस दिन था जब उसने कहा था, तुम्हारे बिना जी नहीं पाऊंगी। मुझे हंसी आई, पर कफन में हंसी के लिए चेहरा नहीं होता। उसने अपने रेशमी हाथों से मेरी कब्र पर जमी धूल झाड़ी। वह ऐसे सफाई कर रही थी जैसे किसी पुराने अलमारी से फालतू कबाड़ हटाया जा रहा हो। फिर उसने चमेली के फूल चढ़ाए। वही फूल, जिनसे मुझे एलर्जी थी। जीते जी कभी मेरी छींकों की परवाह नहीं की, मरने के बाद भी अपनी पसंद थोप दी। तभी उसके शौहर ने, जो किसी मल्टीनेशनल कंपनी के सीईओ की तरह मैनेज्ड लग रहा था, अपनी कलाई घड़ी देखी। सोने की घड़ी में समय भी शायद महंगा ही बीत रहा होगा।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 18 जून 2026 गुरुवार
सूर्योदय - 05:45 सूर्यास्त 19:10
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 13:30 से 15:00 तक
तिथि - चतुर्थी 18:59 उपरांत पंचमी
नक्षत्र - पुष्य 11:32 उपरांत अश्लेषा
योग - व्याघात 17:35 हर्षण
करण - वणिज
चन्द्रमा - दिन पूर्ण कर्क में रहेगा।
मुस्लिम मास - मोहर्रम मास 02 तारिख

**मेष-** सामाजिक कार्य करने के प्रति रुझान रहेगा। मान-सम्मान मिलेगा। रुके कार्यों में गति आएगी। निवेश शुभ रहेगा।

**वृषभ-** नौकरी में चैन बना रहेगा। सही काम का भी विरोध होगा। कोई पुरानी व्याधि परेशानी का कारण बनेगी।

**मिथुन-** कोई बड़ी समस्या बनी रहेगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा।

**कर्क-** कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

**सिंह-** घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। स्त्री वर्ग से सहायता प्राप्त होगी। नौकरी व निवेश में इच्छा पूरी होने की संभावना है।

**कन्या-** प्रतिद्वंद्विता कम होगी। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। बात बिगड़ सकती है। शत्रुभय रहेगा।

**तुला-** प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। दूसरों के बहकावे में न आएं। फालतू बातों पर ध्यान न दें। लाभ में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक-** व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। दुःखद समाचार मिल सकता है। व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। बेवजह किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है।

**धनु-** दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। व्यय होगा। सही काम का भी विरोध हो सकता है।

**मकर-** जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। निवेश शुभ रहेगा। सट्टे व लॉटरी के चक्कर में न पड़ें। राजभय रहेगा।

**कुंभ-** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। विवेक से कार्य करें। लाभ में वृद्धि होगी।

**मीन-** फालतू की बातों पर ध्यान न दें। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में उन्नति होगी। व्यापार-व्यवसाय की गति बढ़ेगी। चिंता रह सकती है।

सरोकार

## गृहिणियाँ हैं राष्ट्र निर्माता : सर्वोच्च न्यायालय का ऐतिहासिक फैसला



हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि घर संभालने वाली महिलाएं सिर्फ होममेकर नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माता हैं। वाहन दुर्घटना मुआवजे से जुड़े एक प्रकरण में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि महिला की मृत्यु घरेलु देखभाल का नुकसान है। मुआवजे की गणना के लिए महिला के घरेलु श्रम का मूल्य कम से कम 30 हजार रूपए प्रतिमाह माना जाए। यह राशि हर तीसरे साल 10 प्रतिशत बढ़ेगी।

सर्वोच्च न्यायालय के जस्टिस संजय करोल और कोटिश्वर सिंह की पीठ ने 25 साल पहले एक हादसे में अपनी पत्नी को खो चुके व्यक्ति के लिए 62 लाख 77 हजार रूपए का मुआवजा मंजूर किया। सर्वोच्च न्यायालय का यह फैसला अन्य मामलों में भी उदाहरण बनेगा। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि भविष्य में वाहन दुर्घटना पर महिला की मौत पर मुआवजे से जुड़े सभी मामलों में घरेलु देखभाल के नुकसान का अलग मद जुड़ेगा।

उल्लेखनीय है कि अब तक गृहिणियों की मौत पर मुआवजा तय करते समय उनकी आय न्यूनतम मजदूरी के आधार पर मानी जाती थी। उन्हें कुशल या अकुशल मजदूर की श्रेणी में रखा जाता था। इस पर कोर्ट ने कहा कि ये महिला के योगदान का गंभीर अवमूल्यन है। कोर्ट ने यह भी कहा कि गृहिणी परिवार के कमाऊ सदस्य पर निर्भर मानी जाती है, जबकि असल में घर की व्यवस्था काफी हद तक उस महिला पर ही निर्भर होती है। कोर्ट ने लैंगिक भूमिकाओं पर यह भी कहा कि शादी का मतलब नौकरानी रखना नहीं हैं। सर्वोच्च न्यायालय का उक्त फैसला हरियाणा में 2001 में एक हादसे में महिला की मृत्यु से जुड़ा हुआ है। महिला के पति और तीन बच्चों ने मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण से मुआवजा मांगा था। अधिकरण ने 2003 में 2 लाख 42 हजार रूपए का मुआवजा मंजूर किया था। इस फैसले से नाखुश परिवार पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट पहुंचा। हाईकोर्ट ने 2024 में जारी फैसले में मुआवजा बढ़ाकर 8 लाख 43 हजार कर दिया। साथ ही 7.5 प्रतिशत ब्याज भी देने का आदेश दिया था। इस फैसले से भी असंतुष्ट दावेदार सर्वोच्च न्यायालय पहुंचा था।

सर्वोच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा कि मोटर दुर्घटना मुआवजे से जुड़े सभी प्रकरण एक साल में निपटाएं जाने चाहिए और हाईकोर्ट के मुख्य न्यायधीशों को इसकी निगरानी करनी चाहिए। साथ ही कोर्ट ने यह भी कहा कि 4 साल से अधिक समय से लंबित मामले पहले निपटाएं जाने चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय का उक्त आदेश अत्यन्त महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक फैसला है। इसका सही मायने में क्रियान्वयन देशभर में चल रहे मोटर दुर्घटना मुआवजे से जुड़े सभी प्रकरणों में किया जाना चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय ने पहली बार गृहिणी को मात्र होममेकर नहीं मानते हुए राष्ट्र निर्माता बताया है। यह फैसला भविष्य में सभी पर लागू होगा। यह भी इस मामले में एक महत्वपूर्ण फैसला है। अब देश के सभी उच्च न्यायालयों को और मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण को अपने फैसले लेते समय सर्वोच्च न्यायालय के उक्त ऐतिहासिक फैसले को नजीर मानते हुए अपने फैसले देना चाहिए, तभी सुप्रीम कोर्ट का आदेश सार्थक सिद्ध होगा।



डॉ. चन्दर सोनाने
(दैनिक अवन्तिका)

# वैज्ञानिकों की चेतावनी: इस उम्र के लोगों को शराब से है अधिक खतरा!



शराब की बोतल पर भी चेतावनी लिखी होती है कि शराब का सेवन नुकसान दायक होता है। इसके बाद भी लोग इसे नजरअंदाज कर देते हैं। यहां तक कि शराब का लगातार और रोजाना सेवन करने से बॉडी के बीमार होने की संभावनाएं ज्यादा होती है। जबकि लम्बे समय तक शराब का सेवन करने से दिल के रोग, किडनी जैसी गंभीर बीमारी होने का खतरा अधिक रहता है। शराब का अधिक सेवन कैंसर का भी कारण बन सकता है।

आपको बता दें कि शराब का सेवन करने से कई बीमारियों का जोखिम लोगों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। द लैंसेट जर्नल ने पहली बार एक अध्ययन प्रकाशित किया, जिसमें उम्र और लिंग जैसे कारकों के आधार पर शराब ज्यादा पीने के प्रभावों की रिपोर्ट पेश की गई हैं। जसलोक हॉस्पिटल और रिसर्च सेंटर के जनरल मेडिसिन कन्सल्टेंट डॉ. रोहन सेकीरा के मुताबिक, हमारा शरीर एक घंटे में सिर्फ एक ही ड्रिंक और दिन में कुल 3 ड्रिंक को पचा सकता है लेकिन एक से अधिक स्टैंडर्ड ड्रिंक पीना हमेशा से ही गलत होता है। हाल ही में एक स्टडी हुई है जिसमें बताया गया है कि किन लोगों को शराब पीने से अधिक जोखिम हो सकता है और किन लोगों को फायदा हो सकता है।

मेडिकल जर्नल द लैंसेट की स्टडी के मुताबिक, 40 वर्ष से कम उम्र के युवाओं को शराब पीने से अधिक स्वास्थ जोखिम हो सकते हैं। रिसर्चर्स ने 204 देशों में 1990 और 2020 के बीच 15-95 वर्ष और उससे अधिक आयु के पुरुषों और महिलाओं के लिए 2020 ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज डेटा का उपयोग करके शराब के कारण 22 स्वास्थ्य कंडिशन के जोखिम देखे. इन जोखिमों में चोट, हार्ट डिसीज और कैंसर भी शामिल हैं।

एक रिसर्च से यह भी पता चला कि जिन लोगों की उम्र 40 साल या उससे अधिक है उन लोगों में शराब के सेवन से कुछ फायदे भी मिल सकते हैं. लेकिन अगर वे सिर्फ एक या दो स्टैंडर्ड ड्रिंक लेते हैं तो. क्योंकि उससे हार्ट डिसीज, स्ट्रोक और डायबिटीज का भी जोखिम कम हो सकता है।

कथित तौर पर सिर्फ शराब से ही 2020 में 134 करोड़ (1.34 बिलियन) से अधिक मौतें हुईं, जिनमें से 15 से 49 उम्र के लोग सबसे अधिक थे। इस मैग्जीन ने सिफारिश की कि ग्लोबल हेल्थ लॉस को कम करने के लिए उस उम्र वाले लोगों के लिए मजबूत कदम उठाने चाहिए।

अमेरिका के वाशिंगटन विश्वविद्यालय में इंस्टीट्यूट फॉर हेल्थ मेट्रिक्स एंड इवैल्यूएशन के प्रोफेसर और सीनियर राइटर इमैनुएला गाकिडौ ने कहा इस आयु के लोगों में लगभग 60 प्रतिशत शराब से संबंधित इंजरी मोटर दुर्घटनाएं, आत्महत्याएं और हत्याओं के कारण होती हैं। रिसर्चर्स के पास जो डाटा था उससे वे लोग शराब के औसत दैनिक सेवन का अनुमान लगाने में सक्षम हो गए थे. स्टडी में यह भी अनुमान लगाया गया है कि कोई व्यक्ति शराब नहीं पीने वाले व्यक्ति की तुलना में अपने स्वास्थ्य के लिए अधिक जोखिम लेने से पहले कितनी शराब पी सकता है? रिसर्चर्स के अनुसार, किसी भी स्वास्थ्य जोखिम से पहले 15-39 आयु के लोगों के लिए अल्कोहल की अनुशंसित मात्रा प्रति दिन 0.136 स्टेंडर्ट ड्रिंक थी यानी कि एक स्टेंडर्ड ड्रिंक के दसवें हिस्से से थोड़ी अधिक यह मात्रा 15-39 वर्ष की महिलाओं के लिए 0.273 थी यानी कि रोजना एक स्टेंडर्ड ड्रिंक का चौथाई हिस्सा. एक स्टेंडर्ट ड्रिंक को 10 ग्राम शुद्ध शराब के रूप में परिभाषित किया जाता है।

बढ़ती संवेदनहीनता का विश्लेषण

# 370 रुपए की बिरयानी, एक खामोश लाश और ठहाकों के बीच मरती हुई इंसानियत



राजेश कुमावत
(दैनिक अवन्तिका)

शायद हम एक ऐसे समाज में तब्दील हो चुके हैं जहाँ हर चीज की एक कीमत तय है–यहाँ तक कि किसी महिला की अस्मिता और एक मृत देह के सम्मान की भी। पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर वायरल एक स्टैंड-अप कॉमेडी शो की चर्चित क्लिप ने देशभर में बहस छेड़ दी है। इस वीडियो को देखने के बाद जो चीज सबसे पहले आपके भीतर मरती है, वह है हँसने की क्षमता। यह केवल एक कॉमेडी शो नहीं था, बल्कि आधुनिक समाज के नैतिक संकट का ऐसा जीवंत दस्तावेज था, जिसे 'क्राउड वर्क' के चमकीले रैपर में लपेटकर परोसा गया था।

जब 370 रुपए में 'कंसेंट' खरीदने की ज़िद पर तालियाँ बजीं- वीडियो की शुरूआत एक युवा वेब डेवलपर से होती है, जो मंच पर खड़े कॉमेडियन को बड़े गर्व से बताता है कि उसने एक लड़की पर 370 रुपए की चिकन बिरयानी खर्च की। लेकिन चौंकाने वाली बात यह नहीं थी। रीढ़ में सिहरन तब पैदा होती है जब वह युवक कैमरे के सामने यह स्वीकार करता है कि 370 रुपए खर्च करने के बाद वह उस लड़की से शारीरिक संबंधों की उम्मीद कर रहा था। इतना ही नहीं, वह उसे उसकी इच्छा के विरुद्ध एक अंधेरे पार्क में भी ले गया।

यह केवल एक खराब मजाक नहीं था। यह सहमति, महिला सम्मान और व्यक्तिगत स्वतंत्रता जैसे गंभीर विषयों के प्रति विकृत सोच का सार्वजनिक प्रदर्शन था।

लेकिन वहाँ बैठी जनता क्या कर रही थी? वह हँस रही थी। मंच पर क्या हो रहा था? इस पूरी बातचीत को मनोरंजन और हास्य के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा था। जब पैसे की ताकत और पुरुष अहंकार मिलकर किसी महिला की ना को कुचलने की कोशिश को मजाक में बदल दें, तो समझ लेना चाहिए कि समस्या केवल किसी व्यक्ति की नहीं, बल्कि समाज के हास्य-बोध की है। यदि स्त्री की इच्छा और गरिमा मनोरंजन का विषय बन जाए, तो यह केवल भाषा का नहीं, मानसिकता का भी पतन है।

मेडिकल कॉलेज की वह लाश, जिसने बोलना छोड़ दिया इस विवाद का दूसरा पहलू और भी अधिक विचलित करने वाला है। उसी कार्यक्रम में दर्शकों के बीच बैठी एक महिला डॉक्टर हँसते हुए बताती हैं कि मेडिकल कॉलेज में अध्ययन के दौरान वे और उनके साथी दान में मिले शवों के गुप्तांगों के आकार को लेकर मजाक किया करते थे।

चिकित्सा केवल एक पेशा नहीं, बल्कि सेवा और संवेदना का क्षेत्र माना जाता है। जब कोई व्यक्ति मृत्यु के बाद अपनी देह मेडिकल कॉलेज को दान करता है, तो वह इस विश्वास के साथ करता है कि उसकी देह भविष्य के डॉक्टरों को जीवन बचाने की शिक्षा देगी । लेकिन जब वही देह मनोरंजन और फूहड़ हास्य का साधन बना दी जाए, तब प्रश्न केवल चिकित्सा नैतिकता का नहीं रह जाता, बल्कि मानवीय संवेदनशीलता का भी हो जाता है। क्या शरीर दान करने वाले व्यक्ति का सम्मान केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित रह गया है? और क्या समाज इतना संवेदनहीन हो चुका है कि एक मृत देह भी अब केवल चुटकुलों का विषय बनकर रह जाए?

रील के व्यूज और रीयल ज़िंदगी का पतन- सवाल केवल उस युवक या उस डॉक्टर का नहीं है। सवाल उस मनोरंजन संस्कृति का है जिसने ऐसी सोच को कंटेंट में बदल दिया। आज सोशल मीडिया के दौर में वायरल होना ही सफलता का पर्याय बनता जा रहा है। व्यूज, लाइक्स और फॉलोअर्स की होड़ में कई बार सामाजिक मर्यादाएँ, नैतिक सीमाएँ और मानवीय संवेदनाएँ पीछे छूट जाती हैं।

दुर्भाग्य यह है कि डिजिटल प्लेटफॉर्म केवल वही नहीं दिखाते जो बनाया जाता है, बल्कि वही आगे बढ़ाते हैं जिसे समाज देखना चाहता है। इसलिए इस पूरे प्रकरण में जितनी जिम्मेदारी मंच पर मौजूद लोगों की है, उतनी ही जिम्मेदारी उन दर्शकों और सोशल मीडिया उपभोक्ताओं की भी है जो ऐसी सामग्री को लोकप्रिय बनाते हैं।

समाज की प्रतिक्रिया और एक आवश्यक चेतावनी- इस पूरे विवाद का सकारात्मक पक्ष यह रहा कि समाज के एक बड़े वर्ग ने इसे सहज रूप से स्वीकार नहीं किया। कानूनी कार्रवाई शुरू हुई, विभिन्न संस्थाएँ सक्रिय हुईं और सार्वजनिक जीवन में जवाबदेही का प्रश्न सामने आया।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5800 से 5900 विशाल 5800 से 5850 मसूर 6050 से 6100 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7900 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई यह तुअर 6000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7600 से 7700 मूंग नी बेस्ट बोल्ड 8200 से 8500 मीडियम बोल्ड 7600 से 7800 में एवरेज गर्मी 7000 से 7200 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 8700 उड़द गर्मी 7700 से 8300 हल्का - उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5800 से 6000 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 7300 से 7500 निमाड़ी 7500 से 7600 रायडा 6400 से 6600 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 7200 से 7400 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800 पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7600 से 7800 मीडियम 8800 से 9000 बेस्ट 10200 से 10400 रुपए।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 12500 से 13000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारिक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1450-2850, चना देशी- 4999-5760, डालर चना- 4400-7990, उड़द- 7621, मूंग- 7576, सोयाबीन- 1215-8900, मैथीदाना- 1340, सरसो- 6500, धनिया- 10930-13306, बटला- 2860, मसूर- 6201, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्र्ड- 1,49,300 रवा- 1,49,200 चांदी-टंच- 2,48,000 पाट- 2,47,500।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## डॉ. राजकुमारी अग्रवाल को मिला देवी अहिल्या अलंकरण सम्मान

**शुजालपुर।** नगर की साहित्यकार डॉ. राजकुमारी अग्रवाल को उनकी तृतीय पुस्तक लघुकथा संग्रह सूक्ष्म प्रेरणा के लिए इंदौर में आयोजित राष्ट्रीय साहित्यिक समारोह में देवी अहिल्या अलंकरण सम्मान से सम्मानित किया गया। उनकी इस उपलब्धि पर नगर सहित साहित्यिक एवं सामाजिक संगठनों में हर्ष का माहौल है। रचना रजनी साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था, इंदौर द्वारा आयोजित देवी अहिल्याबाई राष्ट्र गौरव सम्मान, पुस्तक समीक्षा विमोचन एवं अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में यह सम्मान प्रदान किया गया। संस्था अध्यक्ष चौहान एवं सचिव कविता चौहान के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के अनेक साहित्यकार, कवि एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री तुलसीराम सिलावट, राष्ट्रीय कवि सत्यनारायण सत्तन, प्रदेश अध्यक्ष अजा मोर्चा भगवान परमार, साहित्य अकादमी भोपाल के निदेशक डॉ. विकास दवे, डॉ. रमेशचंद्र चांगेसिया प्रभात सहित अनेक विद्वानों की उपस्थिति रही। डॉ. राजकुमारी अग्रवाल को सम्मान मिलने पर ग्रीष्मा शाह, वीणा गोयल, तेजकिरण जैन, परमजीत कौर खालसा, मीना चौधरी, शैलजा देशमुख, प्रभा जैन, हेमलता चौधरी, संध्या धारीवाल, विद्या गोयल, ज्योति गोयल सहित हिंदी लेखिका संघ, प्रगतिशील महिला मंडल, अग्रवाल महिला मंडल एवं मारवाड़ी महिला मंडल के पदाधिकारियों और सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दीं।

## ग्रामीणों ने किया चक्काजाम, बड़ा पूल बनने के बाद भीलखेडी गांव में जाने की परेशानी



**शुजालपुर।** शहर से भीलखेडी होते हुए कालापीपल जाने वाले मार्ग को भीलखेडी निवासी ग्रामीणों ने मंगलवार की सुबह जाम कर दिया। मार्ग को अवरूद्ध करने वाले ग्रामीणों की गांव के अंदर पहुंचने वाले मार्ग की परेशानी है और इसी के चलते उन्होने कालापीपल रोड को अवरूद्ध कर दिया, जिसके चलते लगभग दो घंटे तक इस मार्ग पर आवागमन बाधित रहा और वाहनों की लम्बी कतारे लग गई। बताया जाता है कि भीलखेडी गांव में जामनेरी नदी के ऊपर बने बडे पूल के कारण पुराना परम्परागत मार्ग जो कि गांव में जाता था वह बंद हो गया। पूल बनने से सड़क की ऊंचाई बढ़ गई, जिसके चलते गांव की लगभग आधी आबादी के सामने आवागमन की परेशानी खडी हो गई। इस आंदोलन के चलते बडी संख्या में महिलाएं भी मौजूद रही, जिन्होने नारेबाजी करते हुए अपनी मांग उठाई। मार्ग को जाम करने की सूचना पर तहसीलदार शुजालपुर किरण धाकड़ मौके पर पहुंची और आंदोलनकारियों से चर्चा कर मार्ग की समस्या के निराकरण का आश्वासन देते हुए पुराने परम्परागत मार्ग पर से आवागमन के लिए बात कही।

## तिलक लगाकर किया विद्यार्थियों का स्वागत शासकीय विद्यालय में मनाया प्रवेश उत्सव



शुजालपुर। शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय दुग्धा में मंगलवार को प्रवेश उत्सव के द्वितीय चरण का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय में नवप्रवेशित एवं अध्ययनरत विद्यार्थियों का तिलक लगाकर तथा मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि बीएसी रोशन सिंह परमार एवं विशेष अतिथि जन शिक्षक गिरीशनाथ ने विद्यार्थियों को पेन वितरित कर नए शैक्षणिक सत्र के लिए शुभकामनाएं दीं। अतिथियों ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं विद्यालय गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में राजकुमार सेन, बबिता झोकर, देवकुंवर मालवीय, हरिनारायण पुष्पद, एसएमसी सदस्य तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक बसंत सक्सेना व आभार प्रदर्शन संस्था प्रभारी शोभा यादव ने व्यक्त किया। प्रवेश उत्सव उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## शोभा देवी शर्मा को दी श्रद्धांजलि



**शुजालपुर।** नगर के वरिष्ठ नागरिक एवं सेवानिवृत्त सीबीआई अधिकारी हीरालाल शर्मा की धर्मपत्नी शोभा देवी शर्मा का निधन हो गया। उनके निधन से परिवार एवं समाजजनों में शोक व्याप्त है। वे शिक्षक अनिल शर्मा, पंचायत सचिव सुनील शर्मा एवं स्टेशनरी संचालक पंकज शर्मा की माताजी थीं।

**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी बदलना है**

बेरछा, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

सम्पर्क करें

दैनिक अवन्तिका कार्यालय
2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन
0734-4041777, मोबा. 9977755777

# बदनावर बस स्टैंड पर सांडों की भिड़ंत, किराना दुकान का शटर तोड़ा, बाहर खड़ी बाइक भी क्षतिग्रस्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बदनावर

बदनावर नगर के बस स्टैंड क्षेत्र में मंगलवार रात करीब साढ़े आठ बजे दो सांडों के बीच छिड़ी जंग से हड़कंप मच गया। लगभग आधे घंटे तक चली इस लड़ाई के कारण पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सांडों के इस उपद्रव में एक किराना दुकान का शटर और दुकान के बाहर खड़ी बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दोनों सांड बस स्टैंड परिसर में अचानक आपस में भिड़ गए थे। लड़ते-लड़ते वे ऋषभ किराना दुकान तक आ पहुंचे और सीधे दुकान के शटर से जा टकराए, जिससे शटर टूट गया। सांडों को अपनी ओर आता देख आसपास मौजूद ग्राहकों और राहगीरों में भगदड़ मच गई और लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे।



### बाल-बाल बचा बड़ा नुकसान

दुकान संचालक जितेंद्र मोदी ने बताया कि सांडों की इस लड़ाई की चपेट में आने से उनकी दुकान के बाहर खड़ी एक मोटरसाइकिल भी टूट-फूट गई। गनीमत यह रही कि सांड दुकान के ज्यादा अंदर तक नहीं घुसे, वरना बड़ा आर्थिक नुकसान हो सकता था और कोई जनहानि भी हो सकती थी।

### आवारा पशुओं से व्यापारी और जनता परेशान

स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि बस स्टैंड क्षेत्र में आवारा पशुओं की समस्या कोई नई नहीं है, बल्कि लंबे समय से लोग इससे परेशान हैं। यहां दिनभर सांड और अन्य मवेशी बीच सड़क पर घूमते रहते हैं जो अक्सर आपस में लड़ने लगते हैं।

व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की है कि इन आवारा पशुओं को यहां से हटवाया जाए क्योंकि इनसे हर वक्त जान-माल का खतरा बना रहता है।

### 150 वर्ष प्राचीन धरोहर विश्वकर्मा मंदिर संरक्षण के संकल्प

# निर्माण के लिए ग्राम पलवा में दर्जनों दानदाताओं के उठे हाथ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खरसौदकलां

मालवा अंचल में स्थित जूना गुजराती सुतार विश्वकर्मा समाज का लगभग 150 वर्ष प्राचीन श्री हरि विश्वकर्मा मंदिर इन दिनों जर्जर अवस्था में अपने अस्तित्व से जूझ रहा है। इस धरोहर को बचाने का संकल्प समाजजनों ने लिया है। यह मंदिर समीप गांव पलवा में स्थित है। प्राचीन कला एवं लकड़ी से निर्मित यह मंदिर केवल श्रद्धा का केंद्र ही नहीं, बल्कि समाज की ऐतिहासिक धरोहर भी है। इस विरासत को आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखने के उद्देश्य से मालवा विश्वकर्मा समाज के बंधु गांव में एकत्रित हुए और मंदिर के भव्य निर्माण की रूपरेखा को मूर्तरूप दिया।

इस मिशन को साकार करने के लिए एक जीर्णोद्धार समिति का गठन भी किया गया। समिति में उन लोगों को प्राथमिकता से शामिल किया गया जो स्थानीय हों तथा पलवा के समीपता से वास्ता रखते हों। समाज की केंद्रीय समिति उज्जैन ने इस मिशन को साकार करने में रचनात्मक सहयोग का भरोसा दिलाया है। बैठक के दौरान जनसहयोग से मंदिर निर्माण की संकल्पना के श्रीगणेश में ही दर्जनों दानदाताओं के हाथ उठे और अल्प समय में लाखों रुपये की राशि की घोषणा मिशन की सफलता का परिचायक बनी।

### यह है प्रोजेक्ट का मिशन

बैठक में विश्वकर्मा पुत्रों ने मंदिर सीमा की लगभग 1600 वर्गफीट भूमि में मंदिर निर्माण की संकल्पना की। निर्माण की लागत तकरीबन 35 लाख रुपये आंकी गई। इस बात के लिए सवार्नुमति हुई कि यह राशि जनसहयोग से एकत्रित की जाए। समाज के प्रत्येक परिवार का अंशदान, भले वह छोटा ही क्यों न हो, सहभागिता सुनिश्चित करने की सहमति बनी।

### मालवा अंचल का जमावड़ा

गांव पलवा में समिति की बैठक 15 जून को हुई। इस दिन गांव में अनूठा नजारा देखने को मिला। एक छोटे से गांव पलवा में वाहनों का काफिला और फिर गांव की तंग गलियों में विश्वकर्मा समाज बंधुओं का बोलबाला आकर्षण का केंद्र था। मालवा अंचल के शाजापुर, उज्जैन, देवास, धार, इंदौर, झाबुआ आदि मुख्यालयों के अलावा सुदूर आंचलिक क्षेत्रों से लगभग 150 विश्वकर्मा पुत्रों ने अपने आराध्य देव के प्रति समर्पण का परिचय दिया।

## महिला पटवारी 10 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार

**बदनावर।** इंदौर लोकायुक्त पुलिस टीम ने मंगलवार दोपहर बदनावर में पदस्थ महिला पटवारी कला भट्ट को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी पटवारी हल्का नंबर 7 (ग्राम मुलथान) और अतिरिक्त प्रभार हल्का नंबर 9 (ग्राम खेरवास) की जिम्मेदारी संभाल रही थीं। लोकायुक्त टीम ने उन्हें रिश्वत की राशि लेते ही दबोच लिया और आगे की कागजी कार्रवाई के लिए डाक बंगले लेकर पहुंची।



ग्राम खेरवास निवासी किसान सुरेशसिंह पंवार ने इंदौर लोकायुक्त कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी। उनकी ग्राम खेरवास में स्थित 12 बीघा कृषि भूमि के सीमांकन और उससे सटी सरकारी जमीन से सड़क की नपती करने के एवज में पटवारी कला भट्ट द्वारा 10 हजार रुपए की मांग की जा रही थी। शिकायत का गोपनीय सत्यापन होने के बाद लोकायुक्त पुलिस ने यह कार्रवाई की। लोकायुक्त पुलिस ने 56 वर्षीय आरोपी पटवारी कला भट्ट (निवासी विश्वकर्मा कॉलोनी, बदनावर, मूल निवास गांधीनगर, इंदौर) के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण संशोधन अधिनियम 2018 की धारा 7 के तहत मामला दर्ज किया है। इस कार्रवाई की सूचना तहसील कार्यालय को भी दे दी गई है।

## स्कार्पियो पलटने से बुआ-भतीजे की मौत

**देवास।** देवास में इंदौर-भोपाल रोड पर सोनकच्छ से आगे जावर क्षेत्र के सेमली बारी गांव के पास बुधवार दोपहर एक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। स्कॉर्पियो वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने से बुआ-भतीजे ने दम तोड़ दिया, जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए। मृतकों की पहचान मयूरेश गर्ग (38) पुत्र संतोष गर्ग और संगीता अग्रवाल (51) पत्नी सुनील अग्रवाल के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दोनों आपस में बुआ-भतीजे थे। वे इंदौर से नयी स्कार्पियो खरीद कर भोपाल ले जा रहे थे प्राथमिक जानकारी के अनुसार, स्कॉर्पियो वाहन अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। गंभीर रूप से घायल मयूरेश और संगीता को उपचार के लिए सोनकच्छ सिविल अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे में घायल अन्य लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है।

# गोचर भूमि पर कब्जे के प्रयास का आरोप ग्रामीणों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर



तहसील क्षेत्र के ग्राम कंठालिया के ग्रामीणों ने गोचर भूमि पर कथित कब्जे के प्रयास एवं हरे-भरे वृक्षों की कटाई को लेकर तहसीलदार सोयतकलां को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि ग्राम कल्याणपुरा निवासी एक व्यक्ति द्वारा गांव की गोचर भूमि को जोतने एवं उस पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

ग्रामीणों द्वारा दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम कंठालिया की गोचर भूमि पर वर्षों से गांव के गोवंश एवं अन्य मवेशी चरते आ रहे हैं। यह भूमि पशुपालकों और ग्रामीणों के लिए महत्वपूर्ण है। आरोप है कि उक्त व्यक्ति द्वारा जेसीबी मशीन की सहायता से गोचर भूमि पर मौजूद हरे-भरे वृक्षों की कटाई कर उन्हें जड़ों सहित उखाड़ा जा रहा था तथा भूमि को खेती योग्य बनाने का प्रयास किया जा रहा था।

मामले की जानकारी मिलने पर ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंचे और कार्य को रुकवाया। ग्रामीणों का कहना है कि गोचर भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण या कब्जा गांव के पशुधन के लिए गंभीर संकट पैदा कर सकता है। यदि यह भूमि समाप्त हो जाती है तो मवेशियों के लिए चारे और चराई की समस्या खड़ी हो जाएगी।

ग्रामीणों ने तहसीलदार को दिए ज्ञापन में मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर गोचर भूमि को सुरक्षित रखा जाए, अवैध रूप से वृक्षों की कटाई करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए तथा भविष्य में इस भूमि पर किसी भी प्रकार के कब्जे के प्रयास को रोका जाए। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा कि गोचर भूमि गांव की सामुदायिक संपत्ति है और इसकी सुरक्षा आवश्यक है। ज्ञापन सौंपने के दौरान विधायक प्रतिनिधि चितरंजन सिंह राणा, राकेश कानुडीया, मोहसिम खान, गोविंद सिंह, दिलीप सिंह, गोकल, चन्द्र सिंह, शंकर सिंह आदि उपस्थित रहे।

**जाहिर सूचना**

मेरे पक्षकार आई.डी.एफ.सी. फर्स्ट बैंक लिमिटेड, शाखा तल एवं प्रथम मंजिल 47 सुभाष नगर कॉलोनी, सांवेर रोड़ दो तालाब के पास उज्जैन (म.प्र) की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन क्रमांक 66 सेक्टर-A-2 स्थित आदर्श नगर नागझिरी, देवास रोड,.उज्जैन म.प्र. में स्थित है। जिसका कुलक्षेत्रफल 135.00 वर्गमीटर है। जिसकी चतुर्सीमा पूर्व मे- भवन क्रमांक 67 सेक्टर- A-2, पश्चिम मे- भवन क्रमांक 65 सेक्टर- A-2, उत्तर मे- कॉलोनी का रोड़, दक्षिण मे- भवन क्रमांक 75 सेक्टर- A-2 स्थित है। उक्त सम्पत्ति शादाब अनवर चौधरी ने नोटराइज्ड वसीयत पत्र दिनांक 14/10/2020 को शारीब एवं तारिक पिता अनवर चौधरी के हित में निष्पादित कि एवं शादाब अनवर चौधरी कि मृत्यु दिनांक 20/10/2020 को हो जाने के पश्चात शारीब एवं तारिक ने उक्त सपंत्ति पर अपने नाम का नामांतरण उज्जैन नगर पालिक निगम में प्रकरण क्रमांक 2177/20/7पीटी दिनांक 08/03/2021 को अपना नाम दर्ज करवया। तथा शारीब एवं तारिक ने उक्त संपत्ति रजि. विक्रय पत्र क्रमांक MP432022021A1404838 दिनांक 04/06/2021 को कमर जहाँ शेख पति शेख मोहम्मद फारूख, शेख मोहम्मद अल्ताफ एवं शेख मोहम्मद इमरान पुत्रगण शेख मोहम्मद फारूख को विक्रय की एवं कमर जहाँ शेख आदि ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आई.डी.एफ.सी. फर्स्ट बैंक लिमिटेड, में आवेदन किया है तथा आई.डी.एफ.सी. फर्स्ट बैंक लिमिटेड, उक्त सम्पत्ति को बंधक कर ऋण प्रदान करने जा रहे है अतः सूचित किया जाता हैं कि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी व्यक्ति का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई ऋणभार हो या लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेंरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर आई.डी.एफ.सी. फर्स्ट बैंक लिमिटेड द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार आई.डी.एफ.सी. फर्स्ट बैंक लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मोबाइल न. 9301860352**

## खादी ग्रामोद्योग बोर्ड अध्यक्ष जोशी ने किया पौधारोपण

**सुसनेर।** मध्य प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष पंकज जोशी का नगर आगमन हुआ। भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. सौरभ जैन के नेतृत्व में स्थानीय विश्राम गृह पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष ओम मालवीय भी विशेष रूप से मौजूद रहे। स्वागत कार्यक्रम के बाद जोशी कार्यकर्ताओं के साथ अम्बेडकर पार्क पहुंचे। यहां उन्होंने भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पार्क परिसर में पौधारोपण भी किया। कार्यक्रम में डॉ. गजेंद्रसिंह चंद्रावत, लक्ष्मणसिंह काँवल, प्रदीप सोनी, डॉ. बीएस वर्मा, राकेश जैन, मुकेश हरदेनिया, पवन शर्मा मौजूद रहे।

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार इमरान खान पिता ईकबाल निवासी- 140 हरिफाटक रोड, नियर अंसारी मातखाना बेगमबाग, उज्जैन के द्वारा रोहजाद खान पिता अनवर निवासी-16 खंदार मोहल्ला, उज्जैन से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य भवन क्रमांक 15/1 का भाग मोहल्ला कंधार महाकाल मार्ग, पथ क्रमांक 01 उज्जैन में स्थित है उक्त मकान दो मंजिला मकान जिसकी तल मंजिल में 01 दुकान 01 कमरा, प्रथम मंजिल में 02 कमरे व लेटबाथ व दूसरी मंजिल में 01 कमरा बना हुआ को क्रय करने का सौदा/अनुबंध किया गया है तथा अनुबंध के पालन में बयाना पेटे राशि भी अदा कर दी गई है तथा शेष विक्रय मूल्य अदा कर विक्रय पत्र का निष्पादन मेरे पक्षकार के हित में किया जाना है। ऐसी स्थिति में यदि उक्त अनुबंधग्रस्त सम्पत्ति के संबंध में किसी व्यक्ति/विशेष/संस्था/बैंक आदि को कोई आपत्ति हो या किसी का कोई भार, ऋण उक्त सम्पत्ति के संबंध में शेष हो तो वह मेरे कार्यालय में इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि में मय रेकॉर्ड के मेरे कार्यालय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय का निष्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा और उसके पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

दिनांक 17.06.2026

**(अब्दुल रहीम शेख) हाईकोर्ट एडवोकेट**
**कार्या.04, नगारचीपुरा, एटलस चौराहा के पास उज्जैन**
**मो. नं. 9977079096**

## पत्रकार लोकेंद्र ठाकुर का निधन

**गुना।** पत्रकार लोकेंद्र सिंह ठाकुर का निधन हो गया है। प्राथमिक जानकारी के मुताबिक उनके निधन की वजह ब्रेन हेमरेज बताई जा रही है। 51 वर्षीय लोकेंद्र सिंह ठाकुर करीब 30 वर्षों से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय थे। ठाकुर के निधन से समूचे पत्रकार जगत में शोक की लहर व्याप्त है। स्वर्गीय लोकेंद्र ठाकुर मिलनसार और मेहनती व्यक्तित्व के धनी थे। वे अपने पीछे पत्नि, दो पुत्रियां और एक पुत्र छोड़ गए हैं। मंगलवार शाम पार्थिव देह का अंतिम संस्कार किया गया, उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में पत्रकार, राजनेता, जनप्रतिनिधि और शहर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया।



## अपने पंथ, ग्रन्थ और सच्चे संत को मत छोड़ना-शंभूरामजी महाराज

### प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आज

**बडौद।** श्री भावसार क्षत्रिय समाज बड़ौद मंदिर में चल रहे 5 दिवसीय श्री राम दरबार, श्री राधा कृष्ण और कुलदेवी माता हिंगलाज की प्राण प्रतिष्ठा आयोजन के तीसरे दिवस में अंतर्राष्ट्रीय राम स्नेही संप्रदाय शाहपुरा के श्री श्री 108 श्री शंभूरामजी महाराज का मंदिर और यज्ञ शाला में शुभागमन हुआ।बड़ी संख्या में समाजजनों ने आगे पहुंचकर महाराज की पदरावनी की और ढोल के साथ नृत्य करते हुए महाराज श्री को मार्ग में पुष्प बिछाते हुए लेकर आए । महाराज जी ने सर्वप्रथम नवनिर्मित मंदिर और यज्ञशाला का भ्रमण किया । यज्ञ शाला में आयोजित सभा में अपने आशीर्वचन में मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की और भावसार समाज को मंगल कामनाएं प्रेषित की। समाज के लोग भाव को साथ में लेकर सार तत्व ग्रहण करके समाज अपने नाम के अनुरूप काम कर रहे हैं । संत श्री ने आगे कहा कि अपने पंथ और ग्रंथ को मत छोड़ना तथा सच्चे संत को मत छोड़ना। मन के संताप को मिटा दे वह संत है। कम से कम एक वर्ष का नियम बनाएं । दिन में एक बार मंदिर में प्रभु दर्शन अवश्य करने जाएं । समाज में छोटी मोटी बात को अनदेखा करके भक्ति भाव से जीवन में आगे बढ़े, ताकि आने वाली पीढ़ी में संस्कार जा सके ।समाजजनों ने महाराज जी का भावपूर्ण चरण वंदना और अभिनंदन किया और सभी ने आशीर्वाद लिया महाराज के आशीर्वचन सुनने हेतु रामद्वारा समिति और समस्त समाजजनों के साथ नगर के श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। आज प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के साथ भगवान की प्रतिमाओं का विशाल चल समारोह के साथ भंडारे का आयोजन होगा।

## अवैध गांजा परिवहन प्रकरण में फरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार

**बडौद।** थाना बड़ौद पुलिस को एनडीपीएस एक्ट के गंभीर प्रकरण में फरार चल रहे 10,000 के इनामी आरोपी को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। 3 सितंबर 2025 को थाना बड़ौद पुलिस द्वारा विश्वसनीय मुखबिर सूचना के आधार पर खजूरी जोड़ क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए ट्रक से कुल 253.220 किलोग्राम अवैध गांजा जप्त किया गया था। उक्त प्रकरण में थाना बड़ौद पर अपराध क्रमांक 161/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था। प्रकरण में अवैध मादक पदार्थ के परिवहन एवं तस्करी से जुड़े अन्य आरोपियों की भूमिका सामने आने पर विवेचना के दौरान आरोपी ईश्वरसिंह पिता भारतसिंह सौंधिया निवासी मदकोटा, थाना बड़ौद, जिला आगर मालवा की संलिप्तता पाई गई, जो घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था। पुलिस टीम ने उपलब्ध तकनीकी साक्ष्यों, मुखबिर तंत्र से प्राप्त सूचनाओं एवं भौतिक साक्ष्यों का समन्वित विश्लेषण करते हुए आरोपी की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी। इसी दौरान आरोपी के मंदसौर जिले के ग्राम आम्बा भरपुर, थाना सुवासरा क्षेत्र में होने की विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर दबिश दी तथा आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी ईश्वरसिंह पिता भारतसिंह सौंधिया, निवासी मदकोटा को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी बड़ौद निरीक्षक रूपसिंह बैस, उप निरीक्षक विजयकुमार शुक्ला, सहायक उप निरीक्षक रामप्रकाश पुष्पद, प्रधान आरक्षक प्रवीण यादव, प्रधान आरक्षक हेमंत सिसोदिया, प्रधान आरक्षक उपेन्द्रसिंह का सहयोग रहा।

In The Court Of XI Civil Judge Class II, District Court, Ujjain Presiding Officer:
**श्री अंशुल ताम्रकार**
**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)**
(EX A/0000009/2026)
**सुरेश राठौर---------वादी**
**Vs**
**श्रीमती सुशीला बाई-------प्रतिवादी**
Process Id-/2026
**पेशी दिनांकः 23/06/2026**

**प्रेषिती**

(1) श्रीमती सुशीला बाई पति स्व. राधेश्याम राठौर पता-9-10 अर्चना परिसर नानाखेड़ा उज्जैन

यह कि प्रार्थीगण क्रं. 1 सुरेश राठौर पिता मोहनलाल राठौर एवं क्रं. 2 श्रीमती मधु पति सुरेश राठौर, निवासीगण-66 नागेश्वर धाम कालोनी कानीपुरा रोड उज्जैन द्वारा एक आवेदन पत्र अंतर्गत आदेश 21 नियम 11 सीपीसी का न्यायालय गयारहवे व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खण्ड उज्जैन द्वारा साम्तिक वाद क्रमांक आरसीएसए 112/2018 सुरेश राठौर आदि विरुद्ध श्रीमती सुशीला बाई आदि में पारित जयपत्र दिनांक 30/06/2025 के अनुसार आपके विरूद्ध प्रवर्तन के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 15 मई 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**(अंशुल ताम्रकार)**
**ग्यारहवें व्यवहार न्यायाधीश**
**कनिष्ठ खंड, उज्जैन (म.प्र.)**

**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

# मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण, दरारों ने खोल दी करोड़ों के निर्माण की पोल

## जहां मुख्यमंत्री ने शिक्षा का संदेश दिया, वहीं दरारों ने विकास की तस्वीर दिखा दी

**झारड़ा।** मुख्यमंत्री द्वारा आज शासकीय महाविद्यालय झारड़ा के नवीन भवन का लोकार्पण किया गया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने शिक्षा को प्रदेश के विकास की आधारशिला बताते हुए युवाओं के बेहतर भविष्य और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर दिया। लेकिन जिस महाविद्यालय भवन का उद्घाटन किया गया, उसी भवन की तस्वीरें उद्घाटन के साथ ही कई सवाल खड़े कर रही हैं।

लगभग 4 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निर्मित महाविद्यालय भवन के खंभों एवं दीवारों में दरारें दिखाई देने लगी हैं। उद्घाटन के दिन ही सामने आई इन तस्वीरों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि करोड़ों रुपये की लागत से बने भवन की यह स्थिति शुरुआत में ही दिखाई दे रही है, तो भविष्य में इसकी मजबूती और विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर चिंता होना स्वाभाविक है।

**करोड़ों खर्च, फिर भी गुणवत्ता पर सवाल**–स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकारी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और मजबूती सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए, लेकिन महाविद्यालय भवन में दिखाई दे रही दरारें कुछ और ही कहानी बयां कर रही हैं। लोगों का आरोप है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता मानकों की अनदेखी की गई होगी, तभी उद्घाटन के समय ही ऐसी स्थिति सामने आई है।

**महाविद्यालय तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क तक नहीं–** एक ओर करोड़ों रुपये का भवन बनाकर उसका लोकार्पण किया गया, वहीं दूसरी ओर महाविद्यालय तक पहुंचने के लिए आज भी व्यवस्थित पक्की सड़क उपलब्ध नहीं है। विद्यार्थियों, शिक्षकों और ग्रामीणों को कच्चे एवं उबड़-खाबड़ मार्ग से होकर महाविद्यालय पहुंचना पड़ता है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि भवन निर्माण के साथ-साथ मूलभूत सुविधाओं पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए था।

**प्रवेश मार्ग पर गंदगी और कचरे का अंबार–** स्थिति और भी चिंताजनक तब दिखाई देती है जब महाविद्यालय पहुंचने वाले मार्ग पर नजर डालते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार जिस रास्ते से कॉलेज पहुंचा जाता है, उसी क्षेत्र में लंबे समय से झारड़ा नगर का कचरा डाला जा रहा है। मार्ग के आसपास गंदगी, दुर्गंध और कचरे के ढेर विद्यार्थियों और आगंतुकों का स्वागत करते दिखाई देते हैं। शिक्षा के मंदिर तक पहुंचने से पहले विद्यार्थियों को गंदगी के बीच से गुजरना पड़ना दुर्भाग्यपूर्ण माना जा रहा है।



**अधिकारियों की निगरानी पर भी उठे सवाल–** महाविद्यालय भवन में दिखाई दे रही दरारों के बाद संबंधित विभागों और जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं। लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य के दौरान तकनीकी अधिकारियों द्वारा नियमित निरीक्षण और गुणवत्ता परीक्षण किए जाने चाहिए थे। यदि भवन में उद्घाटन के समय ही दरारें दिखाई दे रही हैं, तो यह केवल निर्माण एजेंसी ही नहीं बल्कि निगरानी व्यवस्था की भी विफलता मानी जानी चाहिए। क्षेत्रवासियों का कहना है कि करोड़ों रुपये के शासकीय निर्माण कार्यों में भुगतान और स्वीकृतियां अधिकारियों की संतुष्टि के बाद ही होती हैं। ऐसे में यदि निर्माण गुणवत्ता पर प्रश्न उठ रहे हैं तो इसकी निष्पक्ष तकनीकी जांच होना आवश्यक है।

**जवाब मांगते सवाल–** 4 करोड़ से अधिक की लागत के बावजूद भवन में दरारें क्यों दिखाई दे रही हैं? क्या निर्माण कार्य का गुणवत्ता परीक्षण सही ढंग से हुआ था? महाविद्यालय तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क की व्यवस्था अब तक क्यों नहीं हुई?

कॉलेज के प्रवेश मार्ग पर कचरा डंपिंग को क्यों नहीं रोका गया? निर्माण एजेंसी और संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय होगी या नहीं?

**जांच की मांग तेज**–स्थानीय नागरिकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों ने महाविद्यालय भवन की स्वतंत्र तकनीकी जांच, निर्माण गुणवत्ता की समीक्षा तथा कॉलेज मार्ग से कचरा हटाकर स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि करोड़ों रुपये की सार्वजनिक राशि खर्च हुई है तो उसकी गुणवत्ता और जवाबदेही भी सुनिश्चित होनी चाहिए।

**कटाक्ष–** मुख्यमंत्री ने शिक्षा का संदेश दिया, वहीं दरारों ने विकास की तस्वीर दिखा दी। करोड़ों के भवन, बदहाल पहुंच मार्ग और कचरे के ढेर के बीच खड़ा यह महाविद्यालय अब जवाब मांग रहा है।

मेरे संज्ञान में मामला आया है पी. आई. यू से बात करूंगा एवं पत्र भी लिखूंगा

**एच.एन.अनिजवाल**
**अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा**
**विभाग उज्जैन संभाग**

कॉलेज बने हुए एक से डेढ़ साल हो गया है हमें भी मालूम नहीं था निर्माण हमने गुणवत्ता से कराया था लेकिन किसी कारणवश हो गया है मिट्टी के रिसाव के कारण तो हमारे द्वारा निरीक्षण करके सभी कमी को पूरी कर दी जाएगी

**गौरव राठी**
**गौरव कंस्ट्रक्शन**

# टेलीग्राम बैन पर दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मैसेजिंग प्लेटफॉर्म टेलीग्राम की उस याचिका पर केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है, जिसमें 2026 री-एग्जाम से पहले प्लेटफॉर्म पर लगाए गए अस्थायी प्रतिबंध को चुनौती दी गई है।हालांकि अदालत ने फिलहाल टेलीग्राम को कोई अंतरिम राहत नहीं दी है। जस्टिस तेजस करिया की पीठ ने केंद्र सरकार को गुरुवार तक जवाब दाखिल करने की अनुमति दी और मामले की अगली सुनवाई दोपहर 2:30 बजे तय की है। मैसेजिंग प्लेटफॉर्म टेलीग्राम ने दिल्ली हाईकोर्ट में केंद्र सरकार के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसके तहत री-एग्जाम से पहले एप पर अस्थायी रोक लगाई गई है।नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने मंगलवार को सरकार की तरफ से टेलीग्राम पर बैन की जानकारी दी थी। यह रोक 22 जून 2026 तक लागू रहेगी। टेलीग्राम का मैसेज-एडिटिंग फीचर भी 30 जून तक बंद किया गया है।

# राहुल बोले- हमारा एजुकेशन सिस्टम बच्चों को टेंशन देता

**कोटा।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कोटा के दशहरा मैदान में बुधवार को स्टूडेंट्स से संवाद किया। कार्यक्रम 'छात्रों की गूंज' में राहुल ने कहा- ये कार्यक्रम कोई राजनीति का कार्यक्रम नहीं है, ये युवाओं, छात्रों की आवाज उठाने का मंच है। आज सिर्फ स्टूडेंट्स और युवाओं की बात होगी।राहुल गांधी ने कहा- हिंदुस्तान का एजुकेशन सिस्टम अपने बच्चों को प्रेशराइज (दबाव में) करता है। यह उन्हें स्ट्रेस (तनाव) देता है। मैं चाहता हूं कि हम सब मिलकर इसके खिलाफ लड़ाई लड़ें, ताकि आगे से किसी भी बच्चे को (आत्महत्या जैसा) ऐसा आत्मघाती कदम न उठाना पड़े।राहुल गांधी ने कहा- पांच प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में आपके परिवारों की जेब से उतना पैसा छीन लिया जाता है जितना पांच मंत्रालयों का बजट है। नीट, जेईई सहित 5 परीक्षाओं की तैयारी पर परिवारों की जेब से 5 लाख करोड़ चले जाते हैं।

# राममंदिर कर्मचारी टिन्नू की पत्नी बोली- बदनाम किया

**अयोध्या।** अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के मामले में मंदिर ट्रस्ट के कर्मचारी रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू के बाद उनकी पत्नी पूनम यादव सामने आई हैं। उन्होंने कहा- 50 कमरे, हॉस्टल, होटल और लग्जरी गाड़ियों जैसी बातें पूरी तरह गलत हैं। हमें बदनाम किया जा रहा है। यह पति को फंसाने की साजिश है। अगर कोई सबूत है तो दिखाएं। चढ़ावा चोरी के बाद टिन्नू सुर्खियों में हैं। पत्नी से पहले टिन्नू खुद भी सामने आए और वीडियो जारी किया। टिन्नू को ट्रस्ट महासचिव चंपत राय का करीबी माना जाता है। दावा किया जा रहा कि उनके घर से ट्रस्ट की जांच टीम ने सोना बरामद किया है। हालांकि, इस बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इधर, तीसरे दिन बुधवार को सुबह 10 बजे स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम मंदिर पहुंच गई है। चर्चा है कि आज उन बैंक कर्मचारियों से पूछताछ कर सकती है, जिनकी ड्यूटी चढ़ावा गिनने में लगी थी। इससे पहले, मंगलवार को स्ङ्खञ्ज ने 11 घंटे तक मंदिर परिसर में जांच की।

# भारत ने अफगानिस्तान को 170 रन से हराया

**लखनऊ।** भारत ने लखनऊ में खेले गए दूसरे वनडे में अफगानिस्तान को 170 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज अपने नाम कर ली। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 402 रन बनाए। जवाब में अफगानिस्तान की टीम 44.3 ओवर में 232 रन पर ऑलआउट हो गई। दारविश रसूली चोट के कारण रिटायर्ड हर्ट हुए और फिर बल्लेबाजी के लिए नहीं लौटे। भारत के लिए कप्तान शुभमन गिल ने 154 और ईशान किशन ने 125 रन की शतकीय पारियां खेलीं। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 224 रन जोड़कर टीम को 400 के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। गेंदबाजी में अर्शदीप सिंह और गुरनूर बरार ने 3-3 विकेट झटके। अफगानिस्तान की ओर से रहमत शाह ने सबसे ज्यादा 79 रन बनाए। टीम के लिए नांगेलिया खरोटे ने 4 और राशिद खान ने 3 विकेट लिए।

# 29 आईएएस के तबादले, सचिव आलोक हटाए गए

**भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार ने बुधवार को 29 IAS अधिकारियों के तबादले किए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग ने भोपाल और रीवा संभाग के कमिश्नर हटा दिए हैं। अब कर्मवीर शर्मा भोपाल और शैलेंद्र सिंह रीवा के नए संभागायुक्त होंगे। साथ ही मुख्यमंत्री के सचिव आलोक कुमार सिंह भी हटाए गए हैं। आलोक कुमार को पंजीयन महानिरीक्षक एवं अधीक्षक मुद्रांक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह से विवाद के बाद जबलपुर नगर निगम के अपर आयुक्त अरविंद कुमार शाह का भी तबादला कर दिया गया है। इसके अलावा रीवा संभागायुक्त बाबू सिंह जामोद को नगरीय विकास एवं आवास विभाग का सचिव बनाया गया है। मुकेश चंद्र गुप्ता को जेल विभाग का प्रमुख सचिव, डॉ. ई. रमेश कुमार को राजस्व विभाग का प्रमुख सचिव और विवेक कुमार पोरवाल को खनिज साधन विभाग का प्रमुख सचिव नियुक्त किया गया है।

# मोदी ने ट्रम्प से कहा-भारतीय नाविकों की सुरक्षा महत्वपूर्ण

**नई दिल्ली/एवियन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को कहा- जब तक मैं प्रेसिडेंट हूं, व्हाइट हाउस में मोदी का हमेशा अच्छा दोस्त मौजूद रहेगा।उन्होंने मोदी की तारीफ करते हुए कहा- जब तक मोदी लीडर हैं, इंडिया हर फील्ड में बड़ा रोल निभाएगा। मोदी शांत और जबरदस्त नेता हैं, लेकिन मैं मोदी की तरह नहीं हूं। वहीं ट्रम्प से द्विपक्षीय वार्ता में मोदी ने कहा कि समुद्र में भारतीयों की सुरक्षा जरूरी है। उम्मीद है कि ईरान के साथ डील में भारतीयों की सुरक्षा पक्की की जाएगी।पीएम ने कहा कि होर्मुज खुला रहना जरूरी है। मैं वेस्ट एशिया में शांति की कोशिशों में ट्रम्प की लीडरशिप की।

# प्री-मानसून की बारिश से मौसम हुआ सुहाना

## साफ-सफाई नहीं होने से सड़कों पर बहा नालियों का पानी, गर्मी से मिली राहत

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर

शहर में चार दिन बाद एक बार फिर प्री-मानसून की गतिविधियां तेज होने से मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। शाम को लगभग एक घंटे तक रुक-रुक कर कभी तेज तो कभी धीमी गति से बारिश होती रही। इस दौरान तेज हवाएं के साथ अच्छी बारिश हुई, जिसने मौसम में ठंडक घोल दी। लम्बे समय से गर्मी से परेशान नागरिकों को प्री-मानसून की इस बारिश से राहत मिली और नगर में अधिकतम तापमान 36 डिग्री के आसपास रहा।

बारिश शुरू होने से पहले आसमान में घने काले बादल छा गए थे। तेज हवा के साथ हुई वर्षा से सड़कों पर पानी बहने लगा और वातावरण में ठंडक घुल गई। पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी और उमस से परेशान लोगों को बड़ी राहत मिली। बारिश के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे लोगों ने सुकून महसूस किया। मौसम के खराब होने के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से कई स्थानों पर लोग घरों और दुकानों में शरण लेते दिखाई दिए।

तेज हवा और मौसम बिगडने के कारण लगभग एक घंटे से अधिक समय तक विद्युत आपूर्ति भी प्रभावित रही। हालांकि मौसम सामान्य होने के बाद बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई। किसानों ने भी इस बारिश का स्वागत किया है। उनका कहना है कि प्री-मानसून की यह वर्षा आगामी खरीफ फसलों की तैयारी के लिए लाभदायक साबित होगी तथा खेतों में नमी बढ़ने से बुवाई कार्य में सुविधा मिलेगी। बारिश के बाद पेड़.पौधे धुले-धुले नजर आए और पूरे क्षेत्र में ताजगी का एहसास हुआ। शाम तक मौसम सुहाना बना रहा तथा लोगों ने गर्मी से मिली राहत का आनंद लिया। प्री-मानसून की इस तेज बारिश से नगर पालिका की तैयारियों की पोल भी खोल दी। प्रेमनगर कॉलोनी के एक हिस्से में सड़क निर्माण नहीं होने से जल भराव हो गया तो महात्मा गांधी मार्ग पर नालियों में भरी गंदगी मुख्य सड़क पर बहने लगी। बारिश थम जाने के बाद नालियों में भरा कीचड़ मुख्य मार्ग पर जमा हो गया और गंदगी हो गई। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी प्री-मानसून गतिविधियां जारी रहने की संभावना है।

# दहेज प्रताड़ना से तंग आकर नवविवाहिता ने खाया था जहर

**शुजालपुर।** शुजालपुर मंडी क्षेत्र में 23 दिन पूर्व एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में पुलिस ने दहेज प्रताड़ना के आरोप में पति सहित छह लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि विवाह के बाद से ही महिला को दहेज में मोटरसाइकिल और तीन लाख रुपए की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जा रहा था। पुलिस के अनुसार वार्ड क्रमांक 21 अयोध्या बस्ती फ्रीगंज निवासी 24 वर्षीय अंजली राजपूत की 26 मई 2026 को जहरीला पदार्थ सेवन करने से मौत हो गई थी। उसे परिजन सिविल अस्पताल शुजालपुर मंडी लेकर पहुंचे थे, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# वार्ड 6 में नि: शुल्क स्वास्थ्य शिविर, 250 मरीजों ने लिया लाभ

**शुजालपुर।** सिटी क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 6 स्थित मोहम्मद उमर जमातखाना में बुधवार को मानसरोवर हॉस्पिटल बिलकिसगंज सीहोर के तत्वावधान में निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 250 मरीजों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। मरीजों को आवश्यक दवाइयों का निशुल्क वितरण भी किया गया। शिविर में नगर पालिका अध्यक्ष बबीता परमार एवं वार्ड पार्षद सईद पटेल का विशेष सहयोग रहा। आयोजन के दौरान चिकित्सकों ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श दिया। शिविर में 50 मरीजों की ईसीजी जांच तथा 200 लोगों के ब्लड प्रेशर और शुगर की जांच की गई। आयोजन को सफल बनाने में डॉ. अजहर मोहम्मद की महत्वपूर्ण भूमिका रही। शिविर में डॉ. रवि परमार एवं उनकी टीम ने स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कीं। इस अवसर पर सलमान पटेल, रऊफ खान, सलीम बेग, समद पेंटर, रिजवान खान, मजीत बावा, अब्दुल राशिद, मजहर मोहम्मद, अमित सक्सेना, नौशाद खान, राहुल, संजय, अजय सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। चिकित्सक दल में ऋतिक मेवाड़ा, नासिर अली, गजराज, अक्षय त्यागी, राहुल गोयल एवं गोविंद सहित अन्य सदस्य शामिल रहे। शिविर के सफल आयोजन पर क्षेत्रवासियों ने आयोजकों और चिकित्सक दल का आभार व्यक्त किया।

# महाराणा प्रताप के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

**शुजालपुर।** जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को क्रीड़ा विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, खिलाड़ियों और एनएसएस स्वयंसेवकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा थे। उन्होंने महाराणा प्रताप के अदम्य साहस, स्वाभिमान, त्याग और राष्ट्रभक्ति को युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि उनके जीवन से संघर्ष और कर्तव्यनिष्ठा की सीख मिलती है। उन्होंने विद्यार्थियों से राष्ट्र और समाज के प्रति अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करने का आह्वान किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी देवेन्द्र कुम्भकार ने महाराणा प्रताप के संघर्षपूर्ण जीवन और मातृभूमि के प्रति उनके समर्पण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी उन्होंने अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया। उनका जीवन आज भी युवाओं को आत्मसम्मान, सेवा और राष्ट्रभक्ति का संदेश देता है। इस दौरान महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई। खिलाड़ियों और स्वयंसेवकों ने उनके आदर्शों पर चलने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार, क्रीड़ा विभाग के खिलाड़ी और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# प्रवेश उत्सव में बच्चों का तिलक कर किया स्वागत

**शुजालपुर।** शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मोहम्मदखेड़ा में नवीन शिक्षा सत्र के तहत प्रवेश उत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन से हुई। इसके बाद विद्यालय में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा उन्हें पाठ्यपुस्तकों एवं साइकिलों का वितरण किया गया। विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों को नियमित रूप से स्कूल आने, अपने छोटे भाई-बहनों को भी विद्यालय में प्रवेश दिलाने तथा आसपास के ऐसे बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए प्रेरित किया जो अभी स्कूल नहीं जा रहे हैं। विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व और अधिक से अधिक नामांकन बढ़ाने के लिए जागरूक किया गया। विद्यालय में गत सत्र की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मेरिट में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के फ्लेक्स और प्रचार-पम्पलेट भी तैयार कराए गए हैं।


## जाहिर सूचना का खण्डन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 08/06/2026 को मेरे पक्षकारगण श्यामदास बैरागी एवं राजेन्द्रदास बैरागी पिता स्व.श्री लक्ष्मीनारायणदास बैरागी के विरूद्व रोहितदास बैरागी द्वारा अपने अधिवक्ता चितरंजन चौधरी के माध्यम से भ्रामक जानकारी देते हुए असत्य जाहिर सुचना का प्रकाशन करवाया गया था। उक्त जाहिर सुचना में यह गलत और भ्रामक जानकारी दी गयी थी कि मकान क्र. 44/1/2 एवं 44/1/3, जो कि बड़ी कमल कॉलोनी गली नं. 10, अंकपात मार्ग, उज्जैन म.प्र. में स्थित है उक्त मकान रोहित दास बैरागी के संयुक्त स्वामित्व व आधिपत्य का है। तथा उक्त जाहिर सुचना में यह भी गलत जानकारी दी गयी हैं कि श्यामदास बैरागी एवं राजेन्द्रदास बैरागी पिता स्व. लक्ष्मीनारायणदास बैरागी के द्वारा अपने पिता स्व. श्री लक्ष्मीनारायणदास बैरागी की कैंसर की बीमारी एवं उनकी मानसिक विपरीत परिस्थिति का फायदा उठाकर उक्त पैतृक संपत्ति के वसीयतनामें में अपने-अपने नाम दर्ज करवाकर वसीयतनामा निष्पादन कर नगर पालिक निगम, झोन क्रं. 2 में उक्त मकान पर अपने नाम का नामांतरण करवाये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जबकि सच्चाई यह हैं कि रोहित दास बैरागी द्वारा अपने पिता स्व. लक्ष्मणदास बैरागी के साथ मारपीट और अभ्रद्र व्यवहार किया जाता रहा हैं तथा स्व. लक्ष्मणदास जी द्वारा अपने पुरे हौसो हंवास में, स्वस्थ चित से उक्त भवनों को गवाहों के समक्ष रजिस्टर्ड वसीयत के माध्यम से मेरे पक्षकारगण को हस्तांतरित किया गया हैं। जिससे उक्त भवनों में मेरे पक्षकारगण के अलावा रोहितदास बैरागी या अन्य किसी व्यक्ति का कोई हक, हिस्सा, स्वत्व व अधिकार निहित नहीं है। उक्त जाहित सुचना में यह भी गलत जानकारी दी गई हैं कि मकान क 44/1/3 के स्वत्व संबंधी एक साम्पतिक वाद प्रकरण क्रं. आरसीएस /96/2026 सप्तम् व्यवहार न्यायाधीश महोदय वर्ग-1, उज्जैन में प्रस्तुत किया गया है जो वर्तमान में विचाराधीन है उक्त भवन के संबंध में कोई भी वाद विचाराधीन नहीं हैं। उक्त जाहिर सुचना में यह भी असत्य और भ्रामक जानकारी दी गई हैं कि प्रकरण में माननीय न्यायालय द्वारा यथास्थिति बनाये रखे जाने बाबत स्थगन रोहितदास बैरागी को प्रदान किया गया है, जबकि माननीय न्यायालय द्वारा ऐसा कोई भी स्थगन आदेश पारित ही नहीं किया गया हैं। मेरे पक्षकारगण की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त भवन पुर्ण रूप से पाक साफ होकर के मेरे पक्षकारगण के आधिपत्य और स्वामित्व में हैं। दिनांक 08/06/2026 को प्रेषित जाहिर सुचना पुर्ण रूप से असत्य हैं और इस जाहिर सुचना के द्वारा उक्त जाहिर सुचना का खण्डन किया जा रहा हैं। उक्त भवन का कय विक्रय के संबंध में समस्त अधिकार मेरे पक्षकारगण को हैं। मेरे पक्षकारगण के अलावा यदि और कोई भी व्यक्ति उक्त भवनों के सम्बन्ध में कोई भी संव्यवहार करता हैं तो उनके समस्त संव्यवहार इस जाहिर सुचना के आधार पर शुन्य माने जाएंगे। जो भी जाहिर सुचना पूर्व में दी गई थी, उनका इस जाहिर सुचना के प्रकाशन से प्रभाव निरस्त हो चुका हैं। सर्वसाधारण को यह भी सुचित किया जाता हैं कि कोई भी भ्रामक जाहिर सुचना प्रकाशित करवाता हैं तो उक्त भवनों का स्वामित्व और आधिपत्य मेरे पक्षकारगण को होने से भ्रमित ना हो और मेरे पक्षकारगण से संपर्क कर ही कोई भी निर्णय लें। सो सूचित हो।

**जय जायसवाल, हाईकोर्ट एडवोकेट**
**कार्यालय-19, डुप्लेक्स कॉम्पलेक्स, नरवर उज्जैन**
**मो. 8109700647**


# सर्किट हाउस में पत्रकारों ने दी लोकेंद्र सिंह ठाकुर को श्रद्धांजलि

**गुना।** शहर के पत्रकारों ने बुधवार दोपहर सर्किट हाउस में अपने दिवंगत साथी लोकेन्द्र सिंह ठाकुर को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उपस्थित पत्रकारों ने श्री ठाकुर के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की एवं 2 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की। इसके पूर्व मौजूद सभी पत्रकारों ने ठाकुर लोकेंद्र सिंह के कृतित्व और व्यक्तित्व को याद करते हुए उनके साथ बिताए हुए समय के अपने संस्मरण सुनाएं और उन्हें एक मिलनसार कर्मठ एवं पत्रकारिता के लिए समर्पित व्यक्तित्व बताया। बता दें कि गत दिवस लोकेंद्र सिंह ठाकुर का आकस्मिक निधन हो गया है। वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं उनके एक पुत्र और दो पुत्रियां हैं।

# बैरवा महासभा ने किया भव्य स्वागत

**उज्जैन।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती पर निकाली गई 32वीं शौर्य यात्रा का अखिल भारतीय बैरवा महासभा की उज्जैन जिला इकाई ने भव्य स्वागत किया।


## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Piyush Laddha से बदलकर Piyush Ladha रख लिया है अतः अब से मुझे इसी नाम से जाना जाये।

Piyush Ladha
निवासी मोडल टाउन,
लालपुर, देवास रोड, उज्जैन
मध्यप्रदेश 456010



## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने नवीन अखण्ड पिता श्री सुरेश अखण्ड निवासी-उज्जैन (म.प्र) से उनके स्वत्वस्वामित्व एंव आधिपत्य का भवन क्रंमाक 404 श्रेणी ईडब्ल्यूएस जिसका कुल क्षेत्रफल 36 वर्गमीटर स्थित उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन की नानाखेडा योजना क्रमांक 2 जिसके पूर्व में-भवन क्रमांक 403, पश्चिम में भवन क्रमांक 405, उत्तर में सड़क, दक्षिण में भवन क्रमांक 397 हैं एंव श्रीमती सुनीता अखण्ड पति श्री सुरेश अखण्ड निवासी उज्जैन (म.प्र) उनके स्वत्वस्वामित् व एंव आधिपत्य का भवन क्रमांक 403 श्रेणी ईडब्ल्यूएस जिसका कुल क्षेत्रफल 36 वर्गमीटर स्थित उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन की नानाखेडा योजना क्रमांक 2 जिसके पूर्व में-भवन क्रमांक 402 पश्चिम में- भवन क्रमांक 404, उत्तर में सड़क, दक्षिण में भवन क्रंमांक 398 हैं को क्रय करने का अनुबंध किया होकर बयाना राशि का भुगतान भी कर दिया है केवल विक्रय पत्र का निष्पादन होना शेष रहा हैं यदि उक्त दोनो भूखण्ड को विक्रय किये जाने में किसी व्यक्त संस्था बैंक या अन्य किसी को कोई आपत्ति हो या किसी का कोई ऋण भाग बोझ हित अधिकार आधिपत् य ब्रिकी या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव् यवहार को कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के 7 दिवस (सात) के भीतर सप्रमाण लिखित में मेरे कार्यालयीन समय में आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मियाद अवधि मेरा पक्षकार दोनो भूखण्ड का विक्रय-पत्र का पंजीयन करवा लेवेगा तत् पश्चात् कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितो पर बंधनकारक नहीं होगी को सूचित हो इतिदिंना क 17.06.2026

**विवेक गुप्ता एडवोकेट**
**पत्ता-11/1 घटकरपर मार्ग उज्जैन ( म.प्र )**
**मो. 9827228461**


# प्रांतीय पदाधिकारी एवं संभागीय अध्यक्ष का गुना में अजाक्स संघ ने किया स्वागत




**गुना।** ग्वालियर से भोपाल जाते समय अल्प प्रवास पर गुना अजाक्स कार्यालय पर पधारे प्रांतीय महासचिव राजवीर अग्निहोत्री, प्रांतीय सचिव बसंत खरे, प्रांतीय सह सचिव शैलेंद्र प्रताप कदम एवं संभागीय अध्यक्ष कैलाश बाबू धोहरे एवं सीएल धोहरे का गुना जिला अध्यक्ष रमेशचंद अहिरवार, महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष कीर्ति मोरोलिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष अहिरवार, कोषाध्यक्ष अमरीश कुश्तवार, जिला महासचिव किशनलाल जाटव, जिला सचिव भीम सिंह पटेलिया, ब्लॉक अध्यक्ष पहलवान सिंह तिलवे, जिला सदस्य नीलम सिंह सहरिया, अशोक सिंह चंढारिया एवं आनंद करोसिया द्वारा आत्मीय स्वागत बंधन अभिनंदन किया गया। प्रांतीय सह सचिव शैलेंद्र प्रताप कदम ने बताया कि 12 जुलाई को ग्वालियर में होने वाले अजाक्स के कार्यक्रम में प्रतिभा सम्मान समारोह में कक्षा 10 एवं 12वीं में 90 प्रतिशत अंक लाने वाले छात्रों का सम्मान किया जाएगा इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। गुना जिले से अधिक से अधिक संख्या में पदाधिकारी एवं अधिकारी कर्मचारी कार्यक्रम में भाग लेने हेतु अपील की गई। अंत में महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष कीर्ति मोरोलिया के जन्म उत्सव पर प्रांतीय पदाधिकारी एवं जिला पदाधिकारी एवं उपस्थित सदस्यों द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई। इसके साथ ही उन्हें स्वस्थ रहने एवं दीर्घायु की तथागत से प्रार्थना की गई।

# स्मार्ट मीटर के विरोध में मंदसौर में पैदल मार्च निकाला, चक्काजाम किया, बिजली विभाग ने दी 30 जून तक की मोहलत

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मंदसौर।




प्रदेश व्यापी स्मार्ट मीटर समस्या के विरोध में मंदसौर शहर में जिला पंचायत सदस्य दीपक सिंह गुर्जर के नेतृत्व में आम जनता ने जनआंदोलन किया। शहरवासियों ने गांधी चौराहे से सरदार पटेल चौराहे तक पैदल मार्च निकालकर एमपीईबी के अधिकारियों के समक्ष अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया।

करीब ढाई घंटे चले इस प्रदर्शन में उपभोक्ताओं ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद से बिजली बिलों में अप्रत्याशित बढ़ोतरी हुई है और मीटर की रीडिंग व पल्स रेट को लेकर भारी असमंजस है। साथ ही बिना पूर्व सूचना के कनेक्शन काटने और लाखों रुपये खर्च कर सोलर प्लेट लगाने के बाद भी हजारों के बिल आने पर गहरा रोष जताया गया। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि बढ़े हुए बिलों को संशोधित किया जाए, बिल जमा करने की अंतिम तारीख 30 जून की जाए और इन स्मार्ट मीटरों को हटाकर पुराने विश्वसनीय मीटर पुनः लगाए जाएं।

दीपक सिंह गुर्जर ने चेतावनी दी कि यदि 30 जून तक समाधान नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन के बाद विद्युत विभाग के अधिकारियों ने उपभोक्ताओं को आश्वस्त करते हुए बिल जमा करने की अंतिम तिथि 18 जून से बढ़ाकर 30 जून कर दी है और समस्याओं के निवारण हेतु 30 जून से पहले एक विशेष सुधार शिविर (कैंप) आयोजित करने का आश्वासन दिया है। इस आंदोलन के दौरान सुरेश भाटी, रूपल संचेती, अनुपम त्रिपाठी, लोकेश मोड़, विनोद सांखला, प्रताप सिंह चंद्रावत, राधेश्याम शर्मा, दीपक जोशी, आदित्य मित्तल, सत्तू चौहान, सुनीता बागरी, ललिता कुमावत, कृष्णकुमार त्रिवेदी, आशुतोष त्रिवेदी, आकाश कुमावत, विजय भावसार, अनिल सेठिया, सीमा राठौर, कमलेश सोनी लाला, सुरेन्द्र कुमावत, राजेंद्र सेठिया, सम्यक जैन, विजय जैन, अजय सोनी, अनिल नरानिया, ओम बडालिया, शुभम कुमावत, सुनील बंसल, अंकित माहेश्वरी, अशांशु संचेती, अक्षय सेठिया, सुदीप पाटिल, रवि जैन, जितेंद्र बग्गा, सोनाक्ष पाटीदार, हितेश बैरागी, अक्षय रजवानिया, सुनील जैन, मनीष भावसार सहित अन्य उपस्थित रहे।

## शहर व क्षेत्र की प्रसिद्ध कृति संस्था ने मेवाड़ के महाराणा प्रताप की जयंती मनाई

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ नीमच




शहर व क्षेत्र की प्रसिद्ध सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था 'कृति' द्वारा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जन्म जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया गया। इस दौरान संस्था के सदस्यों और शहर के गणमान्य नागरिकों ने नीमच सिटी और ग्वालटोली स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके अद्वितीय शौर्य और देशप्रेम का स्मरण किया।

प्रताप जयंती के इस गरिमामयी अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से महाराणा प्रताप को नमन किया गया। प्रख्यात गायक मास्टर सलीम भाई ने महाराणा प्रताप के जीवन और उनके गौरवगाथा पर आधारित एक भावपूर्ण गीत प्रस्तुत किया। वहीं, सत्येंद्र सक्सेना ने वीर रस से ओतप्रोत कविता का पाठ कर उपस्थित जनसमूह में राष्ट्रप्रेम का जोश भर दिया। महाराणा प्रताप एक महान योद्धा और परम स्वतंत्रता प्रेमी थे। उन्होंने अपने स्वाभिमान से कभी समझौता नहीं किया और अपने पूरे जीवनकाल में मुगल शासक अकबर को चैन से बैठने नहीं दिया। आज के समय में महाराणा प्रताप के पदचिन्हों पर चलकर ही हम अपनी स्वतंत्रता और सनातन संस्कृति की रक्षा कर सकते हैं। इस तरह मेवाड़ के सूर्य महाराणा प्रताप के मुगलों से संघर्ष और मेवाड़ की रक्षा में किए गए संघर्ष को याद किया गया।

कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित इस गौरवपूर्ण अवसर पर क्षेत्रीय विधायक श्री दिलीपसिंह परिहार विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ ही कृति संस्था के अध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी, सचिव रघुनन्दन पाराशर, और सदस्यगण सर्वश्री भरत जाजू, बाबूलाल गौड़, किशोर जेवरिया, डॉ जीवन कौशिक, पकाश , भट्ट,मलेश जायसवाल, मुकेश कासलीवाल श्याम थोरेचा अक्षय पुरोहित शरद पाटीदार इसके साथ ही गायक सलीम, महिपालसिंह चौहान, अनिल डबकरा, दिलीप दुबे सहित बड़ी संख्या में शहर के प्रबुद्ध नागरिकगण उपस्थित थे।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मंदसौर में मनेगा भव्य उत्सव, मुनिश्री प्रणम्य सागर जी के सानिध्य में जुटेंगे हजारों योग प्रेमी

**मंदसौर।** आयुष मंत्रालय, मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान, जिला प्रशासन और सकल जैन समाज मंदसौर के संयुक्त तत्वावधान में व दिगंबर जैन मुनिश्री प्रणम्यसागर जी महाराज की पावन निश्रा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून रविवार को शहर के नूतन स्टेडियम में एक विशाल योग साधना कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है। इस आयोजन के उपलक्ष्य में स्थानीय तारबंगला पर आयोजित एक पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए मुनिश्री ने कहा कि ध्यान और योग भारत की प्राचीन पद्धति है, जिसका प्रभाव शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक विचारों पर भी सकारात्मक रूप से पड़ता है। उन्होंने जिम संस्कृति के बजाय योग अपनाने पर बल दिया और कहा कि च्ॐज् शक्ति का प्रतीक है तो श्अर्हंश विचारों में पवित्रता लाता है। मीडिया प्रभारी डॉ. चंदा कोठारी ने बताया कि ग्यारह वर्ष पूर्व मंदसौर से शुरू हुआ अर्हं योग आज देश के 24 राज्यों और विश्व के 14 देशों में 1100 से अधिक सर्टिफाइड ट्रेनर्स के माध्यम से लगभग दस लाख अनुयायियों तक पहुँच चुका है। इसके बड़े आयोजन दिल्ली के लाल किला और आगरा के ताजमहल जैसे ऐतिहासिक स्थलों पर भी हो चुके हैं। पत्रकारवार्ता के दौरान सकल जैन समाज महामंत्री शेखर कासमा, शांतिलाल बड़जात्या, डॉ. राजकुमार बाकलीवाल, नरेश दोशी, नंदकिशोर अग्रवाल, जयकुमार बड़जात्या, अरविंद मेहता, भरत कोठारी आदि उपस्थित थे। आभार सकल जैन समाज अध्यक्ष लोकेन्द्र जैन ने व्यक्त किया।



## अद्विका नागर ने अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में जीता सिल्वर मेडल



**रतलाम ।** प्रतिभाशाली खिलाड़ी अद्विका नागर ने अंतरराष्ट्रीय स्तर की शितो रियु कराटे प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए नागर ब्राह्मण समाज एवं परिवार का नाम गौरवान्वित किया है। शीतौ रियू स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा कुंभलगढ़ राजस्थान में आयोजित इस प्रतियोगिता में अद्विका ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किए। इस प्रतियोगिता में भारत के अलावा भूटान, श्रीलंका और नेपाल के खिलाड़ियों ने भी भाग लिया। अहमदाबाद की 10 वर्षीय अद्विका पहले से ही येलो बेल्ट धारक हैं और राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई थी। वे कराटे के साथ-साथ बैडमिंटन एवं लॉन टेनिस में स्थानीय एकलव्य एकेडमी में सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं। अद्विका नागर नगर की प्रमुख शैक्षणिक संस्था उद्गम स्कूल की प्रतिभावान छात्र हैं और नियमित रूप से सांस्कृतिक एवं कला स्पधाओं में भी प्रतिभागी रही हैं! आप प्रबोध नागर एवं रूपल नागर, अहमदाबाद की पुत्री हैं। वे रतलाम निवासी विष्णुदत्त नागर एवं स्नेहलता नागर की पौत्री तथा श्री मणि शंकर नागर एवं श्यामा नागर, मक्सी की नातिन हैं। अद्विका की इस उपलब्धि पर म.प्र. नागर ब्राह्मण प्रतिभावान राज्य स्तरीय प्रतिभावान समिति,म.प्र. नागर ब्राह्मण परिषद शाखा रतलाम,समग्र नागर परिषद अहमदाबाद, मित्रों एवं समाजजनों द्वारा उन्हें शुभकामनाएं दी।

**सामाजिक न्याय विभाग चलाएंगे जन-जागरण अभियान**

**बड़वानी।** युवाओं और समाज को नशे की बुराइयों से दूर रखने तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अखिल विश्व गायत्री परिवार एवं सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के संयुक्त प्रयासों से 17 जून से 26 जून तक व्यापक जन-जागरण अभियान चलाया जाएगा।

## राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव नई पीढ़ी को महाराणा प्रताप से सीखना चाहिए

### जिला राजपूत समाज संगठन ने मनाई महाराणा प्रताप जयंती

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मन्दसौर



जिला राजपूत समाज संगठन के तत्वावधान में महाराणा प्रताप जयंती के उपलक्ष्य में एक भव्य चल समारोह और सामाजिक सभा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव नई पीढ़ी को महाराणा प्रताप से सीखना चाहिए, जिन्होंने घास की रोटी खाकर भी स्वाभिमान से समझौता नहीं किया। उन्होंने वर्तमान दौर में बिखरते संयुक्त परिवारों और सामाजिक संतुलन को बनाए रखने की आवश्यकता पर भी बल दिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक संरक्षक यशपाल सिंह सिसौदिया ने कहा कि महाराणा प्रताप को किसी एक जाति में नहीं बांधा जा सकता, उनका जीवन सभी समाजों को साथ लेकर चलने की प्रेरणा देता है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेंद्रसिंह गुर्जर ने मेवाड़ के रक्षक राणा उदय सिंह के लिए अपने पुत्र का बलिदान देने वाली पन्ना धाय का स्मरण किया। नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर और शामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष कविता यादव ने युवाओं को महाराणा प्रताप के पराक्रम की कहानियां सुनाने की आवश्यकता जताई ताकि वे अच्छे चरित्र का निर्माण कर सकें।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष ठा. रूघनाथसिंह काचरिया ने अतिथियों का स्वागत किया और समाज के कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। सभा को तेजपालसिंह धाकड़ी, अजय सिंह चौहान, शिवराजसिंह घटावदा और अशोकसिंह जादौन ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला संगठन मंत्री डॉ. प्रीतिपालसिंह राणा ने किया तथा आभार जिला सचिव भूपेन्द्रसिंह राठौर ने माना।

इस अवसर पर शामगढ़ नगर पंचायत द्वारा महाराणा प्रताप की अदम्य प्रतिमा स्थापित करने के लिए विशेष सम्मान किया गया। चल समारोह का भव्य स्वागत अग्रवाल समाज, ग्वाला समाज, विनोद डगवार भाजपा मण्डल अध्यक्ष मित्र मण्डल, बस स्टेण्ड मित्र मण्डल, विश्व हिन्दू परिषद, शहर कांग्रेस कमेटी, सकल जैन समाज, सिंधी समाज तथा जांगड़ा पोरवाल समाज की ओर से किया गया।

## नीमच जिले के पटवारी और तहसीलदार के हुए तबादले

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ नीमच

जिला मुख्यालय से कई पटवारियों व तहसीलदार के स्थानांतरण हुए हैं। राज्य शासन की स्थानांतरण पति-2026 के तहत जारी नादेश में विभिन्न तहसीलों के पटवारियों को प्रशासनिक एवं वैच्छिक आधार पर नई पद स्थापनाएं की गई हैं। आदेश के अनुसार सभी पटवारियों को तत्काल नवीन पदस्थापना स्थल पर उपस्थित होकर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं।

प्रशासनिक आधार पर जिन टवारियों का तबादला किया गया उनमें महेश पाटीदार (जावद से रामपुरा), दयाशंकर राठौर (सिंगोली से रामपुरा), फिरोज खान (सिंगोली से रामपुरा), मोहनलाल मालवीय (जावद से रामपुरा), लाखनसिंह भाटी (रामपुरा से जीरन), राहुल पंचारिया (रामपुरा से जावद), अर्जुन पाटीदार (रामपुरा से जावद), विशाल शर्मा (मनासा से जावद), मुकेश गुर्जर (मनासा से नीमच ग्रामीण), राजेश मालवीय (नीमच नगर से रामपुरा), भरत धाकड़ (रामपुरा से सिंगोली), सुश्री औसीयन डेविट (जावद से मनासा), मुकेश कटारा (सिंगोली से मनासा), ओमप्रकाश सुतार (मनासा से सिंगोली), कन्हैयालाल रामपुरा, जावद, मनासा, सिंगोली, जीरन और नीमच क्षेत्र में नई पद स्थापनाएं, पांच पटवारियों को स्वैच्छिक स्थानांतरण का लाभ खेमवानी (जावद से मनासा), उदयलाल रावत (सिंगोली से जावद), नरेन्द्र पाटीदार (नीमच ग्रामीण से नीमच नगर), ओंकारलाल पाटीदार (सिंगोली से नीमच ग्रामीण), लोकेश मोड़ (नीमच नगर से सिंगोली), सीमा पंवार (नीमच ग्रामीण से मनासा), गोविन्दसिंह परिहार (मनासा से. जीरन), अरुण हेडाऊ (सिंगोली से नीमच ग्रामीण), महेश भाटी (सिंगोली से मनासा), गोविन्दसिंह चौहान (सिंगोली से जीरन) तथा एक अन्य पटवारी का रामपुरा से भू-संसाधन एवं प्रबंधन शाखा में संलग्नीकरण किया गया है। वहीं स्वैच्छिक स्थानांतरण के तहत दीपक बसेर (मनासा से नीमच ग्रामीण), बंशीलाल मांदलिया (सिंगोली से रामपुर), पंकज शर्मा (जीरन से रामपुरा), अरुण (रामपुरा से नीमच ग्रामीण) तथा रघुनंदन राजोरा (जीरन से रामपुरा) को नई पदस्थापनाएं गई हैं।

अपर कलेक्टर द्वारा की में संबंधित नीमच से 10 पटवारी बाहर, 8 नए अधिकारियों की जिले में एंट्री भू आयुक्त भू-संसाधन प्रबंधन, ग्वालियर द्वारा जारी पटवारी स्थानांतरण सूची में नीमच जिले के 10 पटवारियों को अन्य जिलों में नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, जबकि प्रदेश के विभिन्न जिलों से ८ पटवारियों की नवीन पदस्थापना नीमच जिले में की गई है। जारी आदेश के अनुसार अनुरोध विश्वकर्मा को नीमच से छतरपुर, अमनसिंह राजावत को नीमच से इंदौर, आशुतोष पचौरी को नीमच से छतरपुर, जान्हवी भार्गव को नीमच से उज्जैन, प्रकाशचन्द शुक्ला को नीमच से सतना, मनोज खराड़ी को नीमच से मंदसौर, विमल काला को नीमच से मंदसौर, संयोगकुमार अठनेरे को नीमच से बैतूल, सुमित शर्मा को नीमच से श्योपुर तथा सौम्या खरे को नीमच से छतरपुर स्थानांतरित किया गया है, जबकि विभिन्न जिलों से 8 पटवारियों को नीमच जिले में पदस्थ किया है।

इनमें अजय जयन्त को अनूपपुर से नीमच, अंजली झाला को बड़वानी से नीमच, तरुण मालवीय को उज्जैन से नीमच, नीलू शर्मा को रतलाम से नीमच, विरेन्द्र को उज्जैन से नीमच, शुभम गुजराती को खरगोन से नीमच, मनोज कुमार को खण्डवा से नीमच तथा जगदीशचंद दाहिमा को झाबुआ से नीमच भेजा गया है।

## न्यूज-कॉलम

### न.पा. से कर्मचारियों व अधिकारियों के हुए स्थानांतरण

**नीमच।** जिले की नीमच नगर पालिका से स्थानांतरण किए गए । जिन्हें तत्काल प्रभाव से कर्तव्य स्थल पर ज्वाइन करने के लिए कहां गया है का प्रभार भी देख रहे थे जिन्हें पूर्ण रूप से मनासा के लिए रिलीव कर दिया गया। इसी प्रकार लेखाधिकारी धर्मेंद्र बुंदेला का बड़वानी एवं राजस्व उप निरीक्षक रामचंद्र सिंदल का आगर स्थानांतरण होने तथा राजस्च उप निरीक्षक शिवकरण नागदा का मनासा स्थानांतरण होने पर रिलीच किया गया। नए कर्मचारियों की आमद होगी स्थानांतरित कर्मचारियों के स्थान पर रतनगढ़ में प्रभारी सीएमओ का कार्य देख रहे राजस्व उप निरीक्षक खेमचंद मुसले का नीमच नगर पालिका में स्थानांतरण किया गया है। इसके अतिरिक्त एक सहायक ग्रेड वन अधिकारी तथा एक इंजीनियर, चार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी व ३ स्वच्छता संरक्षक भी नीमच नगर पालिका को मिले हैं।

### बिना अनुज्ञापत्र गेहूँ परिवहन पर कार्रवाई

**मंदसौर।** मंडी क्षेत्र में अवैध परिवहन को रोकने के लिए मंडी सचिव लक्ष्मण सिंह ठाकुर के निर्देशन में मंदसौर-नीमच जिला संभागीय निरीक्षण दल द्वारा एक सघन जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान निरीक्षण दल ने कार्रवाई करते हुए वाहन क्र. एमपी 43 जी 2153 को रोककर उसकी तलाशी ली। जांच में वाहन के भीतर 120 क्विंटल गेहूँ भरा हुआ पाया गया, जिसके परिवहन के लिए आवश्यक कृषि उपज अनुज्ञापत्र मौके पर प्रस्तुत नहीं किया जा सका। आवश्यक दस्तावेज न होने के कारण निरीक्षण दल ने तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करते हुए मौके पर ही पंचनामा तैयार किया। इस पूरे प्रकरण में नियमानुसार कार्रवाई करते हुए पांच गुना शुल्क के रूप में 22 हजार 230 रुपये, निराश्रित शुल्क के 2 हजार 964 रुपये तथा समझौता शुल्क के 3 हजार रुपये सहित कुल 28 हजार 19 रुपये की राशि जुर्माना स्वरूप वसूल की।

### शिवना नदी के मध्य विराजित कुलदेवी का वार्षिक पूजन 21 को

**मंदसौर।** दशोरा समाज द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शिवना नदी के मध्य विराजित समाज की कुलदेवी का वार्षिक पूजन आगामी 21 जून रविवार को अत्यंत श्रद्धाभाव के साथ आयोजित किया जाएगा। कुलदेवी ट्रस्ट के प्रवक्ता आनंद दशोरा एवं स्थानीय प्रवक्ता जयेश नागर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस धार्मिक उत्सव में मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और गुजरात से 2 हजार से अधिक समाजजनों के सम्मिलित होने की संभावना है। आयोजन के अंतर्गत भगवान पशुपतिनाथ जी का अभिषेक पूजन, कुलदेवी का पूजन, हवन, महा आरती तथा समाज के बटुकों के लिए निशुल्क यज्ञोपवीत संस्कार संपन्न कराया जाएगा। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने और महाप्रसादी की व्यवस्था पशुपतिनाथ मंदिर के समीप पशुपतिनाथ गेस्ट हाउस में की गई है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नाथद्वारा के विधायक महाराणा विश्वराजसिंह मेवाड़ होंगे तथा विशेष अतिथि नपाध्यक्ष रमा गुर्जर उपस्थित रहेंगी।

### राष्ट्रीय वॉटर स्पोर्ट्स प्रशिक्षण हेतु राघव का चयन हुआ

**मंदसौर।** मंदसौर निवासी और दिल्ली विश्व विद्यालय के छात्र राघव जैन का चयन हिमाचल प्रदेश के प्रतिष्ठित संस्थान द्वारा आयोजित बेसिक वॉटर स्पोर्ट्स कोर्स के लिए हुआ है। राघव को प्रशिक्षण के लिए कांगड़ा जिले में स्थित महाराणा प्रताप सागर (पोंग डैम) भेजा गया है। राघव जैन 17 जून से 30 जून तक आयोजित होने वाले इस राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेंगे, जो देश में जल क्रीड़ा और साहसिक गतिविधियों का एक प्रमुख केंद्र माना जाता है।

### सीएम हेल्पलाईन शिविर

**नीमच।** अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन जोन उज्जैन द्वारा जोन के सभी जिलों में मंगलवार को जिला स्तरीय जन सुनवाई एवं शिकायत निवारण शिविर का आयोजन कर अधिक से अधिक लंबित सी.एम.हेल्पलाईन एवं जनता शिकायतों का निराकरण करने संबंधी निर्देश दिये गये है।

## न्यूज कालम




### शा.क.उ.मा.वि. पिपलिया स्टेशन में हर्षोल्लास के साथ मनाया प्रवेशोत्सव

**पिपलिया मंडी।** शा.क. उ.मा.वि. पिपलिया स्टेशन में नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर दिनांक 16 जून को प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं का स्वागत करते हुए उन्हें शिक्षा के महत्व तथा नियमित अध्ययन के लिए प्रेरित किया गया प्रवेश उत्सव के दौरान छात्रों को निशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया तथा पात्र छात्राओ को साइकिलों का वितरण किया गया । इसके साथ ही कक्षा 12वीं में उत्कृष्ट प्रतिशत प्राप्त का राज्य शासन की लैपटॉप योजना के अंतर्गत लाभान्वित छात्राओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन श्री किरण वर्मा द्वारा किया गया तथा कार्यक्रमों का नेतृत्व विद्यालय के प्राचार्य श्री यू एस पांडेय ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री भारतसिंह जी सोनगरा उपाध्यक्ष नगर परिषद पिपलिया मंडी रहे। उनके करकमलों से विभिन्न गतिविधियों का शुभारंभ किया गया। एवं श्रीमती युक्ति फरकया द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकों ने अपने-अपने विभागों द्वारा शैक्षणिक क्षेत्र में प्राप्त उपलब्धियां की जानकारी छात्राओं के साथ साझा की तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं ने भी उत्साह पूर्वक सहभागिता करते हुए विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों एवं शिक्षकों ने छात्रों को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए नए शिक्षण सत्र के लिए शुभकामनाएं दी।

### महाराणा प्रताप जन्मोत्सव पर निकली शौर्य यात्रा का किया भव्य स्वागत



**रतलाम ।** नगर मे राजपूत समाज द्वारा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप और वीर छत्रसाल बुंदेला की जयंती पर निकाली गई शौर्य यात्रा का जिला भाजपा कार्यालय पर भव्य स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय के नेतृत्व मे भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा कर शौर्य यात्रा का स्वागत किया। यात्रा मे शामिल समाज प्रमुखों का अंगवस्त्र पहनाकर अभिनंदन किया गया। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद राठौर जिला कोषाध्यक्ष पवन सोमानी, जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी अरुण त्रिपाठी, सोशल मीडिया जिला संयोजक तन्मय त्रिवेदी, आई.टी.जिला संयोजक निलेष राव, मंडल महामंत्री संदीप मौर्य, आकाश खंडके, पार्षद रणजीत टांक हिना उत्सव मेहता, गौविंद चौहान, शेलेन्द्र सिसोदिया, राजेन्द्र भाटी शिवगढ़, हार्दिक मेहता , करन वशिष्ठ आदि मोजूद रहे।

### जमीन विवाद में खूनी संघर्ष एक की मौत, परिवार के तीन लोग घायल

**नीमच।** जिले के जावद थाना के नयागांव क्षेत्र के ग्राम कानका में जमीन के पुराने विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया । यहां एक परिवार के दो पक्षों के बीच इस जमकर लाठी-डंडे और धारदार हथियार से हिंसक संघर्ष में एक व्यक्ति की मौत हो गई, । जबकि उसके परिवार के तीन अन्य सदस्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इस घटना के बाद पूरे गांव में भारी तनाव का व्याप्त है। वहीं पीड़ित परिवार ने स्थानीय पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए लापरवाही के आरोप लगाए हैं। मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम कानका में रहने वाले पप्पू राठौर पिता बद्रीलाल तेली का गांव के ही कुछ लोगों के साथ जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। बुधवार को इसी जमीन विवाद ने अचानक उग्र रूप धारण कर लिया। दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए और उनके बीच खूनी संघर्ष शुरू हो गया। इस हमले में हमलावरों ने पप्पू तेली पर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। बीच-बचाव करने आए पप्पू के भाई, भाभी और भतीजे को भी उपद्रवियों ने बेरहमी से पीटकर लहूलुहान घायल कर दिया। एक व्यक्ति की मौतके बाद परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जिला चिकित्सालय के पुलिस सहायता कक्ष का घेराव किया।

### महाराणा प्रताप अपनी बहादुरी व राज्य के प्रति प्रेम के लिए प्रसिद्ध है-शर्मा



**पिपलीयामंडी।**महाराणा प्रताप राजस्थान के एक वीर राजा थे उनका जन्म 1540 में हुवा था और वे राजपूत वंश से समंध रखते थे।महाराणा प्रताप अपनी बहादुरी ओर अपने राज्य के प्रति प्रेम के लिए भी प्रसिद्ध है। उक्त बात मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा ने बुधवार को एनएसयूआई द्वारा मुंदेडी में महाराणा प्रताप की जयंती पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर साथियो सहित माल्यार्पण करते हुवे आयोजित कार्यक्रम में कही। शर्मा ने कहा कि महाराणा प्रताप ने अपने जीवनकाल में मुगल सम्राट अकबर के खिलाफ कई युद्व लड़े जिनमे हल्दीघाटी का युद्ध और दिवेर का युद्व सबसे प्रमुख है। शर्मा ने कहा कि महाराणा प्रताप अरावली के जंगलों में गुरिल्ला युद्व की रणनीति अपनाते थे,जिससे विशाल मुगल सेना भी असमंजस में पड़ जाती थी। अकबर के लाखों प्रयासों के बाद भी मुगलो को मेवाड़ पर पूर्ण नियंत्रण नही मिल पाया। शर्मा ने कहा कि महाराणा प्रताप ने बचपन मे ही चित्तौड़ में युद्व ओर अस्त्र शस्त्र चलाने की शिक्षा ली।



## प्रवेशोत्सव पर किया विद्यार्थियों का स्वागत

**जगोटी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक जगोटी में मंगलवार को प्रवेशोत्सव पर उपस्थित छात्र छात्राओं का पुष्पहारों से स्वागत किया गया। अतिथि सरपंच राहुल मुकाती, प्रभारी प्राचार्य जी आर बमनावत ने विद्यार्थियों को पुस्तकों का वितरण करते हुए जीवन में शिक्षा के महत्व को लेकर मार्गदर्शन दिया। संचालन शिक्षिका किरण धारू व आभार वरिष्ठ शिक्षक मनोहर सिंह दांगी ने व्यक्त किया।

## सरस्वती शिशु मंदिर सगवाली में मनाया प्रवेश उत्सव



**महिदपुर रोड।** सरस्वती शिशु सगवाली में मंगलवार को नवीन सत्र के शुभारंभ पर विद्यालय में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी स्कूली बच्चो का तिलक लगाकर, पुष्पवर्षा कर पैर पखार कर स्वागत किया गया। इस दौरान दीप प्रज्ज्वलन, वंदना, हनुमान चालीसा पाठ, रंगो ली सज्जा तथा विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की गई। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश परिहार व सभी आचार्य परिवार उपस्थित रहे, जानकारी मीडिया प्रभारी कमल कलेरिया ने दी।

## कृषि आदान विक्रेता संघ द्वारा संभाग अध्यक्ष आर्य का वैदिक रीति से स्वागत



**सुसनेर।** कृषि आदान विक्रेता संघ सुसनेर द्वारा सोमवार को एक गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नवनियुक्त संभाग अध्यक्ष मोहन लाल आर्य के मनोनयन के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था, जहां संगठन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने उनका स्वागत व अभिनंदन किया। कार्यक्रम की शुरूआत पूर्णतः वैदिक रीति-रिवाज और मंत्रोच्चार के साथ की गई। गरिमामयी परंपरा का निर्वाह करते हुए नवनियुक्त संभाग अध्यक्ष आर्य को साफा बांधा गया और उन्हें प्रतीक स्वरूप तलवार भेंट कर सम्मानित किया गया। उपस्थित सभी सदस्यों ने आर्य को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। इस सम्मान समारोह में सुसनेर सहित आसपास के पूरे अंचल से संगठन के प्रमुख पदाधिकारियों और विक्रेताओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डोंगरगांव, सोयत, कानड़, आगर, तनोडिया, पिपलोन, बड़ौद, नलखेड़ा और मोड़ी के सभी वरिष्ठ व कनिष्ठ पदाधिकारी विशेष रूप से सम्मिलित हुए। सभी ने संगठन की मजबूती और व्यापारियों के हित में कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन सुसनेर के ब्लॉक अध्यक्ष संजय तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी अतिथियों और आगंतुकों का आभार व्यक्त किया गया।

## सोमवती अमावस्या पर किया वृक्षारोपण,साथ ही लिया संकल्प



**तनोडिया।** समीपस्थ ग्राम गुन्दीकलां में सोमवती अमावस्या के पावन पर्व पर इस वर्ष विशेष धार्मिक महत्व लेकर आई। इस दिन सोमवती अमावस्या, पुरुषोत्तम मास की अमावस्या तथा मिथुन संक्रांति का दुर्लभ संयोग बना था। सुबह से ही प्रसिद्ध कोटेश्वर महादेव मंदिर में महिलाओं ने पुजा अर्चना कर पिपल के वृक्ष की परिक्रमा कर सुख समृद्धि की कामना की गई। वहीं मंदिर परिसर में कन्याओं व भक्तों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इस धार्मिक और पर्यावरण अनुकूल अवसर पर मंदिर परिसर में अमरूद (जामफल) का पौधा रोपा गया।ग्रामीण राधेश्याम पुरोहित ने जानकारी देते हुए बताया कि पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए संकल्प लिया गया है कि आज से प्रति माह की अमावस्या पर मंदिर परिसर में एक पौधा अनिवार्य रूप से लगाया जाएगा। इस सराहनीय और अच्छी पहल की शुरूआत सोमवार को सोमवती अमावस्या से शुरू की गई। जिसमें शिवनारायण लोहार (भठोदरा) व बच्चों द्वारा पौधा लगाकर की गई। गांव में पर्यावरण बचाने के लिए शुरू की गई पहल में भावना राठोड़,रितु राठोड़, दुर्गा लोहार, पिंकी वर्मा, विष्णु लोहार इस अनूठी पहल पर समस्त ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए इस कार्य की सराहना की गई।

## सोमवती अमावस्या पर खेड़ापति हनुमान मंदिर में किया पंचामृत अभिषेक

**तनोडिया।** नगर में ज्येष्ठ मास के महिने में अधिक मास होने से नगर में पुरे महिनेभर विशेष धार्मिक गतिविधियां मंदिरों व घरों आयोजन हुई। सोमवती अमावस्या के पावन पर्व पर विशेष धार्मिक महत्व लेकर आई। इस दिन सोमवती अमावस्या, पुरुषोत्तम मास की अमावस्या तथा मिथुन संक्रांति का दुर्लभ संयोग बना था। सुबह से ही घरों और मंदिरों में आयोजन हुए। गत दिनों गोठडा माता के अनुसार इस वर्ष अधिक धार्मिक भावनाओं लोगों में जागरूकता आई। नगर में स्थित रामलीला चौक में खेड़ापति हनुमान मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड लगी रही है। और विधी विधान से हनुमान जी का पंचामृत अभिषेक व हवन पूणाहुति महाआरती का आयोजन किया गया। हनुमानजी से नगर में सुख समृद्धि की कामना की गई। और महिला मंडल द्वारा भंजन किर्तन किया गया। बताया जाता है कि अन्य दिनों की अपेक्षा अधिक मास में कई गुना अधिक पुर्ण फल प्राप्त होता है।

### सारंगपुर में अघोषित बिजली कटौती के खिलाफ फूटा गुस्सा :

# कांग्रेस सेवादल ने लालटेन और हाथ में पंखा लेकर निकाला पैदल मार्च

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर



भीषण गर्मी के इस मौसम में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती, बार-बार ट्रिपिंग और लो-वोल्टेज की समस्या से परेशान आम जनता की आवाज बुलंद करने के लिए मंगलवार को कांग्रेस सेवादल के नेतृत्व में एक विशाल जनआंदोलन किया गया। पूर्व ऊर्जा मंत्री व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह के दिशा-निदेशों पर आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में सेवादल कार्यकताओं और नगरवासियों ने राजीव गांधी पार्क से लेकर विद्युत कंपनी कार्यालय तक जोरदार पैदल मार्च निकाला। इस दौरान अनोखे अंदाज में विरोध दर्ज कराने के लिए प्रदर्शनकारी अपने हाथों में चिमनी, लालटेन और हाथ पंखे लेकर चल रहे थे, जो वर्तमान बिजली व्यवस्था की जर्जर स्थिति को बयां कर रहे थे।

आंदोलन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आक्रोशित नागरिकों ने विद्युत विभाग की तानाशाही और लचर व्यवस्था के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बिजली विभाग की मनमानी नहीं चलेगी, अघोषित बिजली कटौती बंद करो और जनता को राहत दो, जवाब दो जैसे गगनभेदी नारों से पूरा मार्ग गूंज उठा। पैदल मार्च के दौरान एक व्यापक हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया, जिसमें सैकडों की संख्या में स्थानीय दुकानदारों, किसानों और आम नागरिकों ने हिस्सा लेकर बिजली विभाग के प्रति अपना आक्रोश दर्ज कराया।

**कनिष्ठ यंत्री को सौंपा 7 सूत्रीय ज्ञापन**

पैदल मार्च के विद्युत मंडल कार्यालय पहुँचने पर जिला सेवादल कांग्रेस द्वारा मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के कार्यपालन यंत्री के नाम एक लिखित ज्ञापन कनिष्ठ यंत्री सौंपा गया। जिला महासचिव कैलाश सिंह ठाकुर द्वारा प्रस्तुत किए गए इस ज्ञापन में बताया गया कि सारंगपुर नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले लंबे समय से बिना किसी पूर्व सूचना के घंटों बिजली बंद रखी जा रही है और मनमाने बिजली के बिल दिए जा रहे है। इस अघोषित कटौती और अवैध वसूली के कारण आम जनता, किसान, व्यापारी, छात्र और अस्पतालों में भर्ती मरीज अत्यंत परेशान हैं। बार-बार बाधित हो रही आपूर्ति के कारण पेयजल व्यवस्था पूरी तरह ठप हो चुकी है, छोटे उद्योग-धंधे बंद होने की कगार पर हैं और भीषण गर्मी में छात्रों की पढाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद उपभोक्ताओं को कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिलता।

**राजपूत बोलेः करेंगे आंदोलन**

ठाकुर कैलाश राजपूत ने ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी कि यदि इन समस्याओं का शीघ्र निराकरण नहीं किया गया, तो क्षेत्र की जनता जनहित में उग्र, लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी विद्युत विभाग की होगी। इस व्यापक जनआंदोलन में सेवादल के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर, जिला महासचिव कैलाश सिंह ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मोहम्मद अली एवं प्रमोद सादानी, ब्लॉक महासचिव अजय जाटव, प्रमोद सादानी, जिला महासचिव समीर भाई मेव, और जिला सचिव मुकेश मेघवाल, निजाम कुरैशी, ब्लॉक अध्यक्ष पचोर बनवारी लाल मालवीय प्रमुख रूप से शामिल हुए। इसके साथ ही देव वर्मा, राम चरण नायक, जय परिहार, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अभय सिसोदिया, शहर अध्यक्ष लखन राजपूत, राधेश्याम वर्मा, कान्हा अहिरवार, अनिल अहिरवार, समीर बब्लू, लखन धनगर, निजाम कुरेशी, पूर्व पार्षद मोहम्मद रफीक, बाबू पटेल, हारून नायक और एनएसयूआई के शहर अध्यक्ष अल रजा कुरैशी सहित आनंद यादव व बडी संख्या में कांग्रेसजन एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

> **बोले जिम्मेदार**
>
> विद्युत समस्याओं को लेकर ज्ञापन प्राप्त हुआ है। समस्त समस्याओं का निराकरण कराएंगे। तकनीकी खराबी होने पर ही बिजली सप्लाई परमिट पर बंद होती है।
>
> **उमेश मिश्रा, कनिष्ठ यंत्री, मप्रमक्षेविविकं, सारंगपुर।**

### सोशल मीडिया दोस्ती में फंसी महिला, प्रेमी निकला शादीशुदा

# देवास में महीनेभर में ऑनलाइन रिश्तों से ठगी और धोखे के 25 मामले सामने आए

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास



सोशल मीडिया पर दोस्ती और फिर धोखे के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। देवास के वन स्टॉप सेंटर में इस महीने ऐसे 20 से 25 प्रकरण सामने आए हैं, जिनमें महिलाएं और किशोरियां ऑनलाइन रिश्तों के जाल में फंसकर ठगी और मानसिक प्रताड़ना का शिकार हुई हैं।

इन मामलों में एक 36 वर्षीय महिला का ताजा प्रकरण भी शामिल है। झारखंड निवासी यह महिला अपने पहले प्रेम विवाह के कुछ वर्षों बाद पति से अलग हो गई थी। इसी दौरान सोशल मीडिया के माध्यम से उसकी पहचान देवास के एक युवक से हुई।

**युवक ने अपना नाम अंशुल**

बताया और महिला से दोस्ती कर ली। धीरे-धीरे यह दोस्ती प्रेम संबंधों में बदल गई। महिला को बाद में पता चला कि युवक एक विशेष वर्ग से संबंध रखता है, लेकिन उसने इसे अपने रिश्ते में बाधा नहीं बनने दिया।

**फ्लाइट से आई, प्रेमी शादीशुदा निकला**

दोनों दिल्ली चले गए, जहां युवक ने मंदिर में शादी करने का दावा किया। इसके बाद महिला युवक से मिलने फ्लाइट से देवास भी आई। यहां आने पर उसे पता चला कि जिस युवक पर उसने भरोसा किया था, वह पहले से शादीशुदा है।

धोखे का एहसास होने पर महिला को वन स्टॉप सेंटर लाया गया। काउंसलिंग के दौरान उसने पूरे मामले का खुलासा किया। इसके बाद संबंधित थाने में प्रकरण दर्ज कराया गया है। जांच में यह भी सामने आया है कि युवक ने महिला के कुछ आपत्तिजनक वीडियो भी बनाए थे। महिला का आरोप है कि युवक ने अपनी शादीशुदा होने की बात छिपाकर उसे धोखे में रखा।

**महीने भर में 20 से ज्यादा मामले दर्ज**

वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक गीता ठाकुर ने बताया कि इस माह सामने आए 20 से 25 प्रकरण सीधे तौर पर सोशल मीडिया से जुड़े हैं। इन मामलों में किशोर बालिकाओं से लेकर युवतियां तक शामिल हैं।

वन स्टॉप सेंटर प्रशासक गीता ठाकुर ने बताया कि लगातार काउंसलिंग के माध्यम से पीड़ितों को जागरूक किया जा रहा है। साथ ही अभिभावकों से अपील की गई है कि वे अपने बच्चों की सोशल मीडिया गतिविधियों और इस्तेमाल किए जा रहे प्लेटफॉर्म पर नजर रखें, क्योंकि छोटी सी लापरवाही कई बार गंभीर परिणामों का कारण बन सकती है।

## लाखों रुपए मूल्य की एल्यूमिनियम केबल चोरी

**मक्सी।** मक्सी के सिरोलिया रोड स्थित अंडरब्रिज के पास अज्ञात चोरों ने विद्युत परियोजना में उपयोग की जा रही लाखों रुपए मूल्य की एल्यूमिनियम केबल चोरी कर ली। चोरी की इस घटना से निर्माण कार्य से जुड़े ठेकेदारों में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार, एमपीआरडीसी की विद्युत लाइन परियोजना के तहत फेस-2 इंडस्ट्रियल एरिया के लिए 132 केवी लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य का जिम्मा आर.के. इलेक्ट्रिकल्स फर्म के पास है। फर्म से जुड़े ठेकेदार आत्माराम मालवीय ने बताया कि सिरोलिया रोड अंडरब्रिज के पास अज्ञात बदमाशों ने लाइन में लगी करीब आठ से दस गाले एल्यूमिनियम केबल काटकर चोरी कर ली। चोरी गई केबल की लंबाई लगभग एक किलोमीटर बताई जा रही है ठेकेदार के अनुसार, पूरी लाइन करीब 11 किलोमीटर लंबी है और कार्य अभी निमार्णाधीन है। मंगलवार सुबह करीब 8 बजे घटना की जानकारी उस समय लगी जब क्षेत्र के एक किसान ने फोन कर बताया कि विद्युत तार लटके हुए दिखाई दे रहे हैं। मौके पर पहुंचकर देखा गया तो केबल चोरी होना सामने आया। चोरी गई एल्यूमिनियम केबल की अनुमानित कीमत करीब 20 लाख रुपए बताई जा रही है। घटना की सूचना संबंधित अधिकारियों को दे दी गई है तथा पुलिस में शिकायत दर्ज कराने की तैयारी की जा रही है। दिनदहाड़े लाखों रुपए की केबल चोरी होने की घटना ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## साहेब कबीर जयंती पर आज रामपुर भुडवास में विशाल भजन संध्या एवं स्वागत सम्मान समारोह

**तनोडिया।** साहेब कबीर जयंती के उपलक्ष्य में कबीर जयंती समारोह समिति रामपुर भुडंवास द्वारा 18 जून को विशाल कबीर भजन संध्या एवं स्वागत सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम शाम 7 बजे से रात्रि 8 बजे तक संझा पाठ होगा। व अतिथियों का स्वागत समारोह रात्रि 8 बजे से 9 बजे तक होगा। समीपस्थ ग्राम रामपुर भुडंवास पंचायत परिसर में आयोजित होगा। आयोजन समिति ने बताया कि कार्यक्रम में प्रदेशभर से ख्यातिप्राप्त कबीर भजन गायकों की प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। कबीर भजन गायक महंत आत्माराम साहेब, गोविंद दास साहेब,बंशीदास साहेब, मोतीदास साहेब, रतनदास साहेब, करोणादास साहेब, गोवर्धन दास साहेब, आनंदी दास साहेब, मनोहरदास साहेब, निर्भयदास साहेब,अनुरागदास साहेब, देवीदास साहेब, नंदराम दास साहेब,नानुराम दास साहेब द्वारा कबीर वाणी और भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का सम्मान भी किया जाएगा।

## मिश्रा शुजालपुर तो परमार अकोदिया सीएमओ बनाए गए

**शुजालपुर।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा जारी प्रशासनिक तबादला सूची में शाजापुर जिले के नगरीय निकायों में भी महत्वपूर्ण फेरबदल किया गया है। जारी आदेश के अनुसार शुजालपुर, पानखेड़ी और अकोदिया नगर परिषदों में नए अधिकारियों की पदस्थापना की गई है। बता दे मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमप्रकाश शर्मा को शुजालपुर से प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी रतनगढ़ जिला नीमच भेजा गया, उनके स्थान पर शुजालपुर सीएमओं ओम त्रयंबकेश्वर मिश्रा को बनाया गया। मिश्रा वर्तमान में चाचोडा में पदस्थ है। इसी प्रकार नगर परिषद कुकडेश्वर से कमल परमार को स्थानांतरित कर नगर परिषद अकोदिया का प्रभारी सीएमओं बनाया गया। नगर पालिका शुजालपुर में एई के रूप में पदस्थ जेकी रोमडे को एमपीयूडीसी खरगोन पदस्थ किया गया तो लम्बे समय से शुजालपुर नगर पालिका के लेखापाल पद पर पिछोर शिवपुरी से आनंद शर्मा को पदस्थ किया गया। उधर नगर परिषद पानखेडी का सीएमओं गोविंद सिंह मेंचल को बनाया गया जो कि नगर पालिका सीहोर में राजस्व उपनिरीक्षक के विरूद्ध पदस्थ थे। विभागीय आदेश में स्पष्ट किया गया है कि प्रशासनिक कार्य सुविधा एवं व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से यह तबादले और पदस्थापनाएं की गई हैं।

### केन-कूपी में डीजल वितरण नियम पर पेट्रोलियम संगठन ने सौंपा ज्ञापन

# किसानों और डीलरों के बीच विवाद की आशंका जताई

- व्यवस्था स्पष्ट करने की मांग

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर



केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल एवं डीजल को केन-कूपी में नहीं दिए जाने संबंधी निदेशों के बाद संभावित विवाद की स्थिति को देखते हुए शाजापुर पेट्रोलियम संगठन ने मंगलवार को कलेक्टर एवं खाद्य विभाग को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने मांग की कि किसानों को होने वाली परेशानी और पेट्रोल पंप संचालकों के सामने उत्पन्न होने वाली समस्याओं के समाधान के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं।

संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि जिले सहित प्रदेश के कई क्षेत्रों में इस नियम को लेकर किसानों और पेट्रोल पंप संचालकों के बीच असमंजस की स्थिति बन रही है। ऐसे में यदि समय रहते आवश्यक व्यवस्था नहीं की गई तो विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। साथ ही इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम जैसी तेल कंपनियों की आपूर्ति व्यवस्था भी प्रभावित होने की आशंका है। इसी विषय को लेकर संगठन ने कलेक्टर एवं जिला खाद्य विभाग की अधिकारी अंजू शर्मा को ज्ञापन सौंपकर किसानों की आवश्यकताओं और नियमों के बीच संतुलित व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। इस दौरान शाजापुर पेट्रोलियम संगठन के अध्यक्ष श्याम गिरी, उपाध्यक्ष गोविंद नायक, अमन शेख, सचिव सर्वजीत सिंह राजपाल, सदस्य मयंक हुरकुट, वरुण गांधी, परमजीत सिंह, राजा भैया, लकी गर्ग, चेतन परमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## अग्रवाल के राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होने पर पालीवाल ने दी बधाई

**सारंगपुर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और कुशल संगठक रजनीश अग्रवाल के राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होने पर सारंगपुर नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। इस दौरान उन्होंने अग्रवाल के सांगठनिक कौशल और पार्टी के प्रति उनके समर्पण को रेखांकित किया। नपा अध्यक्ष पंकज पालीवाल ने बधाई देते हुए कहा कि श्री रजनीश अग्रवाल का राज्यसभा के लिए चुना जाना संगठन के प्रति उनकी निष्ठा और अथक परिश्रम का परिणाम है। पालीवाल ने कहा कि श्री अग्रवाल का छात्र राजनीति से ही राष्ट्र सेवा की ओर विशेष रुझान रहा है। उन्होंने पूर्व में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में विभिन्ना महत्वपूर्ण और बडे दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है। विद्यार्थी परिषद के दौर से ही उनके भीतर कुशल नेतृत्व और सांगठनिक क्षमता के बीज अंकुरित हो चुके थे। पार्टी हलकों में उन्होंने परदे के पीछे का रणनीतिकार माना जाता है।



## रक्तदान शिविर का आयोजन



**सारंगपुर।** मेडिकेयर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस कॉलेज, सारंगपुर में मंगलवार को जिला चिकित्सालय राजगढ द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में संस्थान में अध्ययनरत बीपीटी, बीएमएलटी एवं डीएमएलटी के सभी छात्र-छात्राओं ने अपने हीमोग्लोबिन की जांच कराने के उपरांत रक्तदान किया। संस्थान के ज्वाइंट डायरेक्टर ऋषभ राज सिंह यादव, मैनेजर उमा सिंह उमठा तथा समस्त शैक्षणिक एवं प्रबंधन स्टाफ ने भी शिविर में भाग लेकर रक्तदान किया। जिला चिकित्सालय राजगढ से आई ब्लड डोनेशन टीम में डॉ. पीके जैन (प्रभारी अधिकारी), राजकुमार भिलाला (प्रभारी रक्तकोष), स्वप्ना राय (एलटी), अमित सक्सेना (एलए), रईस खान (एलटी) तथा सोनू यादव (संयोजक) शामिल रहे। टीम द्वारा कुल 25 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। जिला प्रभारी अधिकारी डॉ. पीके जैन द्वारा सभी रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। उन्होंने बताया कि रक्तदान करने से हृदय स्वास्थ्य में सुधार होता है तथा हृदय रोग और हार्ट अटैक की संभावनाएं कम हो जाती हैं।

## शाहरुख को सदर चुनकर समाज ने युवा नेतृत्व पर जताया भरोसा



**जीरापुर।** एहले इस्लाम अंजुमन कमेटी, जीरापुर के चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद 29 वर्षीय युवा शाहरुख अहमद पिता जावेद अहमद को सदर चुना गया। शाहरुख अहमद ने 452 मत प्राप्त कर शानदार जीत दर्ज की। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी शेख वाहिद को 246 तथा वाहिद शाह को 158 मत प्राप्त हुए। समाज के मतदाताओं ने एक युवा चेहरे को नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपकर यह संदेश दिया है कि नई सोच, ऊर्जा और समाज सेवा के जज्बे के साथ युवा पीढ़ी पर उनका पूरा भरोसा है। शाहरुख अहमद की जीत पर समाजजनों ने उन्हें बधाई एवं मुबारकबाद दी तथा उनके सफल कार्यकाल की कामना की। कुल 971 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चुनाव परिणामों के बाद समाज में उत्साह का माहौल देखा गया। नव निर्वाचित सदर शाहरुख अहमद ने सभी मतदाताओं एवं उम्मीदवारों का आभार व्यक्त करते हुए समाज के विकास, एकता और भाईचारे के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

## किसान कांग्रेस को मिला नया नेतृत्व, जीरापुर में स्वागत समारोह



**जीरापुर।** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व ऊर्जा मंत्री प्रियव्रत सिंह तथा जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष भगवान सिंह बागड़ी चौहान द्वारा किसान कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष पद पर राजाराम पाटीदार, गिरिराज सिंह बना एवं चंदरसिंह गुर्जर की नियुक्ति तथा शाहरुख अहमद को अंजुमन कमेटी का अध्यक्ष बनाए जाने पर जीरापुर स्थित रेस्ट हाउस में भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने नव नियुक्त पदाधिकारियों का पुष्पमालाओं से स्वागत कर उन्हें नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सत्यनारायण सरावत, किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष प्रेमसिंह परिहार, मंडलम अध्यक्ष चंदरसिंह गुर्जर पटेल (बर्मनखेड़ी), नगर कांग्रेस अध्यक्ष तरुण कुमार चौबे, जनपद सदस्य शिवनारायण गुर्जर, पुष्पेंद्र सिंह बना, चिकित्सा विभाग के जिला अध्यक्ष विनोद किरार, जनपद सदस्य चंद्रसिंह किरार, शिवसिंह बना भंडावत, दीपक जायसवाल, पप्पू भाई, बीरमसिंह राजाहेड़ी, पवन सियाराम सरावत सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन को मजबूत बनाने तथा किसानों के हितों की रक्षा के लिए निरंतर कार्य करने का विश्वास व्यक्त किया। सोशल मीडिया एवं दूरभाष के माध्यम से भी शुभकामनाओं का सिलसिला लगातार जारी रहा।

# सोमनाथ मंदिर की अद्भुत कहानी

## जब चंद्रमा को मिला श्राप, भगवान शिव ने ऐसे की रक्षा

**दक्ष के समझाने पर चन्द्रमा ने समस्त पत्नियों के साथ एक-सा व्यवहार करने का वचन दिया, लेकिन उनकी रोहिणी के प्रति आसक्ति पूर्व की भांति बनी रही। वे अन्य पत्नियों की उपेक्षा करते ही रहे। दुखी पत्नियां पुनः अपने पिता दक्ष के पास पहुंचीं और उन्हें अपनी व्यथा-कथा तथा उपेक्षा से परिचित कराया।**

गुजरात के पश्चिम-दक्षिण छोर पर सागर के तट पर स्थित पाटन जिसे प्रभासपात्तन भी कहा जाता है में स्थित है सोमनाथ मंदिर। यहां भगवान शिव का स्वयंभू ज्योतिर्लिंग है। यह भारत के द्वादश ज्योतिर्लिंगों में प्रमुख है। स्कन्दपुराण के प्रभासखण्ड में सोमनाथ की महिमा निरूपित है। प्रभासपाटन की चार वस्तुएं प्रसिद्ध हैं- नदी, नारी, अश्व तथा भगवान सोमनाथ का दर्शन। स्कन्दपुराण के अनुसार, दक्ष प्रजापति की 27 पुत्रियां थीं। उन सबके पति चन्द्रमा थे। इनमें रोहिणी सर्वाधिक सुन्दरी होने के कारण चन्द्रमा को अत्यधिक प्रिय थी।



चन्द्रमा सदैव उसी के साथ रहते थे। उपेक्षित पत्नियों ने चन्द्रमा की शिकायत दक्ष प्रजापति से की। दक्ष के समझाने पर चन्द्रमा ने समस्त पत्नियों के साथ एक-सा व्यवहार करने का वचन दिया, लेकिन उनकी रोहिणी के प्रति आसक्ति पूर्व की भांति बनी रही। वे अन्य पत्नियों की उपेक्षा करते ही रहे। दुखी पत्नियां पुनः अपने पिता दक्ष के पास पहुंचीं और उन्हें अपनी व्यथा-कथा तथा उपेक्षा से परिचित कराया। दक्ष प्रजापति चन्द्रमा पर कुपित हो उठे। अत्यधिक क्रोधित होकर उन्होंने चंद्रमा को शाप दे दिया कि तू निस्तेज हो जाएगा और क्षयरोग से पीड़ित रहेगा। चन्द्रमा शक्तिहीन तथा निस्तेज होते गये। उनकी कांति मलिन हो गई। संसार में अंधेरा छाने लगा। चन्द्रमा की बीमारी से पशु, पक्षी, मनुष्य तथा देवता सभी चिंतित हो गये। देवताओं ने दक्ष से चन्द्रमा को शापमुक्त करने का निवेदन किया। दक्ष का क्रोध अभी तक शांत नहीं हुआ था, अतषः उन्होंने चंद्रमा को शाप से मुक्त नहीं किया। निर्बल तथा कांतिहीन चन्द्रमा ने दक्ष से वचनभंग करने के लिए क्षमा मांगी। दक्ष ने उनसे कहा कि तुम प्रभासपाटन जाकर शिव की आराधना करो। केवल वे ही तुम्हें निरोग कर सकते हैं।

### पत्नी रोहिणी ने शिवलिंग की स्थापना की

चन्द्रमा ने प्रभासपाटन जाकर अनेक वर्षों तक शिवजी की आराधना की। चन्द्रमा की तपस्या से प्रसन्न होकर शिवजी ने कहा कि मैं तुम्हें पूर्ण शक्ति तो नहीं दे सकता, लेकिन महीने में पंद्रह दिनों तक तुम नित्य बढ़ते रहोगे तथा शेष पंद्रह दिनों में तुम्हारी शक्ति का क्रमशः नित्य क्षय होता रहेगा। कृतज्ञता प्रकट करते हुए चन्द्रमा ने प्रभासपाटन में स्वर्ण का मंदिर निर्माण करने का संकल्प लिया। ब्रह्माजी ने प्रभासपाटन में भूमि कुरेदी तो वहां कागदी नींबू के आकार का एक शिवलिंग स्वयं प्रकट हो गया। उस स्थान को दूध तथा मधु से ढककर उप पर ब्रह्मशिला रखी गई। उस पर ब्रह्मा के निदेशों के अनुसार चन्द्रमा तथा उनकी प्रिय पत्नी रोहिणी ने शिवलिंग की स्थापना की। भागवत, महाभारत आदि में अनेक स्थानों पर प्रभासपाटन का उल्लेख है। यहीं प्राची, सरस्वती, कपिला तथा हिरण्या नदियों का संगम हुआ है। यहीं यदुवंशियों का पारस्परिक युद्ध द्वारा संहार हुआ था। इसके निकट ही बालक तीर्थ है। इस स्थान पर पेड़ के नीचे लेटे हुए श्रीकृष्ण के तलुवे में भील का प्राणघातक तीर लगा था। यह स्थान देहोत्सर्ग कहलाता है। इसी स्थान के निकट बलरामगुका है। श्रीकृष्ण के भाई शेषावतार बलराम अपना कार्य पूरा कर इसी गुफा द्वारा पाताललोक गये थे।

# अयोध्या में क्यों है हनुमान गढ़ी का इतना महत्व?

**देश भर में हनुमान जी को समर्पित कई मंदिर है। इस मंदिरों का अपना विशेष महत्व है। इन्हीं मंदिरों में अयोध्या का हनुमान गढ़ी मंदिर शामिल है। यह मंदिर आस्था का केंद्र है और एक ऊंचे टीले पर स्थित है। इस मंदिर तक पहुंचने के लिए भक्तों को 76 सीढ़ियां चढ़नी पड़ती है। हनुमान गढ़ी मंदिर में हनुमान जी के दर्शन करने के बाद ही रामलला के दर्शन का शुभ फल प्राप्त होता है। धार्मिक मान्यता के मुताबिक हनुमान जी इस मंदिर में रक्षक के रूप में वास करती है।**



हनुमान गढ़ी मंदिर में आने पर भक्तों को खास ऊर्जा और शांति का अनुभव होता है। किसी खास मौके पर मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिलती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको हनुमान गढ़ी मंदिर से जुड़े रहस्य के बारे में बताने जा रहे हैं।

### पौराणिक कथा

पौराणिक कथा के मुताबिक भगवान श्रीराम ने रावण की लंका पर विजय प्राप्त की और जब अयोध्या वापस आए, तो प्रभु श्रीराम, माता सीता और भाई लक्ष्मण के आने का उत्साह मनाया जा रहा था। भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक हुआ और राम जी ने सभी को विदा किया। लेकिन हनुमान जी अयोध्या को छोड़कर नहीं जाना चाहते थे।

### राम जी ने दी हनुमान जी को ये जगह

हनुमानजी की भक्ति और प्रेम से प्रसन्न होकर भगवान श्रीराम ने हनुमान जी को अयोध्या में रहने के लिए एक जगह दी। यह स्थान एक ऊंचे टीले पर मौजूद थी। जहां पर हनुमान गढ़ी मंदिर को बनाया गया था। धार्मिक मान्यता के मुताबिक ऊंचे टीले पर होने के कारण हनुमान जी को यहां से पूरी अयोध्या नगरी दिखती थी। राम जी ने रहने के लिए यह स्थान देते हुए हनुमान को यह वचन दिया कि अयोध्या मेरा दर्शन तब तक पूरा नहीं माना जाएगा, जब तक की हनुमान गढ़ी के दर्शन नहीं किए जाएंगे।

### मनोकामनाएं होती हैं पूरी

इस प्रसंग का वर्णन स्कंद पुराण में देखने को मिलता है। धार्मिक मान्यता के मुताबिक हनुमान गढ़ी मंदिर में हनुमान जी के दर्शन मात्र से भक्तों के सभी पाप नष्ट होते हैं और उनकी हर मनोकामना पूरी होती है। वहीं व्यक्ति को हनुमान जी की कृपा प्राप्त होती है। हनुमान गढ़ी मंदिर में हनुमान जी को चोला अर्पित करने से सभी दोष की समस्या से छुटकारा मिलता है। हनुमान गढ़ी मंदिर में माता अंजनी की गोद में बाल हनुमान की प्रतिमा विराजमान है। इस मंदिर में दर्शन के लिए दूर-दूर से भक्त आते हैं। वहीं यूपी सरकार की ऑफिशियल वेबसाइट के अनुसार, इस मंदिर का निर्माण राजा विक्रमादित्य द्वारा कराया गया है। इस मंदिर तक पहुंचने के लिए भक्तों को 76 सीढ़ियां चढ़नी पड़ती है।



श्रीलंकाई खिलाड़ी से सुपर ओवर के बाद हुआ था विवाद, तिलक पर भी जुर्माने की सिफारिश

# खिलाड़ी को धक्का मारा था, अब वैभव पर एक्शन

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

भारत ए और श्रीलंका ए के बीच दांबुला में खेले गए मुकाबले के बाद हुए विवाद में वैभव सूर्यवंशी पर मैच फीस का 50% जुमार्ना लगाने की सिफारिश की गई है। मैच रेफरी प्रदीप जयप्रकाश ने श्रीलंका ए के विशेन हलामबागे पर भी जुमार्ना लगाने को कहा है।



15 जून को श्रीलंका ए के खिलाफ सुपर ओवर में हारने के बाद वैभव ने श्रीलंकाई खिलाड़ी को धक्का दे दिया था। वहीं कप्तान तिलक वर्मा पर 30% और श्रीलंका ए के विकेटकीपर-बल्लेबाज निरोशन डिकवेला पर 20% जुमार्ना लगाने को कहा गया है। तिलक ने मैच के समय अंपायर से बहस करते हुए मैच टाई होने के बाद सुपर ओवर कराने को कहा था। वहीं डिकवेला पर स्लेजिंग के आरोप लगाए गए हैं। मैच रेफरी ने कहा कि मैच और उसके बाद हुई घटनाओं के आधार पर रिपोर्ट में जुमार्ने की सिफारिश की गई है। अब अंतिम फैसला संबंधित क्रिकेट बोर्ड और टूनार्मेंट की अनुशासन समिति को लेना है। 15 जून को खेला गया मुकाबला टाई हुआ। इसके बाद श्रीलंका-ए ने सुपर ओवर में 16 रन बनाए। जवाब में भारत 9 रन ही बना सका। भारत के मैच हारने के बाद श्रीलंकाई खिलाड़ियों ने वैभव को कुछ कहा। इससे वैभव भड़क गए और उनकी श्रीलंकाई खिलाड़ी के साथ धक्का-मुक्की हो गई। ट्राई नेशन वनडे सीरीज भारत ए, अफगानिस्तान-ए और श्रीलंका-ए के बीच खेली जा रही हैं। वैभव इस सीरीज में आउट ऑफ फॉर्म रहे हैं। वे 4 मैचों में 117 रन ही बना सके। इस सीरीज में उनका बेस्ट प्रदर्शन 44 रन रहा है। सोमवार को मुकाबला टाई हो गया। भारत-ए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.2 ओवर में 265 रन बनाए थे।

### श्रीलंकाई खिलाड़ी के कमेंट से विवाद शुरू हुआ

मेजबान टीम के खिलाड़ी विशन हलमबागे ने वैभव पर कमेंट किया था। हलमबागे ने वैभव से कहा, यह IPL नहीं है, मैच खत्म... अब तुम घर जाओ। इस टिप्पणी पर सूर्यवंशी ने श्रीलंकाई खिलाड़ी को धक्का दे दिया। इसके बाद दोनों खिलाड़ी आमने-सामने आ गए और स्थिति गंभीर हो गई। हालांकि, मैदान पर मौजूद दोनों टीमों के बाकी खिलाड़ियों ने बीच-बचाव किया और दोनों को एक-दूसरे से अलग किया। टूनार्मेंट की शुरूआत से ही कुछ श्रीलंकाई खिलाड़ी सूर्यवंशी पर लगातार स्लेजिंग कर रहे थे। बताया गया कि वे खिलाड़ियों के क्ढछ प्रदर्शन को लेकर भी तंज कस रहे थे। ए-टीम स्तर के मुकाबलों में अनुशासनात्मक कार्रवाई का नियम सीनियर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से अलग है। ऐसे मामलों में ICC की ओर से जुर्माना या सजा अपने आप लागू नहीं होती।

# इंडिया-ए ट्राई सीरीज के फाइनल में पहुंचा

## प्रियांश-कुशाग्र और तिलक की फिफ्टी

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

इंडिया-ए ने ट्राई नेशन सीरीज के फाइनल में जगह बना ली है। उसने बुधवार को करो या मरो मैच में अफगानिस्तान-ए को 101 रन के बड़े अंतर से हराया। बुधवार को दांबुला इंटरनेशनल स्टेडियम में 320 रन का टारगेट चेज कर रही अफगानिस्तान-ए 36.5 ओवर में 218 रन पर ऑलआउट हो गई। निशांत सिंधु ने 4 विकेट झटके। यश ठाकुर और निशांत सिंधु को 2-2 विकेट मिले।



15 साल के भारतीय ओपनर वैभव सूर्यवंशी 28 बॉल पर 38 रन बनाकर आउट हुए। वे लगातार चौथी पारी में फिफ्टी नहीं बना सके हैं। हालांकि, प्रियांश आर्या (58 रन), कुमार कुशाग्र (58 रन) और तिलक वर्मा (59 रन) के अर्धशतकों ने टीम को 300 के पार पहुंचा दिया। टॉस हारने के बाद पहले बैटिंग करने उतरी टीम इंडिया की ओर से 3 बैटर्स ने फिफ्टी लगाई। ओपनर प्रियांश आर्या और कुमार कुशाग्र ने 58-58 रन बनाए। कप्तान तिलक वर्मा ने 59 रन बनाए।

टीम का फाइनल मैच किससे होगा। यह 19 जून को श्रीलंका-ए और अफगानिस्तान-ए मैच के नतीजे से तय होगा। भारतीय टीम 4 अंक के साथ पॉइंट्स टेबल के पहले स्थान पर है। जबकि, नंबर-2 श्रीलंका के पास भी 4 अंक हैं, लेकिन इंडिया का नेट रन रेट सबसे बेहतर है। अफगानिस्तान-ए 2 अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

### दोनों टीमों के प्लेइंग-11

इंडिया-एः वैभव सूर्यवंशी, प्रियांश आर्या, ऋतुराज गायकवाड, तिलक वर्मा (कप्तान), कुमार कुशाग्र, निशांत सिंधु, सूर्यांश शेडगे, विपराज निगम, अनुकूल रॉय, अंशुल कंबोज और यश ठाकुर।

अफगानिस्तान-एः इमरान मीर (कप्तान), हसन इसाखिल, खालिद तनिवाल, बहीर शाह, फरमनुल्लाह सफी, शाम्स उर रहमान, मोहम्मद इशाक (विकेटकीपर), जाहिर खान, अब्दुल्लाह अहमदजई, फैसल शान अहमदजई, फरिदून दऊदजई।

### मेसी ने क्रिश्चियानो रोनाल्डो का रिकॉर्ड तोड़ा

**नई दिल्ली।** अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने बुधवार को फुटबॉल वर्ल्ड कप में पुर्तगाल के क्रिश्चियानो रोनाल्डो का रिकॉर्ड तोड़ दिया। अल्जीरिया के खिलाफ उन्होंने 3 गोल मारे। अब वे फुटबॉल वर्ल्ड कप में हैट्रिक लगाने वाले सबसे उम्रदराज प्लेयर बन गए है। यह वर्ल्ड कप में मेसी की पहली हैट्रिक भी है। रोनाल्डो ने 2018 वर्ल्डकप में 33 साल की उम्र में रूस के खिलाफ हैट्रिक गोल किए थे। अब मेसी ने 38 साल की उम्र में ऐसा करके रोनाल्डो का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। मेसी की यह हैट्रिक खास मौके पर आई है। उन्होंने 2006 में 17 जून को ही फीफा वर्ल्ड कप में अपना पहला मैच खेला था। 38 साल के मेसी ने अल्जीरिया के खिलाफ 17वें, 60वें और 76वें मिनट में गोल दागे। वे 78 मिनट के बाद मैदान से बाहर चले गए।

प्रवेश प्रारंभ
**आवश्यकता है:-** शिक्षक / शिक्षिकाओ की
(अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
**योग्यता :-** ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
**आफिस समय**
10 से 01 बजे तक
**आवेदन:** 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल
36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बर:-2557390

विज्ञप्ति
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला
मो. 9406801039

मकान बेचना है
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क
8717818385

आवश्यकता है
स्टॉफ की आवश्यकता है न्यू ओपनिंग रेस्टोरेंट के लिए-
2- कचोरी-समोसा, जलेबी बनाने वाले उस्ताद, 2- रेस्टोरेंट मैनेजर्स, 2- इंडिया शैफ, 2- तंदूर, 2- कैशियर, 5- किचन हेल्पर, 3- पैंट्री वाले, 4- कैप्टन, 6-वेटर, 4- हाउस किपिंग वालों की आवश्यकता है।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
9893713817

आवश्यकता है
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रात: 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोट: जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

खरीदना / किराए से चाहीए
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क
9893374872

आवश्यकता है
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की।
पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715,
9425094114

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

अवश्यकता है
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें
7974817308, 9516848052

बेचना है
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क
9111328540

किराए से देना है
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
**योग्यता-** B.E.D/D.E.D./Deled
**वेतन-** 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent
Middle School, Bhairavgar

दैनिक अवन्तिका
www.awantika.com
METROPOLITAN


## न्यूज कॉलम

### आईडीए के प्लॉट और प्रॉपर्टी निवेश के नाम पर ठगी, दंपती समेत तीन के खिलाफ शिकायत

**इंदौर।** इंदौर में एक कथित रियल एस्टेट कारोबारी, उसकी पत्नी और पिता पर प्रॉपर्टी निवेश, प्लॉट बिक्री और समिति की सदस्यता दिलाने के नाम पर लाखों रुपए की धोखाधड़ी के आरोप लगे हैं। मामले में दो पीड़ितों ने मंगलवार को क्राइम ब्रांच और जोन-2 पुलिस अधिकारियों से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत लेकर पहुंचे मनीष लोहाना और निलेश बामनिया ने आरोप लगाया कि अभिषेक उमरे खुद को बड़ा रियल एस्टेट कारोबारी बताकर लोगों से संपर्क करता था। वह भारत सरकार लिखी वीआईपी नंबर की गाड़ियों का उपयोग करता था और प्रभावशाली परिवार से जुड़े होने का दावा कर लोगों का भरोसा जीतता था। मनीष लोहाना के मुताबिक अभिषेक उमरे ने उन्हें स्कीम नंबर-136 स्थित एक आईडीए प्लॉट में निवेश कराने और मोटा मुनाफा दिलाने का झांसा दिया। शिकायत के अनुसार अलग-अलग किश्तों में अभिषेक और उसकी पत्नी के बैंक खातों में कुल 5.80 लाख रुपए जमा कराए गए। बाद में दबाव बनाने पर केवल 1.50 लाख रुपए लौटाए गए, जबकि 4.30 लाख रुपए अब तक वापस नहीं किए गए हैं। वहीं दूसरे शिकायतकर्ता निलेश बामनिया ने आरोप लगाया कि अभिषेक उमरे ने महालक्ष्मी नगर स्थित एक प्लॉट को अपना बताकर बेचने और एक समिति की सदस्यता दिलाने का वादा किया था। निलेश के अनुसार उन्होंने ऑनलाइन और नकद मिलाकर करीब 10 लाख रुपए दिए, लेकिन बाद में पता चला कि संबंधित प्लॉट अभिषेक के नाम पर ही नहीं है। साथ ही समिति से जुड़े कोई वैध दस्तावेज भी उपलब्ध नहीं कराए गए। शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया कि अभिषेक उमरे ने अन्य लोगों से भी प्रॉपर्टी निवेश और प्लॉट बिक्री के नाम पर रकम ली है। उन्होंने कमलेश देशमुख और तरुण पटेल सहित अन्य लोगों के साथ भी कथित धोखाधड़ी होने की जानकारी पुलिस अधिकारियों को दी। पूरे मामले में शिकायतकताओं ने अभिषेक उमरे, उसकी पत्नी और पिता दिनेश उमरे की भूमिका की जांच कर वैधानिक कार्रवाई की मांग की है।

### मासूम अनिका के लिए 9 करोड़ के इंजेक्शन की जरूरत

**इंदौर।** गंभीर बीमारी से जूझ रही ढाई साल की मासूम अनिका के जीवनरक्षक इलाज का मामला अब इंदौर हाईकोर्ट पहुंच गया है। अनिका को बचाने के लिए करीब 9 करोड़ रुपए के इंजेक्शन की आवश्यकता है। मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने सरकार से तीखा सवाल करते हुए पूछा है कि क्या यह बच्ची प्रदेश की लाड़ली बहना नहीं है। अनिका की ओर से एडवोकेट चंचल गुप्ता और लखन शर्मा ने पक्ष रखा। उन्होंने कोर्ट में तर्क दिया कि यदि प्रदेश की लाड़ली बहना योजना में मिलने वाली राशि में प्रति हितग्राही मात्र दो रुपए की कटौती कर दी जाए तो अनिका के इलाज का पूरा खर्च जुटाया जा सकता है और एक बच्ची का जीवन बचाया जा सकता है। अनिका की स्वास्थ्य स्थिति बेहद गंभीर बनी हुई है। वह पिछले कई महीनों से केवल तरल आहार (लिक्विड डाइट) पर है। डॉक्टरों के अनुसार उसे लगने वाले इंजेक्शन के लिए उसका वजन 13 किलोग्राम से अधिक नहीं होना चाहिए, ऐसे में इलाज के लिए समय बेहद महत्वपूर्ण हो गया है। परिवार और समाजसेवियों के प्रयासों से अब तक करीब 8 करोड़ रुपए जुटाए जा चुके हैं, लेकिन इलाज के लिए अभी भी लगभग एक करोड़ रुपए की जरूरत है। अनिका का उपचार दिल्ली स्थित एम्स में प्रस्तावित है, हालांकि कोर्ट में बताया गया कि अब तक एम्स की ओर से कोई आधिकारिक जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया है। हाईकोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सरकार और संबंधित पक्षों से आवश्यक कदम उठाने की अपेक्षा जताई है। अगली सुनवाई 22 जून को होगी। अब परिवार सहित प्रदेश भर के लोगों की नजरें इस सुनवाई पर टिकी हैं, जहां अनिका के इलाज और सहायता को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय सामने आ सकता है।

### सूदखोर महिला के खिलाफ एफआईआर दर्ज 50 हजार का कर्ज लेकर 3.5 लाख वसूले

**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में सूदखोरी और प्रताड़ना से जुड़े एक आत्महत्या मामले में पुलिस ने महिला सूदखोर के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। आरोप है कि महिला द्वारा लगातार रुपए की मांग और मानसिक दबाव बनाए जाने से परेशान होकर एक व्यक्ति ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस के मुताबिक नंदबाग निवासी राजेश साहू पुत्र छगनलाल साहू ने 13 मार्च को जहर खा लिया था। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग जांच के दौरान परिजनों के बयान दर्ज किए। मृतक के बेटे अजय साहू और अन्य परिजनों ने पुलिस को बताया कि राजेश ने कुछ समय पहले नंदबाग निवासी रोशनी साहू से 50 हजार रुपए उधार लिए थे। आरोप है कि रोशनी ब्याज के नाम पर अब तक करीब 3 लाख 50 हजार रुपए वसूल चुकी थी, लेकिन इसके बावजूद वह लगातार और रुपए की मांग कर रही थी तथा राजेश पर दबाव बना रही थी। परिजनों का कहना है कि इसी प्रताड़ना और आर्थिक दबाव के चलते राजेश मानसिक रूप से परेशान रहने लगे थे। घटना वाले दिन भी वह अपनी लोडिंग में बेसुध अवस्था में मिले थे। बाद में उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनकी पहचान बेटे अजय ने की थी। मर्ग जांच और परिजनों के बयानों के आधार पर बाणगंगा पुलिस ने रोशनी साहू के खिलाफ सूदखोरी अधिनियम और प्रताड़ना से संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

### देश का पहला स्टूडेंट एम्बेसडर मीटअप इंदौर में, लीडरशिप पर चर्चा

**इंदौर।** देश का पहला स्टूडेंट एम्बेसडर मीटअप इंदौर में आयोजित किया गया, जिसमें गूगल, माइक्रोसॉफ्ट और अमेजन वेब सर्विसेज से जुड़े छात्र एम्बेसडर्स ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न छात्र समुदायों के प्रतिनिधियों को एक मंच पर लाकर संवाद, सहयोग और नेतृत्व विकास के अवसर उपलब्ध कराना था। मीटअप में इंदौर, भोपाल, उज्जैन, खरगोन, वड़ोदरा, मथुरा और पुणे सहित कई शहरों एवं विश्वविद्यालयों से आए छात्र प्रतिनिधियों ने भागीदारी की। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को प्रोफेशनल नेटवर्किंग, नए विचारों के आदान-प्रदान और समान सोच वाले युवाओं से जुड़ने का अवसर मिला। आयोजन का संचालन शिकुंज संस्था के संस्थापक राहुल भार्गव के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों के बीच मजबूत नेटवर्क तैयार करना और उन्हें तकनीकी क्षेत्र में बेहतर अवसरों के लिए तैयार करना है। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में तुषार पाल और अनमोल मालवीय उपस्थित रहे। दोनों वक्ताओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को करियर निर्माण, नेतृत्व क्षमता और सामुदायिक विकास के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने बदलती तकनीकी दुनिया में निरंतर सीखते रहने और नई चुनौतियों के लिए खुद को तैयार रखने पर जोर दिया। मीटअप के दौरान तकनीकी क्षेत्र में करियर की संभावनाओं, उभरती तकनीकों, कौशल विकास और उद्यमिता के अवसरों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को स्टार्टअप संस्कृति, नवाचार और व्यक्तिगत विकास के महत्व के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में शामिल विद्यार्थियों को स्वागत किट और स्मृति-चिन्ह भी प्रदान किए गए। पूरे आयोजन में छात्रों का उत्साह देखने लायक रहा।

### जिंसी चौराहा से नेमीनाथ चौराहा तक 60 फीट चौड़ी सड़क का रास्ता साफ

**इंदौर।** जिंसी चौराहा से नेमीनाथ मंदिर चौराहा तक प्रस्तावित मास्टर प्लान की 60 फीट चौड़ी सड़क का रास्ता साफ हो गया है। नगर निगम ने यहां 131 बाधक निर्माण चिह्नित किए थे। ज्यादातर जगह लोगों ने खुद ही अपने बाधक निर्माण हटा लिए थे। यही वजह रही कि मंगलवार की कार्रवाई में निगमकर्मियों को ज्यादा मशक्कत नहीं करना पड़ी। 5 घंटे चली कार्रवाई के दौरान 40 से ज्यादा बाधक निर्माण हटाए गए। इस चौड़ीकरण में किसी मकान का तीन फीट हिस्सा बाधक था तो किसी का 20 फीट। तीन मकान ऐसे भी थे जो पूरी तरह से चौड़ीकरण की जद में आ रहे थे। इन्हें भी हटा दिया गया। कार्रवाई के दौरान कई बार विवाद की स्थिति भी बनी। हालांकि बड़ा विवाद नहीं हुआ। रहवासियों का कहना था कि सड़क की सेंट्रल मार्किंग में गड़बड़ी की गई है। एक तरफ के मकानों को बचाने के लिए कम निशान लगाए हैं जबकि दूसरी तरफ के मकानों को ज्यादा तोड़ा गया। मंगलवार की कार्रवाई में निगम को सबसे ज्यादा मशक्कत 70 साल पुराने सेठी अस्पताल भवन को तोड़ने में करना पड़ी। रहवासियों का यह आरोप भी है कि बाधक मकानों पर जहां निशान लगाया था उससे ज्यादा तोड़फोड़ की गई।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का पांच दिवसीय एमपी दौरा आज से

## कड़ी सुरक्षा रहेगी, इंदौर-इच्छापुर मार्ग पर यातायात डायवर्ट, एयरपोर्ट क्षेत्र नो-फ्लाइंग जोन घोषित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 18 से 22 जून तक मध्य प्रदेश के पांच दिवसीय आधिकारिक दौरे पर रहेंगी। दौरे की शुरूआत इंदौर से होगी, जहां से वे सीधे ओंकारेश्वर पहुंचकर ज्योतिर्लिंग भगवान ओंकारेश्वर के दर्शन करेंगी। 19 जून को वे अंतरराष्ट्रीय सिकल सेल दिवस के अवसर पर आयोजित विशेष जागरूकता कार्यक्रम में शामिल होंगी। इसके बाद राष्ट्रपति ग्वालियर और श्योपुर के विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगी।

राष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए प्रशासन और पुलिस ने व्यापक सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्थाएं की हैं। इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा ने बताया कि वीवीआईपी मूवमेंट के दौरान एयरपोर्ट और आसपास के क्षेत्र को नो-फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है। 19 जून तक यातायात डायवर्जन लागू रहेगा।



**कुछ मार्ग नो व्हीकल जोन रहेंगे-** राष्ट्रपति के काफिले के गुजरने के दौरान सुरक्षा कारणों से कुछ मार्गों को अस्थायी रूप से नो व्हीकल जोन बनाया जाएगा। राष्ट्रपति के गंतव्य तक पहुंचने के बाद यातायात सामान्य कर दिया जाएगा।

**प्रशासन की अपील-** पुलिस और जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं एवं आम लोगों से ट्रैफिक डायवर्जन और पार्किंग व्यवस्था का पालन करने तथा यात्रा के लिए अतिरिक्त समय लेकर निकलने की अपील की है।

### श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था

- 18 और 19 जून को ओंकारेश्वर आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों को निर्धारित पार्किंग में खड़ा कराया जाएगा।
- इंदौर की ओर से आने वाले छोटे और मध्यम वाहन बड़वाह, मोरटक्का, सनावद और इनपुन होते हुए ट्रेंचिंग ग्राउंड और ताम्रकर पार्किंग तक जाएंगे।
- खंडवा और मूंदी की ओर से आने वाले वाहन भी सनावद और इनपुन के रास्ते इन्हीं पार्किंग स्थलों तक पहुंचेंगे।
- पार्किंग से श्रद्धालुओं को पैदल दर्शन और स्नान के लिए जाना होगा।

### बसों के लिए व्यवस्था

- इंदौर और खंडवा से आने वाली श्रद्धालुओं की बसें मोरटक्का में पार्क की जाएंगी।
- वहां से प्रशासन द्वारा लोक परिवहन के जरिए श्रद्धालुओं को ओंकारेश्वर पहुंचाया जाएगा।
- नियमित रूट की बसों को सनावद और इनपुन होते हुए पी-01 पार्किंग तक भेजा जाएगा। इसके आगे पैदल जाना होगा।
- कुछ समय के लिए रास्ते बंद रह सकते हैं।

### भारी वाहनों का रूट बदला गया

- इंदौर-इच्छापुर मार्ग पर चलने वाले भारी मालवाहक वाहनों को डायवर्ट किया जाएगा।
- इंदौर से खंडवा जाने वाले भारी वाहन तेजाजी नगर, महू, मानपुर, धामनोद, खरगोन, भीकनगांव और देशगांव होते हुए खंडवा जाएंगे।
- सिमरोल से आने वाले वाहन मंडलेश्वर, कसरावद, खरगोन, भीकनगांव और देशगांव होकर खंडवा पहुंचेंगे।
- बड़वाह से आने वाले वाहन मंडलेश्वर, कसरावद, खरगोन और भीकनगांव के रास्ते खंडवा जाएंगे।
- खंडवा से इंदौर जाने वाले भारी वाहन भीकनगांव, खरगोन और कसरावद होकर जाएंगे।
- मंडलेश्वर से आने वाले वाहन कसरावद और खलघाट के रास्ते इंदौर पहुंच सकेंगे।

ट्रस्टी ने पुलिस से कहा था- साहब... ये मुझे मार डालेगा


# एक महीने बाद चौकीदार ने पीट-पीटकर मार डाला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र स्थित 150 साल पुराने बारामत्था बगीची शिव-हनुमान मंदिर के 70 वर्षीय ट्रस्टी कैलाश चंद्र मोदी की डंडों से पीट-पीटकर हत्या के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है।

कैलाश मोदी ने हत्या से करीब एक महीने पहले पुलिस और प्रशासन को लिखित शिकायत देकर जान का खतरा बताया था। उन्होंने चौकीदार मुकेश शर्मा पर मंदिर परिसर में गुंडागर्दी, अवैध कब्जे की कोशिश और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे, लेकिन समय रहते ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

मंगलवार सुबह मंदिर परिसर में कैलाश मोदी की बेरहमी से हत्या कर दी गई। हत्या का आरोप मंदिर के चौकीदार मुकेश शर्मा पर है। उसके खिलाफ अन्नपूर्णा थाने में मारपीट, धमकी, अवैध हथियार और वसूली सहित पांच आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं।



**कमिश्नर-कलेक्टर, एसीपी और थाना प्रभारी को दिया था आवेदन-** परिजन के मुताबिक कैलाश मोदी आरोपी की हरकतों से परेशान थे। उन्होंने 13 मई को पुलिस कमिश्नर, कलेक्टर, एसीपी और थाना प्रभारी को शिकायत देकर कहा था कि आरोपी उन्हें कभी भी जान से मार सकता है। शिकायत में कहा गया था कि आरोपी मंदिर परिसर में दबाव बनाकर कब्जा करना चाहता था और विरोध करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी देता था। परिजन ने आरोप लगाया कि यदि पुलिस पुराने मामलों को देखते हुए आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करती तो कैलाश मोदी की जान बच सकती थी। हत्या के बाद पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और पूर्व शिकायतों को भी जांच का हिस्सा बनाया है।

### दिसंबर 2025 में पहली बार हुआ था हमला

परिजन के मुताबिक मुकेश शर्मा लंबे समय से मंदिर परिसर पर कब्जा जमाने की कोशिश कर रहा था। उस पर श्रद्धालुओं से अभद्रता, शराबखोरी, जुआ खिलाने और अश्लील हरकतें करने के आरोप थे। 8 दिसंबर 2025 को सुबह करीब 10:30 बजे मंदिर में मरम्मत का काम चल रहा था। मुकेश वहां पहुंचा और काम रुकवाने लगा। विरोध करने पर उसने कैलाश मोदी से गाली-गलौज की और प्लास्टिक की भारी रॉड से उनके कंधे और कमर पर कई वार किए।

**आरोपी मुकेश पर पहले से दर्ज थे 5 मामले-** पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक आरोपी मुकेश शर्मा पिता बाबूलाल शर्मा आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ अन्नपूर्णा थाने में मारपीट, धमकी, अवैध हथियार रखने और अवैध वसूली सहित पांच गंभीर प्रकरण दर्ज हैं।

# प्रेमी ने शादी का दबाव बनाया युवती ने थाने में की शिकायत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में महिलाओं और युवतियों से छेड़छाड़ के तीन अलग-अलग मामले सामने आए हैं। द्वारकापुरी, खजराना और एक अन्य क्षेत्र में पीड़िताओं की शिकायत पर पुलिस ने संबंधित आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

द्वारकापुरी क्षेत्र में रहने वाली 20 साल की एक युवती ने अपने प्रेमी लक्की पंसोरिया के खिलाफ छेड़छाड़ और मानसिक प्रताड़ना की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार युवती और आरोपी के बीच करीब एक साल से परिचय था। युवती ने शिकायत में बताया कि दोनों एक ही कार्यस्थल पर काम करते थे, जहां आरोपी ड्राइवर का काम करता था। पीड़िता का आरोप है कि शराब की लत के कारण उसने आरोपी से बातचीत बंद कर दी थी। इसके बाद आरोपी उस पर शादी के लिए दबाव बनाने लगा। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि आरोपी ने फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने तथा आत्महत्या कर उसे कानूनी मामले में फंसाने की धमकी दी। युवती ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी उसके आने-जाने के दौरान पीछा करता था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

खजराना क्षेत्र में रहने वाली एक विवाहिता ने अपने भतीजे राहुल के खिलाफ छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया कि आरोपी उस पर गलत नजर रखता था। शिकायत के अनुसार कुछ दिन पहले आरोपी ने बाथरूम में झांकने का प्रयास किया था, जिस पर उसे फटकार लगाई गई थी।

## आवास योजना में मकान दिलाने का झांसा देकर ठगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

आजाद नगर थाना क्षेत्र में आवास योजना के तहत मकान दिलाने का झांसा देकर 5 लाख 60 हजार रुपए हड़पने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने खुद को वकील बताने वाले आरोपी के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार रामनगर मुसाखेड़ी निवासी कपिल उईके ने नीलगिरी परिसर दूधिया निवासी दीपक शर्मा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। कपिल ने बताया कि कुछ दिन पहले दीपक ने कपिल की मां अवंतीबाई के नाम से आवास योजना का फार्म भरवाने का प्रस्ताव दिया। इसके बाद वह उन्हें जिला कोर्ट स्थित कैंटीन में ले गया, जहां एक महिला के माध्यम से फार्म भरवाया गया। आरोपी ने अवंतीबाई के मोबाइल में 311 ऐप डाउनलोड कर यह भरोसा दिलाया कि मकान से जुड़ी सभी जानकारी इसी पर मिलेगी। आरोप है कि कुछ दिनों बाद दीपक ने आवास योजना का मकान किसी अन्य व्यक्ति को बेचने की बात कही और 10 जून को कलेक्टर कार्यालय बुलाकर सौदा तय कराया। इस दौरान कथित खरीदार पक्ष ने 5 लाख 60 हजार रुपए नकद दिए, जबकि शेष राशि अवंतीबाई के खाते में जमा कराने की बात कही गई।

# इंदौर-यूएई के लिए 17 जुलाई से नई उड़ान

## शारजाह फ्लाइट बंद होने के बाद एयर इंडिया एक्सप्रेस ने अबुधाबी रूट शुरू किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर से यूएई जाने वाले यात्रियों के लिए राहतभरी खबर है। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने इंदौर से अबुधाबी के बीच नई सीधी उड़ान शुरू करने की घोषणा की है। कंपनी ने इस फ्लाइट की बुकिंग भी शुरू कर दी है। यह सेवा 17 जुलाई से शुरू होगी। वहीं एक दिन पहले ही एयर इंडिया एक्सप्रेस ने इंदौर-शारजाह फ्लाइट को अपने सिस्टम से हटाकर उसकी बुकिंग बंद कर दी थी।

दरअसल, अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच तनाव और युद्ध की स्थिति के चलते एयर इंडिया एक्सप्रेस ने 28 फरवरी से इंदौर-शारजाह उड़ान बंद कर दी थी। इसके बाद कई बार इसे दोबारा शुरू करने की घोषणा की गई, लेकिन हर बार तारीख आगे बढ़ा दी गई। आखिरी बार कंपनी ने 1 जुलाई से उड़ान शुरू करने की बात कही थी, लेकिन सोमवार को इसे सिस्टम से ही हटा दिया गया।

इस फैसले के बाद इंदौर से संचालित होने वाली प्रदेश की एकमात्र अंतरराष्ट्रीय उड़ान बंद होने का खतरा खड़ा हो गया था। इसी बीच एयरलाइंस ने अबुधाबी के लिए नई सीधी उड़ान की घोषणा कर यात्रियों को राहत दी है। ट्रेवल एजेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष अमोल कटारिया ने बताया कि शारजाह फ्लाइट बंद होने से यात्रियों और ट्रेवल एजेंट्स में निराशा थी, लेकिन अब अबुधाबी की सीधी उड़ान शुरू होने से बड़ी राहत मिलेगी। नई फ्लाइट का संचालन सप्ताह में चार दिन किया जाएगा। यह सेवा रविवार, सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को उपलब्ध रहेगी। कंपनी ने शुरूआती एकतरफा किराया 16 से 17 हजार रुपए के बीच रखा है। इस सीधी उड़ान के शुरू होने से इंदौर से यूएई आने-जाने वाले यात्रियों को समय और खर्च दोनों में राहत मिलेगी। खासकर व्यवसायिक और पारिवारिक यात्रियों के लिए यह सुविधा काफी अहम मानी जा रही है।

उज्जैन में पहली बार मालवा का
नया स्वाद
नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल साईं दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

झारडा
मकान बेचना है
Size 12.5x30
मैन रोड नाग मंदिर चौक, शांतिलाल दसेड़ा के पास, झारडा
नागदा
मकान बेचना है
Size 20x40
श्रीराम कॉलोनी सरस्वती स्कूल के पास, नागदा
संपर्क : गोपाल सोनी- मो. 9806179344

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियां व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com